www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 3 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -119 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





केंद्र ने संवैधानिक जिम्मेदारी का इंजन कर दिया है... 02

■ उद्योग सहायक समिति की बैठक में उद्यमियों की 30...
■ नगर निगम का सरकारी संस्थाओं पर शिकंजा,... 04

■ डोनाल्ड ट्रम्प पर चुनाव पलटने का प्रयास करने का आरोप
■ रूसी ड्रोन हमले में यूक्रेन का अनाज भंडारघर नष्ट 07

'ओटीटी गैंग' में शामिल होना आकर्षक है: नरगिस फाखरी 10

# मणिपुर मुद्दे पर राष्ट्रपति से मिले विपक्षी दलों के नेता

## मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में राष्ट्रपति को मणिपुर को लेकर सौंपा ज्ञापन

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। नवगठित 'इंडिया' सांसदों के दो दिवसीय मणिपुर दौरे से लौटने के बाद बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में विपक्ष के 31 सांसदों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें राज्य के हालात की जानकारी दी और एक ज्ञापन भी सौंपा।

■ राष्ट्रपति मुर्मू से दखल देने की अपील की
■ प्रतिनिधिमंडल में 31 दलों के नेता थे शामिल



मणिपुर की घटना पर सरकार संसद में चर्चा कराने से बच रही है। विपक्ष को संसद में सम्मान नहीं दिया जा रहा है। कई बार माइक बंद कर दिया गया, जो बताता है कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से काम नहीं करना चाहती है : **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

सभी नेताओं ने एक स्वर में मणिपुर मामले में राष्ट्रपति से दखल देने की अपील की। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए खड़गे ने कहाकि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के 31 सांसदो ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान मणिपुर का दौरा करने वाले 21 सांसदो ने राष्ट्रपति को बताया कि राज्य में किस तरह की घटनाएं हो रही हैं और कैसे हालात हैं। उन्होंने कहा कि सांसदों ने राष्ट्रपति को विशेष रूप से मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार, पुनर्वास कार्य और अन्य स्थितियों के बारे में जानकारी दी। सांसदो ने राष्ट्रपति को जानकारी दी कि हिंसा प्रभावित इलाकों में लोगों के पास खाना और पानी का अभाव है। बीमार लोगों के लिए इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। खड़गे ने कहाकि राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि वे इसे जरूर देखेंगी। इसके अलावा ज्ञापन के माध्यम से 'इंडिया' के सांसदो ने मांग किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सूबे का दौरा करें और वहां शांति बहाली के लिए जरूरी कदम उठाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मणिपुर की घटना पर सरकार संसद में चर्चा कराने से बच रही है। विपक्ष को संसद में सम्मान नहीं दिया जा रहा है। कई बार खुद उनका माइक बंद कर दिया गया। जो बताता है कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से काम नहीं करना चाहती है।

### विपक्ष ने मणिपुर मामले पर किया बॉयकॉट

राज्यसभा ने बुधवार को एक विधेयक पारित किया जो देश की सीमाओं के 100 किलोमीटर के भीतर की भूमि को संरक्षण कानूनों के दायरे से बाहर रखता है और वन क्षेत्रों में चिड़ियाघर, सफारी और पर्यावरण-पर्यटन सुविधाओं की स्थापना की अनुमति देता है। संसद के उच्च सदन ने संक्षिप्त बहस के बाद वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 पारित कर दिया, हालांकि विपक्ष ने मणिपुर में जातीय हिंसा पर वॉकआउट किया। लोकसभा ने 26 जुलाई को इस विधेयक को पारित कर दिया था।

### लगातार हंगामे से लोकसभा अध्यक्ष नाराज

संसद के मानसून सत्र के 10वें दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अपनी कुर्सी पर नहीं बैठे। वे लोकसभा में विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे से नाराज थे, इसलिए उन्होंने सदन आने से इनकार कर दिया।

# कला निर्देशक नितिन देसाई ने लगाई फांसी

**मुंबई,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। जाने-माने कला निर्देशक नितिन देसाई ने बुधवार सुबह खुदकुशी कर ली। उन्होंने मुंबई के नजदीक कर्जत में अपने एनडी स्टूडियो में सुबह करीब 3.30 बजे फांसी लगाई। उनकी उम्र 58 साल थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार देसाई मंगलवार रात 10 बजे अपने कमरे में चले गए थे। आज सुबह काफी देर तक जब वो बाहर नहीं आए तो उनके बॉडी गार्ड और दूसरे लोगों ने दरवाजा खटखटाया। खिड़की से देखा गया तो देसाई का शव पंखे से लटका हुआ था। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। आत्महत्या की 2 वजहें सामने आ रही हैं। एक आर्थिक तंगी, दूसरी स्वास्थ्य संबंधी समस्या। हालांकि अब तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। उनके परिवार में दो बेटी और एक बेटा है। दोनों बेटी अमेरिका में रहती हैं। बेटा पढ़ाई कर रहा है। नितिन ने हम दिल दे चुके सनम, लगान, देवदास, जोधा अकबर और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्मों के सेट डिजाइन किए थे। उन्हें चार बार बेस्ट आर्ट डायरेक्शन का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला।



■ देसाई को मिले थे 4 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
■ आर्थिक तंगी से जूझने की आ रही हैं खबरें

### 'तमस' से शुरू किया था कॅरियर

नितिन ने 1987 में टीवी शो 'तमस' से अपना करियर शुरू किया था। वह 13 दिन और 13 रात उसी सेट पर रहे। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, उस वक्त अगर 15 मिनट नहाने भी जाते तो लगता था कि वह अपना 15 मिनट बर्बाद कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### भोपाल में 'उत्कर्ष' व 'उन्मेष' उत्सव का उद्घाटन आज




**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में 'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव का शुभारंभ करेंगी। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीनस्थ संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी द्वारा संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से भोपाल में पहली बार तीन से पांच अगस्त तक भारत की लोक एवं जनजाति अभिव्यक्तियों के राष्ट्रीय उत्सव 'उत्कर्ष' एवं 'उन्मेष' का आयोजन हो रहा है।

### चुनावी गड़बड़ी को लेकर देवेगौड़ा के बेटे को समन



**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को एच.डी. रेवन्ना को एक समन जारी किया। रेवन्ना, जद(एस) विधायक और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पुत्र हैं। राज्य में हाल ही के विधानसभा चुनावों में गड़बड़ी को लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली एक याचिका के संबंध में समन जारी किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही पर पूरे विश्व की नजर : महबूबा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि अनुच्छेद 370 पर उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही पर देश की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की नजर है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय आखिरी उम्मीद है जो संविधान की सर्वोच्चता को कायम रख सकता है। उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई शुरू की।

### जम्मू-कश्मीर के बारामूला में दो आतंकवादी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। उनकी पहचान बंगला बाग बारामूला निवासी फैसल मजीद गनी और बाग-ए-इस्लाम ओल्ड टाउन बारामूला निवासी नूरुल कामरान गनी के रूप में हुई है।

### केंद्र के खिलाफ 6 को प्रदर्शन करेगी टीएमसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के खिलाफ 6 अगस्त को तृणमूल कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि केंद्र बंगाल को फंड नहीं दे रहा है।

# नूंह की आंच फरीदाबाद तक पहुंची



**फरीदाबाद,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के नूंह में जलाभिषेक यात्रा के दौरान भड़की हिंसा की आग बुधवार को फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में भी पहुंच गई है। रघुवीर कॉलोनी और गांव मंझावली में बने धार्मिक स्थल पर करीब 70 असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। पथराव कर एक जगह धार्मिक स्थल के दरवाजे व शीशे तोड़ दिए। दूसरी जगह अंदर रखी धार्मिक किताबें व स्पीकर को चुरा ले गए। इससे गांवों में डर और तनाव का माहौल है। घटना की सूचना के बाद दोनों जगह पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है।

**उपद्रवियों ने धार्मिक स्थल में की तोड़फोड़**

### हिंसा में अब तक छह लोगों की गई जान

**मुख्यमंत्री ने कहा स्थिति अब सामान्य**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि राज्य में सांप्रदायिक हिंसा में दो होम गार्ड समेत छह लोग मारे गए और इन मामलों में 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि नूंह में झड़प के बाद अन्य स्थानों पर हुई हिंसा की घटनाओं पर काबू पा लिया गया है और स्थिति अब सामान्य है।

### नफरती भाषणों पर तत्काल कार्रवाई करें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा में भड़की हिंसा के मद्देनजर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से आयोजित रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने उस आदेश का पालन सुनिश्चित करने का उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सरकारों को बुधवार को निर्देश दिया, जिसमें समाज में नफरत फैलाने वाले भाषण तथा बयानों के अलावा सांप्रदायिक हिंसा रोकने के लिए स्वत- संज्ञान कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी भट्टी की पीठ ने केरल के मल्टी मीडिया पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह द्वारा किए गए तत्काल उल्लेख पर विशेष सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब, कहा

# कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ

**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। मोदी सरनेम मानहानि केस में राहुल गांधी ने बुधवार यानी 2 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि माफी मांगने से मना करने पर मुझे अहंकारी कहा गया। ये निंदनीय है।

**मानहानि मामला**

राहुल ने आगे कहा कि मानहानि केस में उन्हें अधिकतम सजा दी गई है। इसके चलते संसद सदस्यता चली गई। पूर्णेश मोदी खुद मूल रूप से मोदी समाज के नहीं हैं। ऐसे में उन्हें सजा नहीं मिलनी चाहिए। दरअसल, 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार और सूरत के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी को मामले में जवाब देने के लिए कहा था। इस पर पूर्णेश मोदी ने कोर्ट में 21 पेज का हलफनामा दायर करते हुए कहा कि मोदी सरनेम केस में राहुल का रवैया अहंकारी है। उनकी याचिका खारिज कर देनी चाहिए। राहुल गांधी ने 2019 में मोदी सरनेम को लेकर एक बयान दिया था। इसके खिलाफ भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में सूरत कोर्ट ने राहुल को 2 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी सांसदी चली गई थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीआर गवई और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने 21 जुलाई को मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई की।

सुनवाई शुरू करने से पहले जस्टिस गवई ने कहा कि उनके पिता कांग्रेस से जुड़े हुए थे और भाई भी कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। ऐसे में उनके सुनवाई करने से किसी पक्ष को कोई आपत्ति तो नहीं है। इस पर दोनों पक्षों ने कहा कि उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है।

**अहंकारी कहना सही नहीं है, मुझे अधिकतम सजा दी गई है**

■ 4 अगस्त को होगी अगली सुनवाई
■ पूर्णेश ने दायर किया है हलफनामा



### हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत

सजा के खिलाफ राहुल सूरत सेशन कोर्ट और गुजरात हाईकोर्ट भी गए थे, लेकिन वहां से उन्हें राहत नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने 15 जुलाई को सजा पर रोक लगवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। वहीं, पूर्णेश मोदी ने भी कोर्ट से अपील की थी कि उन्हें सुने बिना फैसला नहीं दिया जाए। इस मामले में अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी।

# बिहार में फिर से जातीय गणना का काम शुरू



■ 10 से 12 दिनों में अधिकांश क्षेत्रों में कार्य पूरा करने का भरोसा

**पटना,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में पटना उच्च न्यायालय के जाति आधारित गणना को रोकने वाली तमाम याचिकाओं को मंगलवार को खारिज किए जाने के बाद बुधवार से राज्य में एक बार फिर से जातीय गणना का कार्य प्रारंभ हो गया है।

इसे लेकर सियासत भी खूब हो रही है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि 10 से 12 दिनों में अधिकांश क्षेत्रों में कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस बीच कई राज्यों में जातीय गणना की मांग उठने के बाद यह कहा जाने लगा है कि बिहार की यह जातीय गणना अन्य कई राज्यों के लिए नजीर बनेगी। जदयू के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार कहते भी हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के कई कार्यों को केंद्र सरकार और अन्य राज्य सरकारों ने अपनाया है। इसमें कोई शक नहीं कि बिहार में हो रही जातीय गणना भी अन्य प्रदेशों के लिए नजीर बनेगी।

पटना सहित राज्य के कई जिलों में बुधवार से जाति आधारित सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। सभी जिलाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द जाति आधारित सर्वे का काम पूरा कराएं। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि फिर से जाति आधारित गणना का काम शुरू हो गया है।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पटना जिला में 13.69 लाख परिवार हैं। इनमें से 9 लाख 35 हजार परिवारों की गिनती का काम करीब पूरा कर लिया गया है। 4 लाख 34 हजार परिवारों की गिनती का काम बाकी रह गया है। उन्होंने संभावना जताते हुए कहा कि सात दिनों के अंदर इस कार्य के पूरा किए जाने की उम्मीद है। इस बीच शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को भी गणना कार्य में लगाने को लेकर सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है।

टमाटर और भी हुआ लाल

# आपूर्ति में कमी के कारण भाव फिर उछले

**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में टमाटर की कीमतों में एक बार फिर उछाल दिख रहा है। खुदरा स्टोर्स पर 259 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से इसकी बिक्री हो रही है। प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने के कारण टमाटर की कीमतों पर एक महीने से अधिक समय से दबाव बना हुआ है। केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद 14 जुलाई से रियायती दर पर टमाटर की बिक्री शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी में इसकी खुदरा कीमतों में नरमी आई थी, लेकिन कम आपूर्ति के कारण भाव फिर चढ़ गए हैं।



■ खुदरा स्टोर्स पर 259 रुपए प्रति किलो दाम

### मंडी में भी 200 के पार

एशिया की सबसे बड़ी थोक फल और सब्जियों की मंडी आजादपुर मंडी में टमाटर का थोक भाव बुधवार को गुणवत्ता के आधार पर 170-220 रुपए प्रति किलो रहा। पिछले दिनों में टमाटर की आवक कम हो गई है क्योंकि भारी बारिश फसल को नुकसान पहुंचा है।

'जी-20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन' में बोले मोदी

# महिलाएं समृद्ध, तो दुनिया समृद्ध होती है



**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए वित्त और विश्व बाजारों तथा आपूर्ति श्रृंखला तक पहुंच बनाने के आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि जब जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है। श्री मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में 'महिला सशक्तिकरण पर जी-20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन' को संबोधित करते हुए एक स्तरीय मंच बनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जहां उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाएं आदर्श बन जाएं। उन्होंने कहा कि उन बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए जो बाजारों, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं और किफायती वित्त तक उनकी पहुंच को रोकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के देखभाल और घरेलू काम के बोझ को एक ही समय में उचित रूप से समझा जाना चाहिए।

दुखद | नेशनल पार्क में अब तक 9 चीतों की मौत

# कूनो में एक और चीते ने तोड़ा दम

**भोपाल, 2 अगस्त (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता धात्री टिबलिसी की मौत हो गई है। मौत की वजह पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। 26 मार्च से अब तक 9 चीतों की मौत हो चुकी है। इनमें तीन शावक भी शामिल हैं, जिनका जन्म कूनो में हुआ था। इसके पहले कूनो प्रबंधन ने प्रेस नोट जारी कर कहा, 'कूनो नेशनल पार्क में बाड़े में रखे गए 14 चीते (7 नर, 6 मादा और 1 शावक) स्वस्थ हैं।**

कूनो और नामीबिया के जंगली जीवन के विशेषज्ञ लगातार उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। इनके अलावा खुले जंगल में घूम रहीं दो मादा चीता पर निगरानी रखी जा रही है और उनको बाड़े में लाने के प्रयास जारी हैं। इन दोनों में से एक मादा चीता टिबलिसी आज सुबह मृत पाई गई। टिबलिसी कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में घूम रही थी। उसे हेल्थ चेकअप के लिए लाया जाना था, पिछले 10 दिनों से वन विभाग की टीम उसे तलाश रही थी।

■ इस बार मादा चीता टिबलिसी की गई जान



### कमलनाथ का शिवराज सरकार पर निशाना

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कूनो में हो रहीं चीतों की मौत को लेकर शिवराज सरकार पर निशाना साधा है। कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा, 'कूनो में लगातार हो रही चीतों की मौत के बाद भी सरकार इस बात पर अड़ी है कि वह चीतों की शिफ्टिंग नहीं करेगी। बेगुनाह वन्य प्राणियों को राजहठ की भेंट चढ़ाना निंदनीय है।'

### कोर्ट भी जता चुका चिंता

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट कूनो में चीतों की मौत पर चिंता जता चुका है। कोर्ट ने 20 जुलाई को केंद्र सरकार से कहा था, 'राजनीति से ऊपर उठकर कूनो से कुछ चीतों को राजस्थान शिफ्ट करने पर विचार करना चाहिए। क्यों नहीं आप राजस्थान में कोई अच्छी जगह ढूंढते? सिर्फ इसलिए कि राजस्थान में विपक्षी दल की सरकार है।

# देश

**उवाच** "मणिपुर में स्थिति बहुत परेशान करने वाली है। तत्काल सामान्य स्थिति और शांति बहाल करने के लिए कदम उठाए जाने की जरूरत है। मणिपुर में तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाया जाए व निगरानी के लिए एसआईटी गठित हो।"

-स्वाति मालीवाल, डीसीडब्ल्यू प्रमुख



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 35.0 | 27.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 36.0 | 29.0 |

# केंद्र ने संवैधानिक जिम्मेदारी का इंजन कर दिया है बंद : कांग्रेस

## मणिपुर की स्थिति को लेकर मोदी सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी.चिदंबरम ने बुधवार को मणिपुर की स्थिति को लेकर मोदी सरकार से सवाल किया और आरोप लगाया, केंद्र ने संवैधानिक जिम्मेदारी के इंजन को बंद कर दिया है और चाबी फेंक दी है। केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए चिदंबरम ने कहा कि मणिपुर सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के अभियोग को दिल्ली में पीएमओ और इम्फाल में सीएमओ तक पहुंचने में कितना समय लगेगा? अगर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह में संवैधानिक नैतिकता की थोड़ी भी समझ है तो उन्हें तुरंत पद छोड़ देना चाहिए।

केवल राजधर्म का पालन करने वाले ही राजधर्म का प्रचार कर सकते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार पुलिस जीप के ड्राइवर की तरह है जिसने छेड़छाड़ की शिकार महिलाओं से कहा कोई चाबी नहीं है। केंद्र सरकार ने संवैधानिक जिम्मेदारी (अनुच्छेद 355 और 356) के इंजन को बंद कर दिया है और चाबी फेंक दी है।

उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा मंगलवार को केंद्र और मणिपुर सरकार को कड़ी फटकार लगाने के बाद आई है। मणिपुर में तीन मई को भड़के जातीय संघर्ष में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है



केवल राजधर्म का पालन करने वाले ही राजधर्म का प्रचार कर सकते हैं : पी.चिदंबरम

जबकि हजारों लोग अपना घरबार छोड़ कर राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर हुए हैं। अदालत ने कहा कि राज्य पुलिस जांच करने में असमर्थ है और पूर्वोत्तर राज्य में कोई कानून-व्यवस्था नहीं बची है। मणिपुर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने और पीड़ितों के बयान दर्ज करने में देरी पर सवाल उठाते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की, जांच बहुत सुस्त है।

सुप्रीम कोर्ट ने उन पुलिस अधिकारियों से पूछताछ न करने पर भी सवाल उठाए, जिन्होंने कथित तौर पर वायरल वीडियो में पीड़ितों को सीआरपीसी की धारा 161 (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के तहत दर्ज किए गए उनके बयानों के अनुसार भीड़ को सौंप दिया था।

### मणिपुर में की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

चिदंबरम ने कहा कि केंद्र सरकार ने संवैधानिक जिम्मेदारी (अनुच्छेद 355 और 356) का इंजन बंद करके चाबी फेंक दी है। बता दें कि अनुच्छेद 355 के तहत बाहरी आक्रमण और आंतरिक गड़बड़ी की स्थिति में राज्य की सुरक्षा के लिए कदम उठा सकती है। वहीं अनुच्छेद 356 के तहत राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। विपक्ष मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहा है। मणिपुर में बीती 3 मई से जातीय हिंसा जारी है, जिसमें अभी तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

इसमें पूछा गया, अगर कानून-व्यवस्था मशीनरी उनकी रक्षा नहीं कर सकती तो लोगों का क्या होगा। शायद यह सही है कि पुलिस मोहल्ले में प्रवेश न कर पाने के कारण गिरफ्तार नहीं कर सकी।

राज्य की कानून-व्यवस्था मशीनरी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई थी। शीर्ष अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख पर 7 अगस्त को मणिपुर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को तलब किया।

# हरियाणा में भी मणिपुर की तरह कानून-व्यवस्था ध्वस्त : मायावती

**हिंसा को लेकर सरकार के खुफिया तंत्र पर उठाए सवाल**

**लखनऊ,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। हरियाणा में फैली हिंसा को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी मणिपुर की तरह कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। मायावती ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। यह भी निश्चित है कि वहां का खुफिया विभाग पूरी तरह से इन बातों को पकड़ पाने में नाकाम रहा है।

सांप्रदायिक दंगा भड़कना और लोगों की जानहानि होने से यह तय हो गया है। इसे जल्द से जल्द रोका जाना चाहिए। हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए मायावती ने कहा कि यदि राज्य सरकार यात्रा, जुलूस व प्रदर्शन को सुरक्षा नहीं दे सकती है, तो फिर इसके आयोजन की अनुमति ही क्यों देती है। उन्होंने कहा कि दंगा का भड़कना और उसका गुरुग्राम सहित अन्य इलाकों में भी फैल जाना इस बात का संकेत है कि सरकार इसे नियंत्रण में नहीं रख पाई है। बसपा सुप्रीमो ने हरियाणा में हुई हिंसा को शर्मनाक बताया और कहा कि दंगा-हिंसा का राजनीतिक और



अगर सरकार जुलूस, प्रदर्शन को सुरक्षा नहीं दे सकती, तो अनुमति क्यों देती है : मायावती

संकीर्ण स्वार्थ की पूर्ति के लिए इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। लोगों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा करना सरकार का काम होता है। सरकार को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यूपी में हमारी चार बार सरकार रही तो हमने कानून-व्यवस्था सही करके दिखाया है।

हरियाणा की सरकार को प्रदेश में सांप्रदायिक सद्भाव और आपसी भाईचारे के लिए कोशिशें करनी चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार को भी आगे आना चाहिए ताकि हालात खराब न हो। लोगों की जानमाल के साथ धर्म की सुरक्षा करना राज्य सरकार की पहली संवैधानिक जिम्मेदारी बनती है। मैं लोगों से अपील करती हूं कि वो शांति-व्यवस्था बनाए रखें।

## संसद से

### राज्यसभा सदस्यों को मिलेगी वेद पुस्तिका

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से सदन के सदस्यों को एक एक वेद उपलब्ध कराने की अपील की जिस पर प्रधान ने यथा शीघ्र पहल करने का आश्वासन दिया। मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच हुए प्रश्नकाल में महर्षि संदीपनी वेद विद्यापीठ प्रतिष्ठान से जुड़े एक पूरक प्रश्न के उत्तर दिए जाने के बाद सभापति ने प्रधान से सदस्यों को वेद की एक एक प्रति उपलब्ध कराने की अपील की। इस पर प्रधान ने कहा कि वह इसके लिए तैयार है। इसी दौरान कुछ सदस्यों ने हिंदी में तो कुछ ने अंग्रेजी और कुछ ने तमिल में वेद की पुस्तिका उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिस पर केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अभी ऐसी ऐसी प्रौद्योगिकी है जो वेद को किसी भी भाषा में अनुवादित करने में सक्षम है।

### जैव विविधता विधेयक पर लगी संसद की मुहर

जैव विविधता संबंधी प्रावधानों के उल्लंघन का गैर अपराधीकरण करने वाला 'जैव विविधता संशोधन विधेयक 2023' को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इस विधेयक को 26 जुलाई को पारित कर चुकी है। यह विधेयक लोकसभा में 16 दिसंबर 2021 को पेश किया गया था और इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया था। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सदन में चली संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक से घरेलू कंपनियों को लाभ होगा और परंपरागत औषधियों के शोध और विकास में मदद मिलेगी। देश में घरेलू रहे कंपनियों के लिए संबंधित नियमों की पालना आसान की गई है।

### दिल्ली सेवा विधेयक का समर्थन करने वाले देश विरोधी : राघव चड्ढा

आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने संसद में पेश हुए दिल्ली सेवा विधेयक को लेकर कहा कि उन्होंने (बीजद, वाईएसआरसीपी) किसी वजह से ही दिल्ली सेवा विधेयक को समर्थन दिया होगा लेकिन जो इस विधेयक का समर्थन कर रहे हैं, उन्हें देश विरोधी के तौर पर याद रखा जाएगा। हम देश के संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं लोकसभा की कार्यवाही शुरु होते ही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई है। दरअसल विपक्षी सांसदों ने मणिपुर मुद्दे और दिल्ली सेवा विधेयक को लेकर हंगामा कर दिया, जिसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

### वन संरक्षण विधेयक पर लगी संसद की मुहर

देश में वृक्षारोपण को प्रोत्साहन, निश्चित भूमि को सरकारी सुविधाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए वन भूमि लेने की अनुमति देने वाले 'वन संरक्षण विधेयक 2023' को बुधवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया और इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गई। यह विधेयक लोकसभा से पारित हो चुका है। इस विधेयक को विस्तृत जांच के लिए स्थायी समिति में भेजा गया था। यह विधेयक विपक्षी दलों की अनुपस्थिति में पारित हुआ। भोजनावकाश के बाद कार्यवाही शुरु होते ही विपक्षी दलों सदस्यों ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा की मांग करते हुए सदन से बहिर्गमन किया था। वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सदन में विधेयक पर चली संक्षिप्त चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि इससे देश में वृक्षारोपण में वृद्धि होगी और पर्यावरण का संरक्षण हो सकेगा। वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि इससे वन क्षेत्र में बसे ग्रामीण इलाकों में सरकारी सुविधाएं पहुंचाई जा सकेंगी। इससे क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार होगा।

## सार संक्षेप

### नागपुर दौरे पर जाएंगे धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार चार अगस्त को नागपुर जाएंगे, जहां वे राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय (आरटीएमएनयू) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे तथा उस दिन वहां कुछ अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से बुधवार को एक विज्ञप्ति के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान धनखड़ कविवर सुरेश भट्ट सांस्कृतिक सभागार रेशमीबाग भी जाएंगे। उपराष्ट्रपति वहां राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में 'प्रनीति' कार्यक्रम के तहत भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को भी संबोधित करेंगे।

### कर्नाटक में दूषित पानी पीने से दो की मौत

**चित्रदुर्ग/कर्नाटक।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में दूषित पानी पीने से दो लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य बीमार पड़ गए। अस्वस्थ लोगों में पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान मंजुला व रघु के रूप में की गई, दोनों चित्रदुर्ग के बाहरी इलाके कवाडीगरहट्टी के निवासी थे। सूत्रों ने बताया कि मंजुला की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि रघु, जो पानी पीने के बाद बेंगलुरु चला गया था, में गंभीर लक्षण विकसित हुए और बाद में उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार को हुई व अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों से शहर नगर पालिका द्वारा आपूर्ति किए गए पानी का सेवन नहीं करने को कहा है।

### हैदराबाद में मासूम की बस से कुचलकर मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में बुधवार को एक भीषण दुर्घटना में अपने पिता के साथ स्कूल जा रही आठ वर्षीय बच्ची की बस से कुचलकर मौत हो गई। दिल्ली पब्लिक स्कूल की तीसरी कक्षा की छात्रा दिक्षिता अपने पिता के साथ स्कूटी से स्कूल जा रही थी। यह हादसा बाचुपल्ली में हुआ। दोपहिया वाहन सड़क पर एक गड्ढे से टकराने के बाद फिसल गया। पिता और बेटी दोनों सड़क पर गिर गये। बच्ची पीछे से आ रही प्राइवेट बस के पहिये के नीचे आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। हृदय विदारक दृश्य तब देखने को मिला जब मां छोटी बेटी के शव को लेकर सड़क के पास बैठी रही। पुलिस ने चालक को लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

### कोटबाग में बादल फटने से 59 सड़कें हुई बंद

**नैनीताल।** उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में मंगलवार रात से हो रही भारी बरसात का असर ग्रामीण क्षेत्रों पर पड़ा है। नैनीताल के कोटाबाग में जहां बादल फटने से चार दर्जन मकानों और गौशाला में मलबा घुसने की सूचना है वहीं भूस्खलन के चलते पहाड़ों में 59 सड़कें अवरुद्ध हैं।

# 'उत्कर्ष' व 'उन्मेष' उत्सव का उद्घाटन करेंगी मुर्मु



**भोपाल,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में 'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव का शुभारंभ करेंगी। संस्कृति और पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीनस्थ संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी द्वारा संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से भोपाल में पहली बार तीन से पांच अगस्त तक भारत की लोक एवं जनजाति अभिव्यक्तियों के राष्ट्रीय उत्सव 'उत्कर्ष' एवं 'उन्मेष' का आयोजन हो रहा है।

शुक्ला ने बताया कि उत्कर्ष उत्सव में देश के 36 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 800 कलाकार लोक एवं जनजातीय प्रदर्शन कलाओं की सतरंगी छटा बिखेरेंगे। संगीत नाटक अकादमी भारत सरकार की अध्यक्ष डॉ.संध्या पुरेचा ने बताया कि उत्कर्ष उत्सव में शाम 5 बजे से रवींद्र भवन के सभागार में भारत के लोक-नृत्य और जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति दी जाएगी। लेह एवं लद्दाख का जबरो नृत्य, नागालैंड का सुमी वार, सिक्किम का सिंघी छम, मध्य प्रदेश का राई एवं नरेनी, मेघालय का वांग्ला, महाराष्ट्र का लावणी, असम का बीहू, ओडिशा का सिंगारी, झारखंड का पाइका और आंध्र प्रदेश के टप्पेटा गुल्लू नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

# भ्रष्टाचार विरोधी सेल खोलने के बंगाल के राज्यपाल के फैसले से सरकार नाराज

**कोलकाता,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस के भ्रष्टाचार के मुद्दों पर लोगों से सीधे जानकारी हासिल करने के लिए राजभवन में एक विशेष सेल खोलने के फैसले को लेकर राजभवन और राज्य सचिवालय के बीच खींचतान बढ़ती दिख रही है।

प्रस्तावित भ्रष्टाचार विरोधी सेल राज्य में हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों के दौरान राजभवन परिसर के भीतर खोले गए शांति कक्ष से संचालित होगा, जिसके माध्यम से अधिकारियों को चुनाव संबंधी हिंसा और रक्तपात की घटनाओं के बारे में जनता से सीधी शिकायतें मिली थीं। राज्यपाल ने बुधवार को कहा कि भ्रष्टाचार विरोधी सेल की स्थापना मूल रूप से विश्वविद्यालय शिक्षा में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए की



गई है क्योंकि राज्यपाल राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं। लेकिन भ्रष्टाचार एक सर्वव्यापी मुद्दा है। जब भी किसी को भ्रष्टाचार के प्रयास का पता चलता है तो वे इसकी सूचना सेल को देने के लिए स्वतंत्र हैं। हम उन शिकायतों का विश्लेषण करेंगे, मामले को उचित अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे और मामले पर कार्रवाई भी करेंगे।

यह एक तरह की नैतिक पुलिसिंग होगी। कानूनी तौर पर संबंधित विभाग भी आवश्यक कार्रवाई करेगा।

#### यह शिक्षा प्रणाली पर पूर्ण नियंत्रण करने का एक स्पष्ट प्रयास : ब्रत्य बसु

राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के अनुसार यह शिक्षा प्रणाली पर पूर्ण नियंत्रण करने का एक स्पष्ट प्रयास है। उन्होंने कहा कि गवर्नर हाउस की ओर से इस तरह का हस्तक्षेप सभी गैर-भाजपा शासित राज्यों में हो रहा है। लेकिन पश्चिम बंगाल में उस हस्तक्षेप ने अभूतपूर्व रूप ले लिया है। उन्होंने राज्य शिक्षा विभाग पर चर्चा किए बिना इस सेल को खोलने का फैसला किया है, जिससे ऐसा लगता है कि वह पहले ही मानकर चल रहे हैं कि विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा है। हालांकि, राज्य भाजपा नेतृत्व ने कहा है कि राज्यपाल को अपने कार्यालय में रिकॉर्ड रखने का पूरा अधिकार है।

# कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : जदयू

**ग्रामीण विकास मंत्री ने जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

**पटना,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को जदयू मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने सभी जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि बिहार में अपराध को रोकने के लिए सरकार हर आवश्यक पहल कर रही है। जो भी लोग बिहार की कानून-व्यवस्था को चुनौती देंगे सरकार उनके साथ बेहद सख्ती से निपटेगी, हम न किसी को बचाते हैं और न किसी को फंसाते हैं। बिहार में कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जातीय गणना पर भाजपा के नेता आज खुशी



विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है मोदी सरकार : श्रवण कुमार

जाहिर कर रहे हैं मगर उन्हें यह भी बताना चाहिए कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां अभी तक जातीय गणना कराने को लेकर कोई पहल क्यों नहीं की गई? पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के परिवार पर हुए ईडी की कार्रवाई के संबंध में उन्होंने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यह सब कोई नई बात नहीं है। जिस तरह मोदी सरकार विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, निश्चित ही 2024 में भाजपा और उसके नेताओं को इसका खामियाजा भुगतना होगा।

### बिहार में कानून व्यवस्था बिल्कुल दुरुस्त : जयंत राज

लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का देश के गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब भाजपा शासित राज्यों में पुलिस कस्टडी के दौरान लोगों की हत्या हो जाती है तब देश के गृह मंत्री जी एक्शन क्यों नहीं लेते हैं? बिहार में कानून व्यवस्था बिल्कुल दुरुस्त है और बिहार में कानून का राज है, अपराधिक घटनाओं का अंजाम देने वाले को कोई बचा नहीं सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं किसानों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री ने विभाग को कई जरूरी निर्देश दिए हैं। किसानों की सुविधा के लिए निजी नलकूप लगाने का भी निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया है और इसके साथ ही राजकीय नलकूपों को भी सुदृढ़ किया जाएगा।

# अनुच्छेद 370 मामले में सुप्रीम कोर्ट से न्याय की उम्मीद : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट से न्याय की उम्मीद है। शीर्ष अदालत ने बुधवार से पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की है।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर के साथ जो कुछ भी हुआ वह गलत था। यह संविधान और कानून के खिलाफ था। हम इन्हें उच्चतम न्यायालय के समक्ष रखेंगे। हमें अपनी शिकायतें सामने रखने का अवसर मिला है। हम देश के अन्य नागरिकों की तरह न्याय की उम्मीद करते हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़



की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने बुधवार से इस मामले में रोजाना सुनवाई शुरू की है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल निरस्तीकरण को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलों का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह गुरुवार तक अपनी दलीलें जारी रखेंगे। पांच अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की अधिसूचना जारी की और इसने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया।

#### न्यायालय की कार्यवाही पर विश्व की नजर : महबूबा

जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि अनुच्छेद 370 पर उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही पर देश की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की नजर है।




उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय आखिरी उम्मीद है जो संविधान की सर्वोच्चता को कायम रख सकता है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि अनुच्छेद 370 पर उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही पर पूरी दुनिया की नजर है।

**निर्णय** | *बिहार में जातिगत गणना को वैध करार दिए जाने के बाद हरकत में आई नीतीश सरकार*

# जातिगत गणना को पूर करने को शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम रद्द

**पटना,2 अगस्त (देशबन्धु)। जातीय गणना को लेकर हाईकोर्ट के फैसले के बाद शिक्षा विभाग के सुधार अभियान पर ग्रहण लग गया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को लेकर शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहे थे मगर फिर से जातीय गणना शुरू कराने के निर्णय के बाद केके पाठक के अभियान की हवा निकल गई।**

सरकारी स्कूल के शिक्षक अब न तो बच्चों को पढ़ाएंगे और न ही उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। जातिगत गणना को लेकर सरकार के आदेश पर शिक्षा विभाग ने यह निर्णय लिया है। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक सज्जन आर. ने बिपार्ड के एडीजी से लेकर अध्यापक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय के



■ हाईकोर्ट के फैसले के बाद शिक्षा विभाग के सुधार अभियान की निकली हवा

प्राचार्य को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। निदेशक ने कहा है कि राज्य सरकार के आदेश के आलोक में एससीईआरटी समेत राज्य के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित सभी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है।

सभी प्रशिक्षुओं को अपने विद्यालय में योगदान करना है और जातिगत आधारित आधारित गणना 2022 के द्वितीय चरण के शेष कार्यों को कम समय में पूर्ण करना है। बिहार में शैक्षणिक व्यवस्था को सुधारने की दिशा में कई सख्त फरमान जारी करने वाले शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने अब शिक्षकों को जातीय गणना के लिए प्रतिनियुक्त करने की अनुमति दे दी है। दरअसल, पटना हाई कोर्ट ने मंगलवार को ही अपने आदेश में बिहार में सरकार को जातीय गणना कराने की अनुमति दी थी। उसके बाद से बड़ा सवाल उठ रहा था कि क्या केके पाठक इस बार शिक्षकों को प्रतिनियुक्त करेंगे। शिक्षा विभाग सँभालने के बाद से पाठक ने कई ऐसे निर्णय लिए हैं जिससे शिक्षा विभाग में चली आ रही वर्षों पुरानी परम्परा पर ब्रेक लग गया। ऐसे में तमाम अटकलों को विराम देते हुए बुधवार को केके पाठक ने इस सम्बंध में राज्य के सभी जिलाधिकारियों को एक चिट्ठी जारी की है। जिसमें उन्होंने शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति को मंजूरी दी है लेकिन उसके साथ कुछ शर्तों का भी उल्लेख किया है। केके पाठक की ओर से सभी जिलाधिकारी को जारी चिट्ठी में कहा गया है कि बुधवार से जातीय जनगणना फिर से प्रारम्भ हो रही है।

सभी डीएम से अनुरोध है कि शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करते समय इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी विद्यालय पूरी तरह शिक्षक विहीन न हो जाए। शिक्षकों को केवल जातीय जनगणना के कार्य में लगाया जाए। अन्य कोई प्रशासनिक कार्य न लिया जाए।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर : आपका लड़का पागल कैसे हो गया... ?
पिता : वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था...!
डॉक्टर : तो... ?
पिता : लोग बोलते थे थोड़ा खिसको-थोड़ा खिसको, तभी खिसक गया...!!!

# बेहतर शिक्षा को सरकार प्रतिबद्ध : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने दिल्ली के संगम विहार-देवली को दी नए स्कूल की सौगात

**नई दिल्ली,**2 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के संगम विहार और देवली इलाके के लिए बुधवार का दिन बेहद खास रहा। मौका था, सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस शानदार और नए स्कूल के शुरुआत की। बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले स्कूल परिसर में स्थित बाबा साहब डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और फिर दीप प्रज्वलित नए स्कूल का उद्घाटन किया। भूतल समेत चार मंजिला बने स्कूल में 62 क्लासरूम, 4 लैब, 2 लाइब्रेरी और लिफ्ट समेत सभी जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं।

यहां दो शिफ्टों में क्लासेज चलेंगी। मार्निंग शिफ्ट में छात्राएं और इवनिंग में छात्र साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स स्ट्रेम के साथ वोकेशनल विषयों की पढ़ाई कर पाएंगे। नए स्कूल का उ्घाटन कर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बेहतर शिक्षा को लेकर दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस यह स्कूल संगम विहार और देवली के घनी आबादी वाले इलाकों के बीचों-बीच स्थित है, जहां काफी बच्चों को इस स्कूल का फायदा मिलेगा। स्कूल प्रांगण में लगी बाबा साहब डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा यहां के बच्चों को हमेशा देश सेवा की प्रेरणा देती रहेगी। इस दौरान शिक्षा मंत्री आतिशी, स्थानीय विधायक प्रकाश जारवाल और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



हम अपने गरीबों के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देंगे यह मेरी जिम्मेदारी है : अरविंद केजरीवाल

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार बहुत सारे काम कर रही है। मैं रोज दिल्ली में कहीं न कहीं उद्घाटन करने जाता हूं। दिल्ली में कहीं सड़कें तो कहीं फ्लाईओवर बन रहे हैं, तो कहीं बिजली-पानी पर काम हो रहा है। लेकिन जब मैं किसी स्कूल का उद्घाटन करने जाता हूं तो सबसे ज्यादा खुशी होती है। मैं हर महीने दो-तीन स्कूलों का उद्घाटन करने जाता हूं। देवली में बना यह स्कूल जितना शानदार है, उतने ही शानदार स्कूल पूरी दिल्ली में बनाए जा रहे हैं। स्कूलों के उद्घाटन के दौरान मुझे बच्चों के चेहरे पर जो खुशी दिखाई देती है, वो खुशी और किसी काम में नहीं दिखाई देती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजनीति में आने से पहले मैं एक एनजीओ के जरिए झुग्गियों में काम किया करता था। हम देखते थे कि उस समय सरकारी स्कूलों की बहुत बुरी हालत होती थी। माता-पिता साल-दो अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजते थे और फिर नाम कटवा कर काम पर लगा देते थे। लेकिन अब सरकारी स्कूलों की पहले जैसी हालत नहीं है। हमें दिल्ली में काम करते हुए 7-8 साल ही हुए हैं, जो काम पिछले 75 साल में नहीं हुआ, वो काम 8 साल में ही हो गया। पूरी दिल्ली में सरकारी स्कूलों का कायापलट हो रहा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम में से बहुत सारे लोग बहुत गरीब परिवार से आते हैं।

हर व्यक्ति सारा दिन मेहनत कर रहा है। लेकिन कई घर ऐसे हैं, जिनको घर का गुजारा चलाना मुश्किल है। बच्चों के माता-पिता दोनों काम कर रहे होते हैं। उनकी कमाई मिलाकर भी घर का खर्चा नहीं चलता है। छोटे-छोटे प्राइवेट स्कूल वालों ने भी अपनी फीस इतनी ज्यादा बढ़ा दी है कि एक आम आदमी अब अपने बच्चों को पढ़ाने में समर्थ नहीं है। पहले लोग मजबूरी में अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजा करते थे। तब सरकारी स्कूलों का बेड़ा गर्क था। स्कूल की दीवारें टूटी पड़ी थी, छत टपकती थी, बच्चे टाट पर बैठा करते थे। स्कूल में पढ़ाई नहीं होती थी और बच्चे फेल हो जाते थे।

### स्कूल में लिफ्ट समेत सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद

भूतल समेत चार मंजिला स्कूल बिल्डिंग का निर्माण ग्राम समाज की खाली भूमि पर किया गया है। वर्ष 2012 में ग्रामसभा ने स्कूल निर्माण के उद्देश्य से दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय को करीब 8494.59 वर्ग मीटर भूमि दी थी। उसी दौरान शिक्षा विभाग ने खाली भूमि की चहारदीवारी कर दी थी। दिल्ली सरकार ने स्कूल बिल्डिंग का निर्माण कार्य 2019 में शुरू किया और जुलाई 2023 में इसे पूरा कर लिया। कुल एरिया 8494 59 वर्ग मीटर में से 5957.48 वर्ग मीटर भूमि पर स्कूल की नई बिल्डिंग बनी है। बिल्डिंग तीन ब्लॉक में बंटी है। इसमें 62 क्लासरूम हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर बिजली लाइनों के पास न करें पतंगबाजी : बीएसईएस

## बीएसईएस ने पतंगबाजी के शौकीनों से की अपील

**नई दिल्ली,**2 अगस्त (देशबन्धु)। टाटा पावर-डीडीएल ने स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए पतंगबाजी के दौरान बिजली संस्थानों और ओवरहैड पावर लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।



डिसकॉम ने लोगों को आगाह किया है कि बिजली के तारों से मैटल कोटिंग वाले मांझे के लिपटने से बिजली सप्लाई बाधित हो सकती है और इसके कारण आवश्यक सेवाओं पर असर पड़ सकता है। यह स्थिति सभी के लिए असुविधा का कारण भी बन सकती है।

पतंग उड़ाने के लिए मैटल कोटिंग वाले मांझे का इस्तेमाल बिजली नेटवर्क के लिए ही खतरनाक नहीं होता बल्कि बिजली का सुचालक होने के चलते इससे पतंग उड़ा रहे व्यक्ति के लिए भी खतरा बढ़ जाता है और उसे करंट लग सकता है। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी में जगह-जगह पतंगें उड़ायी जाती हैं और जरा सी असावधानी होने पर बिजली सप्लाई में बाधा आती है। एक अनुमान के मुताबिक 33/66 केवी क्षमता की एक ओवरहैड लाइन के बाधित होने से करीब 10,000 बाशिंदों की पावर सप्लाई पर असर पड़ सकता है और 11 केवी की एक लाइन के टूटने से 2,500 से अधिक बाशिंदों की बिजली सप्लाई प्रभावित होती है। पतंगबाजी की वजह से होने वाली ट्रीपिंग्स के मद्देनजर बीएसईएस ने अपनी ओएंडएम टीमों को हाई अलर्ट पर रखा है। टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि कहीं पतंगबाजी की वजह से ट्रिंपिंग होती है, तो घटनास्थल पर तुरंत पहुंचकर, इलाके में जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था बहाल की जाए। प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में उपभोक्ता बीएसईएस के हेल्पलाइन नंबरों 19123-बीआरपीएल और 19122-बीवाईपीएल पर संपर्क कर सकते हैं।

## सार संक्षेप

### आरपीआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सात अगस्त को

**नई दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आगामी सात अगस्त को दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया रफी मार्ग में आयोजित होगी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले उपस्थित होंगे। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में 25 सदस्यीय रिपब्लिकन वर्किंग कमेटी का गठन किया जाएगा वही संगठन विस्तार देने के लिए पूरे देश में वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान की विस्तृत रणनीति भी तय की जाएगी। इसके साथ ही आने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया जायेगा ।

### लोटे इंडिया ने नए प्रोडक्ट कॉफी बाइट रिच पेश किया

**नई दिल्ली।** भारत के कन्फेक्शनरी बिजनेस की अग्रणी कंपनी लोटे इंडिया ने देश के पसंदीदा कॉफी-टॉफी ब्रैंड, कॉफी बाइट को एक नए अंदाज में लॉन्च किया है। कॉफी बाइट रिच के लॉन्च के साथ कंपनी ने वृद्धि की अपनी महत्वाकांक्षी रणनीति की शुरुआत की है। कॉफी बाइट रिच एक नई पेशकश है और इसमें रिच कॉफी और क्रीमी वनीला का बिल्कुल नए तरीके से फ्यूजन किया गया है। यह ग्राहकों को निश्चित तौर पर कॉफी के बेहतरीन स्वाद का अनुभव कराएगी ।मिलन वाही मैनेजिंग डायरेक्टर लोटे इंडिया ने बताया कि कॉफी बाइट रिच की पेशकश ब्रैंड के सफर में एक महत्वपूर्ण पल है। यह ग्राहकों की बदलती पसंद और हार्ड-बॉयल कैंडीज को लेकर लगातार बढ़ रही मांग को पूरा करती है।

### रिन्युड आईफोन 11 प्रो अब कंट्रोलजैड की वेबसाइट पर शानदार ऑफर के साथ

**नई दिल्ली।** प्रीमियम रिन्युड स्मार्टफोन ब्रांड कंट्रोलजैड की वेबसाइट पर रिन्युड आईफोन 11 प्रो लॉन्च करने की घोषणा करना कम्पनी के लिए बड़ा अवसर है। कंट्रोलजैड हमेशा से ग्राहकों को किफायती कीमतों पर रिन्युड प्रोडक्ट और बेहतरीन तकनीक देने को प्रतिबद्ध रही है। अब पूरी दुनिया के टेक्नोलॉजी के दीवानों के लिए इस असाधारण डिवाइस का नया वर्जन पेश करना कम्पनी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। ग्राहकों के लिए स्टोरेज के 3 वेरिएंट 64जीबी, 256 जीबी और 512 जीबी उपलब्ध हैं ताकि सभी मनपसंद चुनें। इनकी कीमत क्रमशः 39,999 रु. 44,999 रुपये और 49,999 रुपये हैं जो अविश्वसनीय लगता है। साथ ही, सभी डिवाइस पर 18 महीने की वारंटी और 100 प्रतिशत बैटरी हेल्थ का भरोसा है।

### आईएमआईएच ने लॉन्च किया मोबाइल वेलनेस ऐप इनर्जी

**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट फॉर मेडिटेशन एंड इनर हार्मनी आईएमआईएच ने मोबाइल वेलनेस ऐप इनर्जी को लॉन्च किया है। इसे ऐप्पल स्टोर और गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। आईएमआईएच के अनुसार इनर्जी एक ऐसा ऑल-इन-वन ऐप है जो लोगों को उनकी इनर्जी अर्थात आंतरिक ऊर्जा का उपयोग करके उनके स्वास्थ्य, खुशी और संपूर्ण वेलनेस पर नियंत्रण रखने के लिए उन्हें सक्षम बनाता है। यह एक अद्भुत और सहज ज्ञान से युक्त एक ऐसा ऐप है, जिसके जरिये वे चिकित्सा, मनोविज्ञान, खान-पान, फिटनेस और ध्यान-अभ्यास के विशेषज्ञों के अनुभव और रिसर्च द्वारा स्वीकृत 1500 से भी अधिक जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकते हैं।

# किसानों के कल्याण को प्रतिबद्ध हूं : केसीआर

**नई दिल्ली,**2 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने 3 अगस्त से किसान ऋण माफी कार्यक्रम फिर से शुरू करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को पहले से दी जा रही कर्जमाफी के अलावा 19 हजार करोड़ रुपए की और कर्ज माफी दी जाए। मुख्यमंत्री केसीआर ने किसान ऋण माफी कार्यक्रम को रायथु बंधु की तरह सितंबर के दूसरे सप्ताह तक महीने के पंद्रह दिनों के भीतर पूरा करने के स्पष्ट आदेश दिए हैं।

प्रगति भवन में की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

उन्होंने कहा कि तेलंगाना में किसान कल्याण और कृषि विकास राज्य सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। मुख्यमंत्री केसीआर ने साफ कर दिया है कि चुनाव जीतने पर भी वह किसानों के कल्याण के लिए अपनी बात पर कायम रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक किसान सशक्त नहीं हो जाते हैं, उनका आर्थिक उत्थान नहीं हो जाता है, तब तक चैन से बैठने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि केंद्र द्वारा लिए गए नोटबंदी के फैसले से



किसानों को पहले से दी जा रही कर्जमाफी के अतिरिक्त 19 हजार करोड़ रुपए की और कर्जमाफी दी जाएगी : के.चंद्रशेखर राव

आई मंदी, कोरोना के कारण उत्पन्न वित्तीय समस्याएं, एफआरबीएम फंड जारी नहीं करने से केंद्र और तेलंगाना के प्रति की गई गुटीय कार्रवाई आदि से तेलंगाना की आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने राज्य की आर्थिक स्थिति में किसान ऋण माफी कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर प्रगति भवन में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में वित्त मंत्री तन्निरू हरीश राव, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार सोमेश कुमार, वित्त विभाग के विशेष प्रधान सचिव रामकृष्ण राव, एचएमडीए के प्रधान सचिव अरविंद कुमार और कृषि सचिव रघुनंदन राव ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना जैसी अप्रत्याशित गड़बड़ी, केंद्र सरकार द्वारा एफआरबीएम फंड में एकतरफा कटौती और तेलंगाना को जारी किए जाने वाले फंड को लेकर गुटबाजी के कारण किसान ऋण माफी कार्यक्रम में कुछ समय की देरी हुई है। राज्य सरकार किसानों के लिए रायथु बंधु, रायथु बीमा, मुफ्त बिजली और सिंचाई जैसी योजनाएं ईमानदारी से जारी रखे हुए है। इन कठिनाइयों और नुकसान के बावजूद किसानों के कल्याण की उपेक्षा करने का कोई मतलब नहीं है। इसके अलावा, हम कृषि विकास के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना जैसे आदर्श कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। सीएम ने कहा कि किसानों को पहले से दी जा रही कर्जमाफी के अलावा 19 हजार करोड़ रुपए की और कर्जमाफी दी जाए।

# शमां एनजीओ का सरकारी दस्तावेज बनवाने व डिजिटल अवेयरनेस वर्कशॉप आयोजित



**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। शमां एजुकेशनल एंड पॉलिटेक्निक सोसाइटी के बस्ती विकास केंद्र स्लम और जेजे इलाके सीलमपुर दिल्ली में सरकारी डाक्यूमेंट्स बनवाने और डिजिटल इंफॉर्मेशन के लिए स्पेशल वर्कशॉप की गई जिसमें मुख्य अतिथि आसमा रहमान ने शिरकत करते हुए छात्राओं को अपने आधार कार्ड आदि बनवाने के लिए जानकारी देते हुए बताया कि सीलमपुर विधानसभा में विधायक अब्दुल रहमान के कार्यालय ई ब्लॉक मेन रोड सीलमपुर पर सुबह 10:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक आधार कार्ड, पहचान पत्र तथा अन्य पढ़ाई से मुतालिक कागजात बनवाए जाते हैं इसका आप लोग फायदा उठाएं। शमां एजुकेशनल एंड पॉलिटेक्निक सोसायटी के महासचिव डॉ फ़हीम बेग ने नौजवान स्टूडेंट्स को जज्ञानकारी देते हुए बताया कि आपको पढ़ाई लिखाई और रोजगार से जुड़ने के लिए हमेशा सरकारी दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है जिसके लिए हमारी संस्था कागज बनवाओ अभियान के तहत काम कर रही है। इस वर्कशॉप में शमां एनजीओ के सेंटर की ब्यूटीशियन टीचर मीनाक्षी, वोकेशनल प्रोग्राम की टीचर गुलशन नाज़, फाजिल खान, छी मंसूर खान आदि ने भी बच्चों को जानकारियां देने का काम किया। आसमा रहमान की जानिब से तमाम बच्चों को गिफ्ट भी दिए गए।

# मध्यस्थ अधिवक्ताओं को भुगतान किए जाने वाले मानदेय में होगी वृद्धि

**नई दिल्ली,**2 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना ने राजधानी के जिला अदालतों-तीस हजारी, कडक्डडूमा, रोहिणी, द्वारका, साकेत और पटियाला हाउस कोर्ट परिसरों में स्थित मध्यस्थता केंद्रों में काम करने वाले मध्यस्थ अधिवक्ताओं को भुगतान किए जाने वाले मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव काफी समय से लंबित था। मध्यस्थ अधिवक्ताओं के मानदेय में संशोधन, वृद्धि वर्ष 2014 के बाद से नहीं हुई थी। उपराज्यपाल द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब उन लोगों को मदद मिलेगी जिनका पारिश्रमिक रुका हुआ था। संशोधित मानदेय जो कि 07.05.2022 लागू होगा, उसके अनुसार मध्यस्थता के माध्यम से निपटाए गए मामलों में मध्यस्थों को 5000 रुपए का भुगतान किया जाएगा।

इसके अलावा संबंधित मामलों 1000 रुपए प्रति मामले और अधिकतम 3000 रुपए का भुगतान किया जाएगा। इसमें किसी भी तरह का कोई समझौता न होने की स्थिति में मध्यस्थों को 2500 रुपए का भुगतान किया जाएगा। इससे पहले इस स्थिति में मध्यस्थों के लिए कोई मानदेय लागू नहीं था। सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति



उपराज्यपाल ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

एमसीपीसी ने 04.02.2014 को फैसला किया था कि 01.04.2015 से प्रति मामले 3000 रुपए (दो या अधिक जुड़े मामलों के साथ, अधिकतम 4000 रुपए) का भुगतान किया जाएगा। वैवाहिक मामलों , हिरासत, संरक्षकता, विभाजन और कब्जा और अन्य सभी मामलों के लिए मध्यस्थता के माध्यम से हुए समझौते कि स्थिति में मध्यस्थों को प्रति मामला 2000 रुपए का भुगतान किया जाएगा। 2014 के निर्णय के अनुसार मध्यस्थों को प्रति मामला 500 रुपये, अधिकतम 1,000 रुपये (जुड़े मामलों की संख्या की परवाह किए बिना) का भुगतान किया जाना था और समझौता नहीं होने की स्थिति में कोई मानदेय लागू नहीं था।

### 2014 से मध्यस्थों के मानदेय में नहीं हुई वृद्धि

पूरे मामले का अवलोकन करने पर उपराज्यपाल ने पाया कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की एमसीपीसी ने अपनी 15.12.2021 की बैठक में यह सूचित किया कि 2014 से मध्यस्थों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

इसके बाद 14.07.2022 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को लिखे पत्र में तदनुसार पूरे देश में मध्यस्थों,वकीलों को भुगतान की जाने वाली मानदेय में वृद्धि करने की संस्तुति की गई थी।

हालांकि, इसके बाद, 23.03.2022 को हुई बैठक में, एमसीपीसी ने निर्णय लिया कि मध्यस्थों को भुगतान किए जाने वाले मानदेय को बढ़ाने का निर्णय सलाहात्मक था और यह संबंधित उच्च न्यायालयों और राज्य सरकार पर निर्भर है कि वे 15.12.2021 को लिए गए संकल्पों के प्रस्ताव को स्वीकार करे या न करें क्योंकि मध्यस्थों की दी जाने वाली धनराशि संबंधित राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जानी है।

# दिल्ली में डेंगू को लेकर हालात सामान्य : भारद्वाज

**नई दिल्ली,**2 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के सभी अस्पतालों के नोडल ऑफिसर और एमएस के संग सचिवालय में बड़ी बैठक की। इस बैठक में दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, कैंट एरिया और केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सौरभ भारद्वाज ने सभी अधिकारियों से एक-एक कर उनके अस्पतालों की मौजूदा स्थिति के बारे में जाना।

लगभग सभी अस्पतालों में डेंगू को लेकर तैयारियां चल रही हैं और सभी अस्पताल डेंगू से निपटने के लिए तैयार दिखे। हालांकि बैठक में किसी भी अस्पताल के अधिकारी ने डेंगू को लेकर अभी तक कोई आपदा जैसी स्थिति का जिक्र नहीं किया। अधिकारियों के अनुसार दिल्ली में अभी हालात बिल्कुल सामान्य हैं। दिल्ली में डेंगू को लेकर किसी प्रकार की आपदा जैसी कोई स्थिति नहीं है, लेकिन फिर भी सावधानी बरते हुए भारद्वाज ने बैठक के दौरान सभी अस्पतालों के अधिकारियों को निर्देश जारी किया, कि जिस प्रकार से कोविड के दौरान सभी अस्पतालों में भविष्य की आपदा को देखते हुए मौजूदा बेड का कुछ प्रतिशत कोविड के मरीज़ों के लिए आरक्षित किए गए थे। इसी प्रकार डेंगू जैसी बीमारी से निपटने के लिए भी तैयारियां करते हुए सभी अस्पताल मौजूदा बैंड्स की संख्या का 5 प्रतिशत डेंगू के मरीजों के लिए आरक्षित रखें। डेंगू एक ऐसी बीमारी है जिसमें मरीज के शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या बहुत तेजी से गिरती है जिसकी वजह से मरीज की जान जा सकती है।



- डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने की बैठक
- सभी अस्पतालों के अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# लग्जरी कार लूटने वाले 14 कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली,**2 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने लग्जरी कार लूटने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर 14 कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 25 लूटी गई लग्जरी कार बरामद की हैं, जिनमें से ज़्यादातर टोयोटा की कारें- फॉरच्यूनर, इन्नोवा और क्रिस्टा शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में 16 इंजन, 38 ऑटो, 18 फर्जी नंबर प्लेट, छह फर्जी पंजीकरण प्रमाणपत्र और जाली उच्च सुरक्षा नंबर प्लेट बनाने में प्रयुक्त सामान जब्त करने का भी खुलासा किया है। इस अपराध गिरोह का सरगना राजकुमार किरण सना सिंह मणिपुर का निवासी है। आसानी से पैसा कमाने के लिए इसने अपने सहयोगियों आकाश देसाई, यश देसाई, ऑस्टिन कार्डोज़, बप्पा घोष, डैडी सिंह और एम.के. के साथ मिलकर चोरी की लक्जरी कारों का कारोबार करने वाले इस अपराध गिरोह का गठन किया।

# पूर्व लिव-इन पार्टनर ने की महिला की हत्या

**नई दिल्ली,**2 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्वी दिल्ली में पति को छोड़कर ऑटो-रिक्शा चालक के साथ लिव-इन में रह रही महिला की उसके पार्टनर ने हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि यह महिला आरोपी लिव-इन पार्टनर से 2 महीने पहले हुए झगड़े के बाद अलग रह रही थी। यह घटना मंगलवार को पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में हुई।

मृतका की पहचान पूजा (43) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम 7.23 बजे घटना के संबंध में गीता कॉलोनी पुलिस स्टेशन को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसके बाद एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खून से लथपथ एक महिला का शव फर्श पर पड़ा हुआ पाया।

YEIDA FUTURE IS HERE
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सैक्टर-ओमेगा-1 (पी-2) ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296, वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई.ई.ए./भूलेख/885/07/2023 दिनांक: 01.08.2023

सार्वजनिक सूचना

परियोजना विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये ग्राम मूंजखेडा परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर में 24 मीटर चौड़ी सड़क, 18 मीटर चौड़ी सड़क, पार्क सेक्टर-22डी एवं पार्क सेक्टर-24 के अन्तर्गत पड़ने वाले भूमि के सापेक्ष 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर का वितरण किया जाना प्रस्तावित है:-

ग्राम मूंजखेडा

| क्रम संख्या | योजना का नाम | खसरा नम्बरान | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | 24 मीटर चौड़ी सड़क | 376, 329, 361, 375, 379, 380 व 381 | – |
| 2 | 18 मीटर चौड़ी सड़क | 828, 829, 837 | – |
| 3 | पार्क सेक्टर-22डी | 485, 486, 428, 430, 675, 668, 845 व 827 | – |
| 4 | पार्क सेक्टर-24 | 893, 895, 897, 963, 959, 958, 957, 872, 868 | – |

भूमि के अतिरिक्त प्रतिकर वितरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर सी.आर. सेल/तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

विशेष कार्याधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

सीमा हैदर के मामले से सुरक्षा एजेंसियों को संज्ञान लेना चाहिए और देश में एंट्री के सभी रास्तों पर सख्त पहरा बैठाना चाहिए ताकि देश को पाकिस्तानी, बांग्लादेशी, रोहिंग्या जैसे घुसपैठियों से बचाया जा सके। उन्होंने मणिपुर में हिंदू महिलाओं और उनके परिवार के साथ हुई तालिबानी घटना को देश के लिए शर्मसार बताया है:-**पंडित रवि शर्मा, ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता**

## उद्योग सहायक समिति की बैठक में उद्यमियों की 30 समस्याओं पर विस्तार से चर्चा



■ अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मानवेंद्र ने संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश 15 दिन में सभी समस्याओं की विवेचना होनी चाहिए

**नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार बोर्ड रूप में उद्योग सहायक समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें उद्योगों एवं औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी 30 समस्याओं का मांग पत्र सौंपा। जिस पर विस्तार से चर्चा की गई, इसके बाद अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया कि सभी समस्याओं का 15 दिनों में पूरी विवेचना चाहिए। एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने बैठक में यूपी इनवेस्ट समिट में निवेश के लिए आवेदकों करने वालों को औद्योगिक भूखंड दिया जाने, एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा संस्था को स्थाई कार्यालय के लिए भूखंड की मांग की गई। प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में उद्यमियों का प्रतिनिधित्व, बहुमंजिला व भूमिगत पार्किंग के सदुपयोग की मांग, आधारभूत ढांचा एवं मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने, जिसमें कच्चे माल का बाजार, मशीनरी, कल पुर्जा के बाजार विकसित करने की मांग को रखा गया। आग्रह किया गया कि उद्यमियों पर आर्थिक बोझ न डाला जाए, जल सीवर के बिलों में चक्रवर्ती ब्याज एवं अर्थदंड की जगह सरल दर पर ब्याज लगे, कूड़ा उठाने के चार्ज को कम कर एक रुपया प्रति वर्ग मीटर की दर से लिए जाने का प्रस्ताव दिया। मेट्रो लाइन और एलिवेटेड रोड की परियोजनाओं को जल्द पूरा किया जाना चाहिए, ट्रैफिक पुलिस द्वारा बंद किए गए रास्तों को खुलवाने और ईएसआइसी अस्पताल में कामगारों को सही चिकित्सा सुविधा मिले। इसके लिए प्राधिकरण का हस्तक्षेप आवश्यक है। इस मौके पर नोएडा प्राधिकरण औद्योगिक विभाग सहायक प्रबंधक प्रिया सिंह समेत संगठन के यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष, रमेश राठौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, महामंत्री नोएडा हाजी अनवर,सचिव हाजी हकीम, सचिव श्योकत, शहजाद, दिलीप मिश्रा समेत अन्य उद्यमी शामिल रहे।

**आगामी उद्योग बंधु बैठक में होंगे शामिल**

एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के नेतृत्व में उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा विधायक पंकज सिंह से मुलाकात की, सभी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने आश्वासन दिया कि उद्योगों और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी सभी समस्याओं के लिए वह नोएडा प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा लोकेश एम से बातचीत करेंगे। समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए आगामी उद्योग बंधु बैठक में शामिल होने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से बात करेंगे।

## बोर्ड बैठक से पहले मुख्य कार्यपालक अधिकारी खुद करेंगे एजेंडों की समीक्षा

**नोएडा**, 2 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में 13 अगस्त को होगी। नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा लोकेश एम पहली बार बोर्ड बैठक में शामिल होंगे। ऐसे में बैठक से ठीक पहले बोर्ड में रखे जाने वाले एजेंडों की समीक्षा खुद करने का निर्णय लिया है। इसके लिए उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी कर दिया है कि जल्द से जल्द एजेंडे तैयार कराएं, आठ अगस्त को वह खुद इनकी समीक्षा करेंगे। इसके बाद आगे की बैठक में एजेंडा शामिल होगा। बताया जा रहा है कि बोर्ड में इस बार तीन एजेंडा पर अच्छी तरह से तैयार करने का निर्देश चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने खुद दिए हैं। इसमें बिल्डर को दी जाने वाली ओसी सीसी को लेकर विशेष रूप से तैयार करने की बात कही गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि बिल्डरों को जारी होने वाली ओसी सीसी के नियमों में सरकार के निर्देश पर कुछ बदलाव किया जा सकता है। इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण की ओर औद्योगिक इकाईयों को किराए पर दी जाने वाली सुविधा को लेकर भी विशेष नियमों को शामिल करने के लिए कहा गया है, जिसका आकलन भी बोर्ड बैठक में किया जाएगा। ऐसे में किराए पर उपलब्ध होने वाली औद्योगिक इकाईयों के नियमों में सरलीकरण किया जा सकता है। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए नोएडा प्राधिकरण की दो विकास परियोजनाएं चिल्ला एलिवेटेड रोड और भंगेल एलिवेटेड रोड की समीक्षा की जाएगी। ऐसे में भंगेल व चिल्ला एलिवेटेड रोड के बजट में किस प्रकार से बढ़ोत्तरी हुई है और इसे किस तरीके से पूरा कराया जाएगा। इसको लेकर बोर्ड बैठक में विस्तार से चर्चा होगी। इसके अलावा विभागीय स्तर पर जो भी एजेंडे होंगे, उन्हें तैयार करने का काम शुरू हो गया है।

## नगर निगम का सरकारी संस्थाओं पर शिकंजा, एनडीआरएफ ने जमा कराया दो करोड़ 18 लाख टैक्स



■ गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत राज्य सरकार के भवन जिनकी संख्या 66 है जिसमें से 30 भवन जिन पर संपत्ति कर लगभग 107 करोड 93 लाख बकाया है

**गाजियाबाद,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम द कर वसूली पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है जिस के क्रम में देखने में आ रहा है कि नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ के नेतृत्व में सरकारी संस्थाओं से भी बकाया संपत्ति कर तथा सर्विस चार्ज वसूला जा रहा है। इसी क्रम में एनडीआरएफ ने बुधवार को दो दो करोड़ 18 लाख का टैक्स जमा कराया।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार के भवनों पर अवशेष कर को जमा कराने का प्रयास चल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत राज्य सरकार के भवन जिनकी संख्या 66 है जिसमें से 30 भवन जिन पर संपत्ति कर लगभग 107 करोड 93 लाख बकाया है, 36 भवनों से संपत्ति कर वसूला जा चुका है, केंद्र सरकार के 35 भवन जिनमें 18 भवनों पर बकाया सहित सर्विस चार्ज लगभग 104 करोड 57 लाख बकाया है, 17 भवनों से वसूली की जा चुकी है। गाजियाबाद नगर निगम महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ के नेतृत्व में संपत्ति कर वसूली तथा सर्विस चार्ज वसूली को लेकर योजना के अंतर्गत बेहतर कार्य कर रहा है। निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए लगातार नगर आयुक्त प्रयास रखते हैं जो कि धरातल पर सफल होते दिखाई दे रहे हैं, समस्त जोनल प्रभारियों को नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपने-अपने जोन में टारगेट फिक्स करते हुए संपत्ति कर वसूली पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए हैं, जिसके अनुसार जोनल प्रभारी कर वसूली में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## सार संक्षेप

### दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अनुसार गत दिनों एक 14 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। अपहर्ता को पूर्व में ही बरामद कर लिया गया जबकि आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। दौराने विवेचना मुकदमा में दुष्कर्म व पॉस्को एक्ट की बढ़ोतरी की गई थी तथा टीमें गठित कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। सूचना पर अभियुक्त किशन पुत्र नेत्रपाल को वीवो कम्पनी चौराहा के समीप से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### गोवर्धन परिक्रमा देने गए व्यक्ति की हुई मौत

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र के मुराद गढ़ी गांव निवासी की चौरासी कोस की परिक्रमा के दौरान मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतक के परिजनों को कई दिन बाद मथुरा जिले की मोर्चरी में रखा मिला शव। मृतक के पिता ने साथ गए लोगों पर लगाया सजिशन हत्या का आरोप। पुलिस से जांच कर की कार्यवाई की मांग। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुरादगढ़ी गांव निवासी कलुआ (50) 26 जुलाई को गांव निवासी मुकेश, सेठ व वेद गिरी के साथ चौरासी कोस की परिक्रमा करने के लिए गए थे। कलुआ के पिता श्योराज सिंह अपने अन्य परिजनों के साथ कलुआ को तलाश करने के लिए गोवर्धन आदि स्थानों पर पहुंचे तथा उसकी तलाश शुरू कर दी।तलाश के दौरान उन्हें पता लगा कि सुरीर थाना क्षेत्र के आसपास कोई हादसा होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। सुरीर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव की पहचान कराने के लिए शव को मोर्चरी में रखा हुआ है। जानकारी मिलने शयोराज सिंह थाना सुरीर पर पहुंचे। सुरीर थाना पुलिस ने मोर्चरी में रखे शव की पहचान कराई। को भी कलुआ के पिता ने कलुआ की पहचान की। कलुआ के शव को गांव में लाया गया और उसका गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के पिता शयोराज सिंह ने आरोप लगाया है कि साथ गए लोगों द्वारा कलुआ की साजिशन हत्या की गई है।

### छिनौती व लूटपाट करने वाले बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट में पुलिस के लिए चुनौती बने चौन स्नेचर बदमाशों व बिसरख कोतवाली पुलिस के बीच बुधवार दोपहर चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार, सोने की सात चेन व चोरी की के टीएम बाइक बरामद की है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि बुधवार दोपहर बिसरख कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार राजपूत टीम के साथ ग्रेटर नोएडा वेस्ट के अजनारा गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान केटीएम बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोका तो बाइक वापस मोड़कर भागने लगे। पुलिस के पीछा करने पर बदमाश फायर करने लगे। इस पर पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए,जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तों की पहचान नौशाद उर्फ कालीन निवासी मिर्जापुर थाना विजयनगर गाजियाबाद व सचिन कुमार निवासी ग्राम हौजदारपुर गढ़ी जनपद हापुड़ के रूप में हुई है।

## मोदीनगर में यूनियन बैंक में भीषण आग

**गाजियाबाद,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। मोदीनगर स्थित यूनियन बैंक की शाखा में बुधवार को आग लग गई। आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। दमकल विभाग की कई गाड़ियों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से बैंक के अंदर रखे कागजात और अन्य सामान जलकर राख हो गए। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। दमकल विभाग का कहना है कि आग लगने का कारण शार्ट सर्किट लग रहा है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि यूनियन बैंक की यह शाखा दिल्ली-मेरठ मार्ग पर एमएम डिग्री कॉलेज के सामने है। बुधवार लगभग सुबह आठ बजे के आसपास बैंक के अंदर से धुआं निकलना शुरू हो गया। सूचना मिलते ही मोदीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। लेकिन, बैंक का गेट बंद होने के कारण पता नहीं चल सका कि आग कहां लगी है। पहले एक दमकल की गाड़ी पहुंची। आग बुझाने का काम शुरू किया। लेकिन आग का विकराल रूप देखकर दूसरी गाड़ी मौके पर बुलाई गई। आग लगने से बैंक के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि बैंक में कैश कितना था और जला या नहीं।

## बंद पड़ी परियोजनाओं का सीईओ ने किया निरीक्षण, आज होगी प्रोजेक्ट की समीक्षा

**नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। डीएससी रोड पर बन रहे भंगेल एलिवेटेड रोड और सेक्टर-96 में बन रहे नोएडा प्राधिकरण के नए दफ्तर का काम बंद पड़ा है। इन दोनों परियोजनाओं का बुधवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने निरीक्षण किया। एलिवेटेड रोड की लागत को लेकर गुरुवार को मीटिंग होगी। इसके अलावा प्राधिकरण की इमारत की गुणवत्ता की जांच आईआईटी दिल्ली से कराई जाएगी।

भंगेल एलिवेटेड रोड का काम लागत की वजह से बंद पड़ा है। निर्माण कंपनी सेतु निगम ने डिजाइन में बदलाव और निर्माण सामग्री के महंगा होने का तक देते हुए इसकी लागत 150 करोड़ रुपए बढ़ा दी है। इसको मंजूरी के लिए करीब 10 महीने पहले नोएडा प्राधिकरण के पास भेजा गया था लेकिन प्राधिकरण ने मंजूरी देने से इंकार कर दिया। अब पिछले करीब एक महीने से इसका पूरी तरह से काम बंद पड़ा है। बुधवार को एलिवेटेड रोड पर जाकर काम की स्थिति सीईओ ने देखी। अधिकारियों से अब तक हुए काम और बचे काम की जानकारी ली। सीईओ ने निर्देश दिया कि गुरुवार को पीडब्लूडी, दो कंसल्टेंट और एनएचएआई के अधिकारियों को बुलाया गया है। इसमें सेतु निगम की ओर से बताई गई अतिरिक्त लागत को लेकर बातचीत की जाएगी। लागत का आंकलन करने के लिए कमेटी का गठन किया जाएगी।

इसके बाद सीईओ ने सेक्टर-96 में बन रहे नोएडा प्राधिकरण के नए दफ्तर के काम का जायजा लिया। इस परियोजना का भी काम बंद पड़ा है। सिर्फ खानापूर्ति के लिए बाहरी हिस्से में काम चल रहा है। इस परियोजना के कंसल्टेंट डिजाइन एसोसिएट्स ने प्राइवेट कंपनी के माध्यम से इसकी जांच कराई थी। कंपनी ने इस इमारत की गुणवत्ता पर सवाल उठाया था। इस पर सीईओ ने कहा कि आईआईटी दिल्ली से जांच करवाकर रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी।

**सीवर का पानी नाले में डालने पर सीईओ ने की कार्रवाई**

सेक्टर-22 में एक जगह सीवर का पानी नाले में डाले जाने की शिकायत सीईओ को मिली। सीईओ ने बताया कि इस प्रकरण में प्राधिकरण की लापरवाही सामने आई है। इस मामले में अवर अभियंता की एक महीने की सेलरी काटने के निर्देश दिए गए हैं जबकि वरिष्ठ प्रबंधक व सहायक प्रबंधक से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## मेवात हिंसा से गुस्साए हिंदूवादी संगठन सड़कों पर उतरे, कट्टरपंथी जिहादी मानसिकता का पुतला फूंका




**गाजियाबाद,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। हरियाणा के नूंह जिले के मेवात इलाके से शुरू हुई हिंसा से गुस्साए विश्व हिंदू परिषद समेत हिंदूवादी संगठन आज सड़क पर उतर गए। उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया और जेहादी मानसिकता का पुतला दहन किया। विश्व हिन्दू परिषद के देश व्यापी विरोध प्रदर्शन के यह प्रदर्शन करके पुतला दहन किया गया। विश्व हिंदुपरिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग के नेतृत्व में तमाम हिंदुवादी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करके कट्टरपंथी जिहादी मानसिकता का पुतला फूंका। विहिप की अगुआइ ममें विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता नवयुग मार्केट में एकत्र हुए और वहां से पैदल चलते हुए पुराना बस अड्डा के पास संतोष अस्पताल के सामने पुतला दहन किया। विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने कहा कि ही इस घटना के जिम्मेदार लोग जेहादी मानसिकता के हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त करवाई होनी चाहिए।

## मुरादनगर व मोदीनगर में चला जीडीए का बुलडोजर, चार अवैध कालोनियां धवस्त



**गाजियाबाद,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का बुलडोजर बुधवार को मुरादनगर में मोदीनगर क्षेत्र में चला। इस दौरान जीडीए ने 4 कॉलोनियों में किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया और 41500 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। प्रवतन जोन 2 पल प्रभारी गुंजा सिंह के नेतृत्व में आज सुबह प्रवर्तन दल की टीम पहले का कानोजा गांव में पहुंची और वहां पर दीपक चौधरी, सुचेत त्यागी वह वरुण शर्मा द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यहां पर एक तीन मंजिला भवन दी बिना नक्शा स्वीकृत कराए बनाया जा रहा था जिसे पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया गया। गुंजा सिंह ने बताया कि इसके बाद जीडीए की टीम मोहद्दीनपुर में पहुंची और पवन जैन द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही को नेस्तनाबूद कर दिया। उसके बाद तीन कद्राबाद रोड रोरी में पहुंची और राजेंद्र दतथा उपेंद्र चौधरी द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को पूरी तरह से तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि आज अवैध रूप से विकसित की जा रही चार कॉलोनियों को पूरी तरह से ध्वस्त किया गया। उन्होंने लोगों से कहा है कि वे गाजियाबाद में संपत्ति खरीदते वक्त जीडीए में पूरी तरह से तस्दीक कर लें वरना उनके साथ निजी बिल्डर धोखा कर सकते हैं।

## किसानों का आरोप, जमीन की पैमाइश नहीं कराई बात से मुकरे अधिकारी

■ 31 जुलाई को होने वाली किसान महापंचायत अधिकारियों के आश्वासन पर स्थगित की गई थी, लेकिन किसान की जमीन की पैमाइश नहीं कराई गई

**नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-142 शहदरा गांव में ग्रुप 108 बिल्डर व नोएडा प्राधिकरण के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन 27 वें दिन जारी रहा। बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने शासन व प्रशासन पर किसानों की मांग को दरकिनार करने का आरोप लगाकर नौ अगस्त को किसान महापंचायत बुलाने का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि शनिवार को प्राधिकरण की टीम, सदर तहसीलदार व लेखपाल जमीन की पैमाइश करने मौके पर गए थे, लेकिन बिल्डर से मिलीभगत के कारण टीम बिना पैमाइश किए वहां से लौट गई। किसान की जमीन पर भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से बिल्डर का कब्जा है। उन्होंने शासन व प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों को कमजोर समझने की भूल की जा रही है। ऐसे में नौ अगस्त को होने वाली किसान महापंचायत में आरपार की लड़ाई होगी। यह ऐलान प्राधिकरण, शासन व प्रशासन की कमियों के करण है, किसानों का कोई दोष नही जो भी क्षति होगी उसका सीधा जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा। किसान ने जमीन का मुआवजा भी नही लिया किसान ने हाईकोर्ट इलाहाबाद से जमीन पर स्टे ले लिया लेकिन प्राधिकरण और सदर तहसील के भ्रष्ट अधिकारियों की बिल्डर से मिलीभगत से किसान की लगभग चार बीघा जमीन को गलत तरीके से ग्रुप 108 बिल्डर को कब्जा करा दी। जब किसान ने इसका विरोध किया तो बिल्डर की ओर से किसान को डराया धमकाया जा रहा है। किसानों की धरनास्थल पर 31 जुलाई को महापंचायत होनी थी, जिसमें बिल्डर से किसान की जमीन को मुक्त कराने की किसानों की पूरी तैयारी थी लेकिन प्राधिकरण के नवनियुक्त सीईओ व जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर तहसील ने भरोसा दिया था कि दो तीन दिन में पैमाइश करा कर किसान की जमीन कब्जा मुक्त करा दी जाएगी, इस दौरान निर्माण कार्य बंद रहेगा, लेकिन अब अधिकारी बात से मुकर रहे है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीर सिंह भाटी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, उपाध्यक्ष गिरीश भाटी व उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, महानगर अध्यक्ष योगेश वैष्णव, जिलाध्यक्ष रामबीर भाटी, उपाध्यक्ष उद्यम नंबरदार, उपाध्यक्ष आमोद भाटी, तरूण भाटी, जगत सिंह, भंवर सिंह भाटी, लीला, सीता पडिंत, फहीम, राशिद समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी से मिली डैन्जर्स एडवेंचर्स अन्तर्वेद स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर बाई ऑन फुट जर्नी की टीम



**गाजियाबाद,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। डैन्जर्स एडवेंचर्स अन्तर्वेद स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर बाई ऑन फुट जर्नी की टीम ने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह से मिली। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में टीम के लोगों से संवाद करते हुए उन्हे महत्वपूर्ण 6 बिंदु पर कार्य करने के लिए कहा है। जिसमें सबसे पहले उन्होंने मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत गाजियाबाद से शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, कूड़ा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान के साथ-साथ संचारी रोग अभियान और ईट साइट कैंपेन के अलावा मतदाता जागरूकता की भी बात कही है। उन्होंने कहा है इसे बच्चों के बीच में व्यवहारिक किया जाए निबंध के साथ-साथ अपने जीवन में भी उतारा जाए और बच्चों के बीच प्रतियोगिताओ के माध्यम से विशाल जनसंवाद भी किया जाए। टीम के सदस्यों ने बताया कि डेन्जर्स एडवेंचर्स अन्तर्वेद स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर बाई ऑन फुट जर्नी पर्वतारोही एण्ड गिनिजेज बुक, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर टीम के 20 सदस्यीय दल के श्री जितेन्द्र प्रताप, महेन्द्र प्रताप, गोविन्दा नन्द है। हमारी टीम द्वारा अब तक विश्व के 11 देशों में 04 लाख 35 हजार किमी की विश्वपदयात्रा पूरी की जा चुकी है। इस विश्वशांति विश्वपदयात्रा द्वारा वर्ष 2018 में विश्वपदयात्रा के दौरान दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट ऐवरेस्ट बेस कैम्प की यात्रा सफलता पूर्वक सम्पन्न की गयी। इस विश्वशांति विश्वपदयात्रा के दौरान अब तक हमारे द्वारा 14 करोड़ 50 लाख पौधों का वृक्षारोपड़ भी कराया जा चुका है, हमारी टीम द्वारा देश के समस्त प्रदेशों की विश्वशांति विश्वपदयात्रा करते हुए देवभूमि उत्तराखण्ड के समस्त 13 जनपदों की विश्वपदयात्रा शासन, प्रशासन द्वारा सम्पन्न करते हुए राजस्थान के संपूर्ण 33 जनपदों की यात्रा करके उत्तर प्रदेश की पौराणिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पावन पवित्र भूमि के 75 जनपदों की यात्रा पूरी करेगी। इस विश्वशांति विश्वपदयात्रा की शुरुआत 30 जुलाई 1980 को जनपद लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के श्रीमान अवध बिहारी लाल जी द्वारा शुरू की गई थी। वर्ष 1995 को इस टीम से हम सभी लोग जुड़े अब यह टीम 20 सदस्यीय हो गई है।

## भगवान भरोसे हुई देश की कानून व्यवस्था : पंडित रवि शर्मा



**नोएडा**, 2 अगस्त (देशबन्धु)। पहले मणिपुर में महिलाओं के साथ बर्बरता और अब हरियाणा के नूंह में दंगा, पाकिस्तानी सीमा हैदर का नेपाल के रास्ते नोएडा में प्रवेश और आए दिन बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के घुसपैठ को लेकर सेक्टर 22 आरडब्लूए संरक्षक, ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पंडित रवि शर्मा ने देश की कानून व्यवस्था को भगवान भरोसे बताया है। उन्होंने उपरोक्त मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से कठोर कानून बनाने की मांग की है ताकि देश में बढ़ रहे खतरे व देशवासियों की सुरक्षा को पुख्ता किया जा सके। शर्मा ने कहा कि सीमा हैदर के मामले से सुरक्षा एजेंसियों को संज्ञान लेना चाहिए और देश में एंट्री के सभी रास्तों पर सख्त पहरा बैठाना चाहिए ताकि देश को पाकिस्तानी, बांग्लादेशी, रोहिंग्या जैसे घुसपैठियों से बचाया जा सके। उन्होंने मणिपुर में हिंदू महिलाओं और उनके परिवार के साथ हुई तालिबानी घटना को देश के लिए शर्मसार बताया है। उन्होंने मांग की है कि मणिपुर में सेना को लगाकर जितने भी उग्रवादी हैं सबका सफाया कर वहां पर शांति कायम की जाए। ऐसी ही व्यवस्था की मांग उन्होंने हरियाणा के नूंह के लिए भी की है। पंडित रवि शर्मा की मांग है कि केंद्र सरकार देश और देशवासियों की सुरक्षा को लेकर सख्त से सख्त इंतजाम करे ताकि परिंदा भी देश की सीमा में घुसने से पहले 10 बार सोचे।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

हम पर्यटन पर विशेष ध्यान देने के साथ हरित उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे को विकसित करने और हरित ऊर्जा परियोजनाओं को शुरू करने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने आतिथ्य और पर्यटन उद्योगों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए उन्हें सरकार की प्रतिबद्धता का आश्वासन देते हुए निष्कर्ष निकाला:-

**सुखविन्दर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश**

# वियतनाम ने ग्रेनो के लॉजिस्टिक हब में निवेश की जताई इच्छा



- आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का किया भ्रमण
- निवेशकों को आवेदन करते ही शीघ्र जमीन उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। वियतनाम ने ग्रेटर नोएडा स्थित आईआईटीजीएनएल के लॉजिस्टिक हब में निवेश की इच्छा जताई है। वियतनाम लॉजिस्टिक्स बिजनेस एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल भारत में चार दिन के विशेष दौरे पर आया है जो बुधवार को ग्रेटर नोएडा आया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम और एसीईओ अमनदीप डुली ने प्रतिनिधिमंडल को आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप, मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब (एमएमएलएच) और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) के बारे में प्रस्तुतीकरण के जरिए जानकारी दी।

प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक है। यह प्लग एंड प्ले सिस्टम पर बसाई गई है। उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को बहुत ही कम समय में भूखंड आवंटित किया जाता है। उद्योग लगाने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित कर दी गई हैं। भूखंड आवंटित होते ही उद्यमी उद्योग लगा सकते हैं। राष्ट्रीय राजधानी के करीब होने के साथ ही यह टाउनशिप रोड, रेल व एयर कनेक्टीविटी के मामले में अन्य शहरों से बहुत बेहतर है। एसीईओ अमनदीप डुली ने बताया कि एमएमएलएच और एमएमटीएच प्रोजेक्ट को लाने के लिए तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं एवम अगले 2 से 3 महीनों में एमएमएलएच के लिए टेंडर जारी कर दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने एमएमएलएच परियोजना के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की एवम जानकारी प्राप्त की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का दौरा भी किया। आईआईटीजीएनएल के कंपनी सेक्रेटरी पतंजलि दीक्षित ने प्लग एंड प्ले सिक्टम, ऑटोमेटेड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, विद्युत सबस्टेशन आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने टाउनशिप के इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना करते हुए एमएमएलएच में निवेश की इच्छा जताई।

# सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन व सारी सुविधाएं मिलेगी

**ग्रेनो प्राधिकरण ने सीईओ ने सफाई में लगी एजेंसियों को जारी किया सख्त निर्देश**

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन समेत सारी सुविधाएं मिलेंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने साफ सफाई के कामों में लगी एजेंसी से कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के लिए कहा है। साथ ही प्राधिकरण की ओर से समय पर पैसा जारी करने का भरोसा दिया है। शहर में सफाई करने वाली एजेंसी ने संचालकों ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से मिले। उन्होंने अपनी समस्याओं को साझा किया। सीईओ ने कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जाए। अन्य सुविधाएं भी उन्हें मुहैया करवाई जाएं। उनका ईपीएफ भी समय पर जमा किया जाए। उन्होंने एजेंसी को भरोसा दिया कि उन्हें समय पर पैसा जारी किया जाएगा। सीईओ ने कहा कि कर्मचारियों की हड़ताल इन्हीं मांगों को लेकर होती है। इसलिए इन कामों को समय पर करें।

# शोर की जमीन अनारक्षित घोषित करने पर जिलाधिकारी का किसानों ने किया स्वागत



ग्रेटर नोएडा, 2 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा ग्रामीण इलाकों में शोर की जमीन को अनारक्षित श्रेणी में घोषित करने पर जिले के किसानों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में भारतीय किसान यूनियन ने इस कार्य में जिला प्रशासन के प्रयासों के लिए बुधवार को जिला मुख्यालय के सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को पगड़ी पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया, किसानों ने जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, अपर जिलाधिकारी एल.ए.बलराम सिंह तथा उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह को भी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी गण एवं किसान मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### यीडा के सेक्टर 33 में 55 आवंटियों को जल्द मिलेगा भूखंड पर कब्जा

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सेक्टर-33 के 55 आवंटियों को जल्द ही भूखंड पर कब्जा मिल जाएगा। प्राधिकरण ने जमीन खरीदकर विकास कार्य शुरू करा दिए हैं। अगले दो महीने में विकास कार्य पूरा होने की उम्मीद है। यमुना प्राधिकरण ने 2013 में सेक्टर-33 में 55 आवंटियों को भूखंड आवंटित किए थे। भूखंड आवंटन के बाद प्राधिकरण जमीन खरीदना भूल गया। आवंटी इसको लेकर लगातार मांग करते रहे हैं। जब यह मामला सीईओ डॉ. अरुणवीर के संज्ञान में आया तो उन्होंने जमीन खरीद की। अब वहां विकास कार्य शुरू कर दिए गए हैं। सेक्टर के आंतरिक विकास के बाद आवंटियों को रजिस्ट्री के लिए पत्र जारी किया जाएगा।

### इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाल दिए अश्लील फोटो, पुलिस से शिकायत

**दनकौर।** दनकौर कस्बा निवासी एक नवविवाहिता के इंस्टाग्राम अकाउंट पर उसके प्रेमी ने अश्लील फोटो डाल दिए। जिसकी जानकारी होने पर महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। जेवर निवासी एक युवती की करीब 2 महीने पहले दनकौर कस्बे के एक युवक शादी हुई है। आरोप है कि नवविवाहिता के इंस्टाग्राम अकाउंट पर उसके प्रेमी ने अपने और अपनी प्रेमिका के कुछ अश्लील फोटो पोस्ट कर दिए। जिसकी जानकारी महिला के पति को हुई तो उसने इस संबंध में आरोपी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। इस बारे में पुलिस का कहना है कि पीड़ित पति की शिकायत पर आरोपी को लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा परखवाड़ा के तहत लोगों को किया गया जागरूक



**फाइन आर्ट्स क्लब के विद्यार्थियों ने रंगोली और पोस्टर के माध्यम से बताए यातायात के नियम**

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय में चल रहे नेशनल रोड़ सेफ्टी पखवाड़ा का समापन हो गया। विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर इसका आयोजन कराया। जिसमें विभिन्न विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। शारदा विश्वविद्यालय के स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डॉ. बी.के. सिंह और फाइन आर्ट्स की कॉर्डिनेटर डॉ रचना बंसल ने बताया कि इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के एनसीसी के कैडट्स, एनएसएस, फाइन आर्ट और लिट्रेसी क्लब के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रोड़ सेफ्टी को लेकर शपथ ली। फाइन आर्ट्स क्लब के बच्चों ने रंगोली और पोस्टर मेकिंग के जरिए जागरूक किया। इसमें 49 बच्चों ने हिस्सा लिया। लिट्रेस्टी क्लब की कॉर्डिनेटर डॉ. प्राची प्रियंका बताती है कि सड़क सुरक्षा पर डिबेट का आयोजन किया गया। एनएसएस के कॉर्डिनेटर डॉ. के.के. पांडेय और एएनओ लेफ्टिनेंट यशोदरा राज ने बताया कि परीचौक पर जाकर कैडट्स और एनएसएस के बच्चों ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और रांग साइड जा रहे वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के बारे जागरूक किया।

# आग से बचने के लिए बच्चों के लिए फायर ड्रिल का हुआ आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। समसारा विद्यालय में फायर ड्रिल का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी विधार्थी ड्रिल के दौरान तत्परता दिखाते हुए अपनी-अपनी कक्षा से निकलकर सावधानी पूर्वक विद्यालय के मैदान में इकट्ठा हुए। इस ड्रिल में समस्त समसारा प्रबंधन विभाग, मेंटेनेंस विभाग व शिक्षण विभाग भी शामिल हुआ। जिसके पश्चात सभी को गिनती करके कक्षा में भेज दिया गया। यह ड्रिल लगभग 1 मिनट में पूरी हुयी। समसारा विद्यालय की प्रधानाचार्या कैप्टन प्रवीन रॉय ने समय समय पर इस तरह की ड्रिल की आवश्यकता बताई और इनकी महत्ता से अवगत कराया। जिससे सभी किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।

# यमुना प्राधिकरण में पहले आओ पहले पाओ फ्लैट की योजना



- प्राधिकरण ने सेक्टर 22 डी में दो बीएचके के बने बनाए फ्लैट

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने रेडी टू मूव फ्लैट की योजना निकाली है। पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर टू बीएचके फ्लैट के लिए बुधवार से आवेदन शुरू हो गए। यहां पर आपको 42.34 लाख में यह फ्लैट मिलेगा। सेक्टर-22 डी में टू बीएचके फ्लैट की साइज 99.86 वर्ग मीटर ये फ्लैट सेक्टर 22-डी में हैं। योजना में 462 फ्लैट हैं। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि पहली और दूसरी मंजिल के लिए आपको 100 रुपए/वर्गफीट, तीसरी-चौथी मंजिल के लिए 75 रुपए/वर्गफीट और पांचवीं-छठी मंजिल के लिए 50 रुपए/वर्गफीट अतरिक्त चुकाने होंगे।

### यमुना प्राधिकरण में ओटीएस योजना लागू

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण ने बकायेदार आवासीय आवंटियों के लिए पहली अगस्त से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शुरू कर दी है। एक महीने तक इस योजना में आवेदन किया जा सकता है। योजना में एक महीने तक आवेदन किया जा सकता है। प्राधिकरण में इस समय 9812 आवंटी बकायेदार हैं। इन पर 4439 करोड़ से अधिक का बकाया है।

# आईएचई एक्सपो का हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सुक्खू ने किया उद्घाटन

## इंडिया एक्सपोमार्ट में 5 अगस्त तक चलने वाले एक्सपो में होटल उद्योग के सदस्यों ने लिया हिस्सा



**ग्रेटर नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। छठें इंडियन इंटरनेशनल हास्पिटलिटी एक्सपो (छठें भारत अंतरराष्ट्रीय आतिथ्य एक्सपो) आईएचई 2023 का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में किया। आतिथ्य उद्योग को प्रदर्शित करने वाला चार दिवसीय कार्यक्रम 2 अगस्त से 5 अगस्त तक चलेगा। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम पर्यटन पर विशेष ध्यान देने के साथ हरित उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे को विकसित करने और हरित ऊर्जा परियोजनाओं को शुरू करने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने आतिथ्य और पर्यटन उद्योगों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए उन्हें सरकार की प्रतिबद्धता का आश्वासन देते हुए निष्कर्ष निकाला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस आयोजन के लिए प्रदर्शकों की निर्देशिका जारी की। उन्होंने प्रसिद्ध शेफ नंद लाल शर्मा की पुस्तिका 'देवताओं के व्यंजन' का भी अनावरण किया। इसके उपरांत, मुख्यमंत्री ने इंडियन एक्सपो मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) और होटल उद्योग के सदस्यों के साथ भी बैठक की। इस अवसर पर राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार और उद्यमियों के दृष्टिकोण पर चर्चा की गई। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने मुख्यमंत्री और हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. कुमार के स्वागत भाषण ने राज्य की सुंदरता और आतिथ्य की प्रशंसा करते हुए हिमाचल प्रदेश को बैठकों, प्रोत्साहनों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उजागर किया। उन्होंने एक अत्याधुनिक क्षेत्रीय केंद्र विकसित करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ सहयोग करने के लिए आईईएमएल के सहयोग पर जोर दिया।

रघुबीर सिंह बाली, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष ने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राज्य के प्रयासों की सराहना की और एडीबी परियोजना में 2,500 करोड़ रुपए का निवेश करके पर्यटन बुनियादी ढांचे के विकास और विस्तार के लिए राज्य की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा की तिथि 10 अगस्त तक बढ़ी

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप कृषि निदेशक ने जिले के सभी कृषकों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषकों के लिए पहले बीमा कराने की तिथि 31 जुलाई थी, जिसको बढाकर 10 अगस्त कर दिया गया है। सभी किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत अपनी फसल का बीमा अवश्य कराए और फसल में होने वाली क्षति के जोखिम से बचे। उन्होंने बताया कि जिले में योजना को चलाने के लिए एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड को नामित किया गया है। खरीफ की फसल में धान एवं बाजरा तथा रबी की फसल में गेहूं की फसल को इस योजना के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में खरीफ में धान एवं बाजरा, रबी मे गेहूं की अधिसूचित फसल है। धान की फसल कि बीमित धनराशि 84,100 रुपए है एवं कृषक अंश के रूप में 2 प्रतिशत (धनराशि 1682 रुपए प्रति हैक्टेयर) प्रीमियम बैंक द्वारा लिया जायेगा। बाजरा कि बीमित धनराशी 33,600 रुपए है एवं कृषक अंश के रूप में 2 प्रतिशत (धनराशि 672 रुपए प्रति हैक्टेयर) प्रीमियम बैंक द्वारा लिया जायेगा तथा गेहूं की फसल कि बीमित धनराशी 86,500 रुपए है एवं कृषक अंश के रूप में 1.5 प्रतिशत ( धनराशि 1297.50 रुपए प्रति हैक्टेयर) प्रीमियम बैंक द्वारा लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह योजना जनपद गौतमबुद्धनगर के सभी ऋणी व गैर ऋणी कृषकों के लिये लागू होगी। ऋणी कृषकों के लिये यह योजना स्वैच्छिक है एवं ऋणी कृषक अऋणी कृषक 10 अगस्त 2023 तक अपनी धान व बाजरे की फसल का बीमा बैंक एवं जनसेवा केन्द्र के माध्यम से करा सकते है। किसी भी सहायता के लिए कृषक फसल बीमा जिला प्रबंधक गौतमबुद्धनगर से 7906769211 पर संपर्क कर सकते है।

# ग्रेनो वेस्ट में चार मूर्ति चौक पर जाम से जल्द निजात मिलेगा

**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण चौक पर 80 करोड़ रुपए की लागत से बनाएंगा अंडरपास**

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में चार मूर्ति चौक पर अंडरपास जल्द बनेगा। इसके निर्माण पर 80 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होंगे। प्राधिकरण परियोजना की निगरानी के कंसलटेंट का चयन पहले ही कर चुका है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आबादी तेजी से बढ़ रही है। गौड़ चौक मुख्य चौराहा है। ट्रैफिक जाम की समस्या न हो, इसके लिए अस्थायी विकल्प के तौर पर चौराहे के दोनों तरफदो यूटर्न बने हैं। गौड़ सिटी की तरफ से सूरजपुर या नोएडा को जाने वाले वाहन 130 मीटर रोड पर बने यूटर्न से होकर गुजरते हैं। इसी तरह 130 मीटर रोड या सूरजपुर की तरफसे गौड़ सिटी व प्रताप विहार को जाने वाले वाहन नोएडा की तरफ बने यूटर्न से होकर जाते हैं। इस समस्या का स्थायी समाधान कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सरकारी सलाहकार एजेंसी राइट्स से सर्वे कराया था। एजेंसी ने यहां पर अंडरपास बनाने का सुझाव दिया था। ये अंडरपास चौराहे पर 130 मीटर रोड को क्रॉस करते हुए 60 मीटर रोड के पैरलल बनेगा। यानी प्रताप विहार से सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा के बीच वाहन इस अंडरपास से होकर गुजरेंगे। अंडरपास का निर्माण शुरू होने के बाद पूरा होने में करीब दो साल का समय लगने का अनुमान है।

# मेवात में हुए हमले के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल का विरोध प्रदर्शन



- बजरंग दल ने कहा मेवात को नहीं बनने देंगे हिंदुओं का कब्रिस्तान

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। हरियाणा के मेवात में मंदिरों पर जाते हुए श्रद्धालुओं पर जानलेवा हमले के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रदर्शन कर हिंदू धार्मिक यात्रा पर हुए जिहादी क्रूरता के विरोध किया। विश्व हिन्दू परिषद, के जिला अध्यक्ष विनय चौधरी ने कहा कि श्रावण में प्रतिवर्ष किसी भी सोमवार पर मेवात के अंदर भगवान शंकर का आशीर्वाद लेने के लिए महाभारत कालीन पांच मंदिरों में श्रद्धालु जाते हैं। लगभग 20-25 हजार श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे हुए थे। अभी यात्रा शुरू हुए 15 मिनट भी नहीं हुए कि, उन पर उपद्रवियों ने गोलियां और पत्थर बरसाने तथा आगजनी शुरू कर दी,जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला अध्यक्ष विनय ने आरोप लगाया कि इस घटना के जिम्मेदार वे लोग हैं जो इन दंगाइयों को भड़काते हैं उनके भड़काने के कारण से ही, मुहर्रम व रामनवमी पर हमले होते हैं। घटना में कितने लोग बलिदान हुए है, प्रशासन से भी इस बारे में सही आंकड़े नहीं मिल पा रहे हैं। घायलों की चिंता और उनके उचित उपचार की व्यवस्था की जाए। गंभीर आत्म विश्लेषण का अवसर है कि कल नूह में डायरेक्ट एक्शन की तरह का वातावरण बना था। मैं उन मोलवियों से भी कहना चाहूंगा जो किसी भी बहाने से भड़काने की कोशिश करते हैं, उसका ही यह दुष्परिणाम दिखाई दिया है। यह उचित नहीं है। यह आत्मघाती प्रवृत्ति है। छोटे छोटे बच्चों को आगे लाकर तुम आगजनी करवा कर, उनका कैसा भविष्य निर्माण कर रहे हो? वहां आप भले ही मेजोरिटी में होंगे, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप उसको हिंदुओं का कब्रिस्तान बना दोगे। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहां आतंकी हमले के कारण बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या हुई है और समाज के दो अन्य व्यक्ति भी बलिदान हुए हैं, विश्व हिंदू परिषद की मांग है उन सबके परिवारों को एक एक करोड़ रुपया दिया जाए। जो घायल हुए हैं उनको 20 लाख रुपया तथा जिनकी गाड़ियां और बसें नष्ट हो गई हैं उनको पूरी तरह क्षति पूर्ति की जाए।


**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लाट नं0-01 सैक्टर के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि NTPC Sahkari Awas Samiti Ltd. के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या SB-233, Sector-Builder's Area, P-6, Greater Noida क्षेत्रफल-200.28 वर्ग मीटर, Shri Megh Raj Singh S/o Shri Rikhan Singh & Mr. Vikas Kumar & Mr. Vinay Kumar Both S/o Shri Megh Raj Singh के पक्ष में हस्तांतरित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Late Shri Megh Raj Singh की मृत्यु दिनांक-20.06.2021 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन पूर्ण रूप से सह आवंटी Mr. Vikas Kumar & Mr. Vinay Kumar Both S/o Late Shri Megh Raj Singh ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण कार्यालय में मूल आवटियों Late Shri Megh Raj Singh के स्थान पर उक्त भवन पूर्ण रूप से सह आवंटी Mr. Vikas Kumar & Mr. Vinay Kumar Both S/o Late Shri Megh Raj Singh के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंह )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. N-3/104 Ist Floor, Tower-N-3, Area-79.43 Sqm., Eros Sampoornam, Plot No. Gh-01, Sector-02, Greater Noida जो कि Sh. D.P. Khandelwal & Mr. Vivek Khandelwal निवासी B-234, Yojna Vihar, East Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-26.05.2018 को पंजीकृत है। Sh. D.P. Khandelwal की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. Vivek Khandelwal ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पिता के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Vivek Khandelwal S/o Late Sh. D.P. Khandelwal का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 3 अगस्त 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## लोकसभा की ओर बढ़तीं खून की लकीरें

देश का हर वह इंसान क्षुब्ध और कहीं-कहीं पर बेबस दिखलाई दे रहा है जो लोकतंत्र में विश्वास रखता है और समानता व बंधुत्व के मार्ग पर ही समाज को बढ़ता हुआ देखना चाहता है। वह हतप्रभ है कि कैसे केवल 3-4 महीनों के भीतर-भीतर एक के बाद एक होती साम्प्रदायिकता घटनाओं की लपटों से देश घिर गया है। वह मौजूदा हालातों को लेकर चिंतित है। वह व्यथित है कि मणिपुर तो खाक हो ही गया है और कह नहीं सकते कि दिल्ली से सटे मेवात में लगी आग कब देश की राजधानी में प्रवेश कर जाये। जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस की दो बोगियों और पेंट्री कार में सोमवार की अल्लसुबह जनता के रक्षार्थ दी गई सरकारी राइफल से जो शोले निरीह लोगों पर ही बरसे उसने यह भी बता दिया है कि घृणाजनित हिंसा लोगों के कितने भीतर तक घर कर गई है।

ये अनायास घटी वारदातें होतीं तो कम से कम यह संतोष होता कि चलिये, आगे-पीछे इन पर काबू पा लिया जायेगा; पर अब महसूस होने लग गया है कि यह तमाम घटनाक्रम सुनियोजित व अंतर्गुंफित है। सब एक क्रोनोलॉजी के तहत किसी बड़े से मुकाम को हासिल करने के लिये सायास कराये जा रहे हैं। ऐसा मानने के कई कारण हैं। पिछले लगभग एक साल का घटनाक्रम व मौजूदा हालात देखें तो साफ है कि चुनाव जीतने के भारतीय जनता पार्टी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने फार्मूले काम नहीं आने वाले। पुलवामा दोहराया नहीं जाएगा, क्योंकि इस पर संदेह के सारे बादल छंट चुके हैं कि अब ऐसी कोई भी घटना होने पर वे लोग इसके पीछे के खेल को जान जायेंगे जिन्होंने इससे द्रवित होकर भाजपा-मोदी की दूसरी बार ताजपोशी की थी। राममंदिर, महाकालेश्वर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर आदि को जितना लाभ देना था, सारा मिल चुका है। हालांकि ज्ञानवापी मुद्दे को भी खोला जा रहा है।

उधर राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरनेम को लेकर दिये गये उनके बयान पर दाखिल केस से वे कमजोर नहीं पड़े। उलटे, लोग जान गये कि उन्हें संसद से बाहर रखने के लिये ही यह अवमानना-अवमानना का खेल खेला गया था। राहुल लोगों की सहानुभूति बटोर ले गये और देश के ज्यादातर मजबूत विपक्षी दल उनके पीछे लामबन्द हो गये हैं। मोदी के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ उनके सम्बन्धों को लेकर आवाज़ उठाने के कारण लोकसभा से निकाल बाहर किये गये राहुल की आवाज दब न सकी और अब तो सत्ता पक्ष को धुकधुकी है कि सुप्रीम कोर्ट उनके खिलाफ सजा को रद्द न कर दे अथवा घटा न दे जिससे उनका सदन में वापसी का रास्ता खुल जाये। खैर, इस बारे में आने वाला समय ही खुलासा करेगा कि राहुल की लड़ाई सदन में लौट आती है या वे सड़कों पर ही सरकार विरोधी अपने हमलों को विस्तार देंगे।

राहुल की भारत जोड़ो यात्रा पहले ही लोकप्रिय हो चुकी है। इसने मोदी की छवि को धराशायी कर दिया और इसके विपरीत लोगों को राहुल में एक जन नेता की वह तस्वीर दिखलाई पड़ने लगी जिसे एक खर्चीले अभियान के तहत उन ताकतों द्वारा विकृत कर दिया गया था, जिसका उद्देश्य एक लोकहितकारी सरकार को हटाकर ऐसी सरकार बनाना था जो पूंजीपतियों की तिजोरियां भर सके। मोदी इसी तरीके से केन्द्र की सत्ता में बैठे। उन्होंने अपने तमाम जनविरोधी फैसलों को धर्म और राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर यूं पेश किया कि आम जनता को उनकी कड़ुवाहट महसूस नहीं हुई। आर्थिक निर्णय से जनता कंगाल व कमजोर होती गई तो धर्म आधारित कामों से वे जनता का भावनात्मक दोहन भी करते रहे। एक तरह से उन्होंने देश को दो वर्गों में विभाजित कर दिया- एक बहुसंख्यकों का तो दूसरा अल्पसंख्यकों का। समानता पर आधारित समाज देश के लिए देखते-देखते इतिहास हो गया। आड़े आने वाले नेताओं से निपटने के लिए उन्हें केन्द्रीय जांच एजेंसियों की जांच टेबलों पर भेजा जाने लगा।

देश की मुख्यधारा का मीडिया चाहे उन्हें महामानव साबित करता रहा हो, परन्तु विदेश में मोदी की भरपूर भद्द पिटी और अपनी कार्यपद्धति पर उन्हें मुश्किल सवालों का देश के बाहर सामना करना पड़ा। इधर अपनी तिजोरियों के मुंह खोल देने और तमाम हथकण्डों के बावजूद पहले हिमाचल प्रदेश और तत्पश्चात कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में जब भाजपा खेत रही तो उसे अपने चिर-परिचित हथियार यानी साम्प्रदायिकता पर फिर से सान चढ़ाने की ज़रूरत महसूस होने लगी है। तभी तो मणिपुर की आग को खूब सुलगाया गया। कुकी समुदाय को मैतेइयों से भिड़ाकर भाजपा की डबल इंजिन सरकार इसलिए चुप बैठी रही क्योंकि वह स्थिति विस्फोटक ही सही परन्तु सामाजिक ध्रुवीकरण के काम आ रही थी (अब भी आ रही है)। मामला शीर्ष अदालत में पहुंचा और जब वहां मी लॉर्ड ने सख्ती दिखाई तो मोदी ने संसद भवन के बाहर संक्षिप्त बयान दिया पर मुख्य बात से वे अब भी भाग रहे हैं। अब जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने मणिपुर के आला अधिकारियों को तलब कर ही दिया है तो केन्द्र सरकार व भाजपा के पांव कांप रहे हैं।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों के निकट पहुंचकर भाजपा को अपनी राह कठिन दिख रही है। लोकसभा की डगर तो और भी जटिल। उसके कांग्रेस मुक्त, विपक्ष मुक्त, वंशवाद, प्रतिपक्षियों के कथित भ्रष्टाचार के नारे भोथरे होते जा रहे हैं, तो स्वाभाविकत: भाजपा साम्प्रदायिक दंगों पर ही दांव खेलेगी। यह पहले से ही लग रहा था। मणिपुर से मेवात तक की रक्तरंजित घटनाएं एक ही डोर से बंधी है जिनसे टपकती खून की लकीरें लोकसभा-2024 की चौखट की तरफ जाती दिख रही हैं। भाजपा सम्भवत: इसी खून से सने पैरों से संसद में प्रवेश की तैयारी कर रही है।

# गुजरात मॉडल को स्वीकारना या नकारना जनता के हाथ में

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

सभी देशवासियों को मुबारक हो कि जिन उम्मीदों के साथ श्रीमान नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया गया था, एक बार नहीं, दो-दो बार उन्हें अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सत्ता सौंपी गई थी, वो अब पूरे हो गए हैं। गुजरात मॉडल पूरे देश में लागू हो चुका है। बीते 9 बरसों में बीच-बीच में इसके कई उदाहरण सामने आए, लेकिन पूरी तरह से यकीन नहीं हो रहा था कि हम 2002 वाले गुजरात को दोहराता देख पाएंगे या नहीं। अब मणिपुर को देखकर यह भरम भी जाता रहा। बिल्किस बानो आज भी अपने जख्मों के साथ जी रही हैं, उनका साथ देने के लिए अब मणिपुर की महिलाएं भी हैं। कितनों के साथ बलात्कार हुआ, कितनों को उनके पतियों ने कुकी या मैतेई होने के कारण छोड़ दिया, कितनी कुकी महिलाओं को मैतेई महिलाओं ने प्रताड़ित करवाया, मणिपुर में अपने घरों को छोड़ कर शरणार्थी बना दिए गए लोग किन हालात में रह रहे हैं, बच्चे कैसे विस्थापन, हिंसा और भयानक अपराधों के सदमे को सह रहे हैं, उनका भविष्य किस तरह का बनेगा, वो कब तक सामान्य तरह से शिक्षा पाने और मनोरंजन, खेलने-कूदने के अपने अधिकारों को हासिल कर पाएंगे, मणिपुर में बिगड़े हालात के कारण अर्थव्यवस्था पर जो असर पड़ा है, क्या वो लॉकडाउन और नोटबंदी के असर से भी गंभीर होगा, वहां आम इंसान जब पशुओं से गयी-गुजरी दशा में रह रहे हैं तो पशु-पक्षियों की हालत क्या हो रही होगी, ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब पाने की उम्मीद अब छोड़ ही देनी चाहिए। जब मोदीजी अपने संवैधानिक दायित्व यानी संसद में आकर जवाब देने की जिम्मेदारी पूरी नहीं कर रहे हैं, तो फिर ऐसे सवालों के जवाब तैयार करने की जहमत उनकी सरकार में कोई क्यों उठाएगा। वैसे कयास लग रहे हैं कि विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देने मोदीजी संसद में आएंगे ही, लेकिन पिछले अनुभवों को देखते हुए यह कहना कठिन है कि वे मणिपुर पर अपनी जवाबदेही मानते हुए जवाब देंगे। बेशक संख्याबल के कारण अविश्वास प्रस्ताव का उनकी सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बिगाड़ के डर से उनके सांसद भी ईमान की बात नहीं कहेंगे। अगर मोदीजी फिर एक गंभीर मुद्दे को शाब्दिक जाल में उलझाकर मणिपुर के लिए नेहरूजी और बाद की सरकारों को दोषी ठहरा दें, तो इस पर आश्चर्य भी नहीं होगा।

लेकिन इस गैरजिम्मेदारी के बावजूद एक और सवाल इस सरकार से पूछा जाना चाहिए कि मान लीजिए मणिपुर में किसी तरह शांति बहाली हो जाए, तो क्या संदेह की जो लकीर दो समुदायों के बीच स्थायी निशान की तरह खींच दी गई है, क्या वो किसी तरह मिट सकेगी। क्योंकि अगर धुंधली भी बनी रही तो तय जानिए कि भविष्य में फिर राजनैतिक, आर्थिक स्वार्थ के लिए उसे गाढ़ा बना दिया जाएगा। गुजरात मॉडल को ही देख लीजिए, अब वहां ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम और वैष्णव जन तो का सुमधुर गान नहीं होता। वहां जय श्रीराम का नारा ही बुलंद है और अल्पसंख्यकों को उनके कपड़ों से लोग पहचानने लगे हैं। गुजरात में 20 साल पहले जो आग भड़की थी, उस पर दिल्ली की रोटी सेंकने में मोदीजी सफल हो गए। अब देश में फिर एक बार वही प्रयोग शुरु हो चुका है। पर्दे पर तो विकास की तस्वीरें हैं। जी-20 के कारण दुनिया में दिखाने के लिए जो साज-सज्जा चाहिए, वो सब की जा रही है। लेकिन पर्दे के पीछे के हालात भी अब छेदों से चुगली करने लगे हैं। मणिपुर तो उत्तरपूर्व में था, लिहाजा वहां की खबरों को यथासंभव दबाया गया। वो तो वायरल वीडियो के कारण परेशानी खड़ी हो गई। मोदी जी और उनके मंत्रियों ने इस पर भी राजस्थान, छत्तीसगढ़ करना चाहा। सर्वोच्च अदालत में भी वकील बांसुरी स्वराज ने यही दलील दी। प्रसंगवश बता दें कि बांसुरी, दिवंगत भाजपा नेता सुषमा स्वराज की बेटी हैं। विदेश मंत्री रहने के दौरान सुषमाजी अक्सर एक ट्वीट पर परदेस में रह रहे लोगों की मदद करती नजर आईं। अभी वो होतीं तो क्या मणिपुर पर चुप रहतीं या स्मृति ईरानी की तरह चीख-चीख कर कांग्रेस से जवाब मांगतीं या मोदीजी को राजधर्म याद दिलातीं, पता नहीं। लेकिन उनकी बेटी ने अदालत में मोदीजी की तरह ही दलील पेश की कि राजस्थान और प.बंगाल में भी ऐसा ही हुआ है। इस पर प्रधान न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ ने कहा कि मणिपुर में जो कुछ हुआ उसे हम यह कहकर उचित नहीं ठहरा सकते कि ऐसा और राज्यों में भी हुआ। क्या आप कह रहे हैं कि सभी महिलाओं की रक्षा करें या किसी की भी रक्षा न करें?

गुजरात में 20 साल पहले जो आग भड़की थी, उस पर दिल्ली की रोटी सेंकने में मोदीजी सफल हो गए। अब देश में फिर एक बार वही प्रयोग शुरु हो चुका है। पर्दे पर तो विकास की तस्वीरें हैं। जी-20 के कारण दुनिया में दिखाने के लिए जो साज-सज्जा चाहिए, वो सब की जा रही है। लेकिन पर्दे के पीछे के हालात भी अब छेदों से चुगली करने लगे हैं।

निश्चित ही यह जवाब मोदीजी के उस 36 सेंकड के क्रोध और दुख का सटीक जवाब है, जो उन्होंने संसद के बाहर प्रकट किया था। मोदीजी का अपनी निद्रा पर अंकुश है, ये बात तो वे बतला चुके हैं। उन्हें तीन-चार घंटों से अधिक की नींद नहीं चाहिए। लेकिन उनका अपने दुख और क्रोध पर भी नियंत्रण है, ये बात कमाल की है। लेकिन ये नियंत्रण किसी क्रिकेटर की उंगली पर लगी चोट के वक्त कायम नहीं रहता। तब वे द्रवित होकर ट्वीट कर बैठते हैं। मगर मणिपुर जैसी घटनाओं के लिए 36 सेंकड ही काफी हैं। इससे ज्यादा का वक्त लगाएंगे तो चुनाव प्रचार के लिए वक्त कैसे निकालेंगे। वैसे भी गुजरात मॉडल अकेले मणिपुर तक तो सिमटा नहीं रहेगा। देखिए, हरियाणा में ऐसी हिंसा भड़की कि यहां भी इंटरनेट प्रतिबंधित करना पड़ा, धारा 144 का लगना तो अब ऐसा हो गया है जैसे मामूली सर्दी-जुकाम में लोग डाक्टर से बिना पूछे ही पैरासिटामॉल खा लेते हैं। और स्कूल-कॉलेज भी हिंसा के कारण बंद हो गए। तो यहां भी कोई फिक्र की बात नहीं है। आखिर सरकार क्यों चाहेगी कि बच्चे पढ़ें और आगे बढ़ें। ऐसा हुआ तो फिर नौकरियों के सवाल उठेंगे, अधिकारों को लेकर जागरुकता फैलेगी। अभी तो व्हाट्सऐप यूनविर्सिटी का जो ज्ञान मिल रहा है, वही घुट्टी की तरह घोलकर पी लें, यही सरकार के हित में है। क्योंकि गुजरात मॉडल इसी से कायम रहेगा। इंटरनेट बंद होने के कारण व्हाट्सऐप न चले तो कोई बात नहीं, तब तक टीवी चैनल इस जिम्मेदारी को संभाल लेंगे। 9 सालों में देश में जहरीले उत्पाद एक अकेले ने तैयार नहीं किए, पूरी फौज उसमें सेनापति के साथ लगी हुई थी। जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में आरपीएफ कांस्टेबल चेतन कुमार ने अपने वरिष्ठ अधिकारी समेत चलती ट्रेन में चार लोगों को जिस तरह मार गिराया, वो इस जहरीले उत्पाद का एक छोटा सा उदाहरण ही है। चेतन नाम हिंदू है, इसलिए बहुत से लोग इसे आतंकी घटना की तरह पेश नहीं कर रहे हैं। क्योंकि ऐसे लोगों की नजरों में सारे आतंकवादी एक खास धर्म और वेशभूषा के ही होते हैं। मान लें कि चेतन की जगह कोई चंगेज़ ऐसी हिंसा करता, तब तो देश पर बड़ा आतंकी हमला, जैसे शीर्षकों के साथ मीडिया रंगा-पुता नजर आता। उसके पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया, ईराक के संबंध निकल आते। मोदीजी तब 36 सेंकड की जगह शायद 36 मिनट की प्रतिक्रिया देते और मुनासिब समझते तो अगले चुनावों तक इस घटना को भुनाते हुए सर्जिकल स्ट्राइक, घर में घुसकर तक मारने जैसे ऐलान कर चुके होते। मगर अभी तो उन्होंने शायद 3 सेंकड का अफसोस भी मरने वालों के लिए जाहिर नहीं किया, दुख और क्रोध तो दूर की बात है। मोदीजी को ये तो याद रखना चाहिए कि चेतन कुमार ने उनका नाम लेकर चार लोगों को मार दिया, कम से कम इस नाते ही बयान दे देते कि मेरे नाम का ऐसा दुरुपयोग न हो। देश में तो जगह-जगह राइफलधारी सुरक्षाकर्मी तैनात नजर आते हैं, कब कोई मोदीजी के प्रभाव में निर्दोषों की जान ले ले, कौन जानता है।

1 तारीख को मोदीजी पुणे में लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित हुए। तिलक ने नारा दिया था स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर रहूंगा। मोदीजी भी गुजरात मॉडल को शायद जन्मसिद्ध अधिकार मानते हुए इसे पूरे देश में लागू करने पर आमादा हैं। जनता तय करे कि उसे ये मॉडल लेना है या नहीं।

# कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा भी उसी की राह पर

विपक्ष में रहते हुए भारतीय जनता पार्टी राजनीति के जिन मुद्दों का सारेआम विरोध किया करती थी, सरकार में आने के बाद उन्हीं मुद्दों को न केवल अपनाने लगती है बल्कि जोर-शोर से उनका प्रचार भी करने लगती है। भाजपा का यह विरोधाभास कई रूपों में देखने को मिला है। विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने आधार कार्ड का भी विरोध किया था और जीएसटी कानून का भी। तब कांग्रेस सरकार की तमाम योजनाओं का भाजपा ने व्यापक तरीके से विरोध किया था लेकिन केंद्र की सत्ता में आते ही इन तमाम योजनाओं को ऐसे गले लगा लिया मानो ये उनकी अपनी योजनाएं हों और भाजपा ने कई दशक की मेहनत के बाद उन योजनाओं को तैयार किया हो। यही नहीं किसी जमाने में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, बसपा, समाजवादी पार्टी, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समेत देश की एक दर्जन से अधिक गैरकांग्रेसी पार्टियों के नेताओं पर वोटों की राजनीति के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली पार्टी अब खुद भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में किसी से पीछे नहीं दिखना चाहती।



■ ज्ञानेन्द्र पाण्डेय

देश की किन सीटों पर भाजपा के मुस्लिम उम्मीदवार खड़े होने हैं उनकी पहचान का काम भी पूरा कर लिया गया है, बस घोषणा ही बाकी है। भाजपा ने 2009 के लोकसभा में चार मुस्लिम नेताओं को पार्टी का उम्मीदवार बनाया था इनमें एक शाहनवाज खान ही चुनाव जीते थे। तब भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। 2014 में भाजपा ने 7 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे थे लेकिन एक भी चुनाव नहीं जीत सका था।

मुस्लिम समुदाय में भी भाजपा ने पसमांदा मुसलमानों को अपने पक्ष में करने का टारगेट रखा है जिसके लिए पार्टी बड़ी तेजी से काम भी करने लगी है। मुस्लिम तुष्टिकरण का यही लक्ष्य हासिल करने की चाह में ही भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सदस्य तारिक मंसूर को पार्टी का नया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी बनाया है। तारिक मंसूर पसमांदा मुसलमान हैं। भारतीय मुस्लिम समाज में पसमांदा मुसलमान उस तबके को कहा जाता है जो आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से पिछड़ा होता है। मुस्लिम समाज में इस तबके के 85 प्रतिशत लोग हैं जबकि सिर्फ 15 प्रतिशत उच्च वर्ग के अशरफ तबके का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुसलमानों का अशरफ तबका आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के नाते नौकरी और राजनीति से लेकर शिक्षा, व्यापार समेत तमाम क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना लेता है इसलिए हर जगह वही दिखाई भी देता है। पसमांदा मुसलमान संख्या में ज्यादा होने के साथ ही उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक समेत देश के ज्यादातर राज्यों में मुस्लिम मतदाताओं की प्रभावशाली संख्या है इसलिए भाजपा ने मुस्लिम तबके को गले लगाने की योजना बनाई है। योजना के मुताबिक भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में कम से कम 66 मुस्लिम उम्मीदवार उतारना चाहती है।

देश की किन सीटों पर भाजपा के मुस्लिम उम्मीदवार खड़े होने हैं उनकी पहचान का काम भी पूरा कर लिया गया है, बस घोषणा ही बाकी है। भाजपा ने 2009 के लोकसभा में चार मुस्लिम नेताओं को पार्टी का उम्मीदवार बनाया था इनमें एक शाहनवाज खान ही चुनाव जीते थे। तब भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। 2014 में भाजपा ने 7 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे थे लेकिन एक भी चुनाव नहीं जीत सका था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से तीन, पश्चिम बंगाल से दो और लक्ष द्वीप से एक कुल 6 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव में खड़े किये थे लेकिन चुनाव एक भी नहीं जीत सका था। 2024 के चुनाव में भाजपा 66 मुस्लिम उम्मीदवार खड़े करना चाहती है इसलिए उसका जोर 85प्रतिशत पसमांदा मुसलमानों को तुष्टिकरण के बल पर अपने साथ लाने पर है। गौरतलब है कि पहले 2015 फिर 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को वांछित सफलता न मिलने से बिहार के कई मुस्लिम नेता भाजपा छोड़ कर चले गए थे। इसके बाद ही पार्टी को लगाने लगा था कि मुस्लिम समुदाय को साथ में लिए बगैर चुनाव जीतना आसान नहीं होगा।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2023 में पार्टी के नेताओं से अल्पसंख्यक समुदाय को लेकर बेवजह की बयानबाजी से दूर रहने का आग्रह किया था। इसका कितना असर हुआ यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन इसके तीन महीने बाद ही मार्च के महीने में कर्नाटक भाजपा के नेताओं ने हिजाब मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली मुस्लिम महिलाओं को आतंकवादी और देशद्रोही कहने से संकोच नहीं किया था। इसका जवाब भाजपा को मई के महीने में सम्पन्न कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में मिल ही गया था। इस बीच इतना जरूर हुआ कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा ने जो 325 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव में खड़े किये थे उनमें 45 चुनाव जीत गए थे। इस जीत से भाजपा के हौसले बुलंद हुए और उसने पसमांदा मुसलमानों के बीच पैठ करनी शुरू कर दी थी। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने जून 2023 को भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा था कि पसमांदा मुसलमानों को उनके ही समुदाय के उच्च वर्ग द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। अजीब बात है कि एक तरफ तो इस पार्टी के लोग जरा- जरा सी बात पर देश के मुसलमानों को पाकिस्तान जाने की सलाह देते रहते हैं, दूसरी तरफ अपने पक्ष में वोट बैंक की राजनीति करने की गरज से मुस्लिम तुष्टिकरण से भी बाज नहीं आते।

## पावन प्रसंग

### साहित्य से जीवन में सरलता सहजता का समावेश

जीवन में साहित्य का निरंतर सृजन करने वाले व्यक्ति के मन में सरलता और सहजता और सदाशयता का प्राकृतिक रूप से समूह समावेश होने लगता है। साहित्य के गहन अध्ययन से शालीनता और शिष्टता मानवीय जीवन का अंग बन जाती है। सांसारिक लोभ, कामना और स्पृहा से व्यक्ति दूर होकर सृजनात्मक विचारों को पसंद करके आडंबर और माया मोह से परे होने लगता है। साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार भी होता है। साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत: अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा-निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिम्ब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलत: साहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बंट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवीय सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों=युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों, संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है कि कबीरदास, रवींद्रनाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों-युगों तक याद किया जाता रहेगा।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### सावधानी ही 'आई फ्लू' के संक्रमण से बचा सकती है

यह आई फ्लू देश के कई राज्यों में तेजी से फैल रहा है जिससे लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जैसे आंखों में लालिमा, दर्द, सूजन, खुजली आदि। गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में भी आई फ्लू की समस्या तेजी से बढ़ रही है।

ज़्यादातर अस्पताल चाहे वह शहरी क्षेत्र में हों अथवा ग्रामीण क्षेत्र, इस समय आंखों की समस्या से जूझ रहे मरीजों से भरे हुए हैं। प्रतिदिन अस्पतालों में आई फ़्लू के मरीजों का प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जा रहा है। डाक्टरों का सुझाव है कि बिना हाथ धोए उंगलियों को अपनी आंखों से न लगाएं। अधिक भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज़ करें। यह संक्रमण 7 से 14 दिन में ठीक हो जाता है, इसलिए घबराने की ज़रूरत नहीं है। जब भी आंखों में ऐसी कोई समस्या दिखे तो तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल में जाएं और आंखों का चेकअप करवा लें। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे वातावरण में नमी कम होती जायेगी, वैसे-वैसे इस संक्रमण का खतरा भी कम होता जाएगा।

इस संबंध में जम्मू संभाग के सांबा जिला स्थित जिला अस्पताल की आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर रश्मि का कहना है कि हमारे यहां इस समय 100 में 80 मरीज आई फ्लू की समस्या से पीड़ित आ रहे हैं। इसमें हर उम्र के लोग हैं। कहीं-कहीं तो पूरी की पूरी फैमिली ही इस समस्या का शिकार हो चुकी है परंतु बच्चों में यह लक्षण ज्यादा इसलिए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि बच्चे अपनी हाइजीन मेंटेन नहीं रख पाते हैं। दूसरा बच्चों की इम्युनिटी बड़ों की अपेक्षा थोड़ी कम होती है। डॉ रश्मि सुझाव देते हुए कहती हैं कि इस समय जो भी बच्चे आंखों की समस्याओं से जूझ रहे हैं, माता-पिता उन्हें स्कूल न भेजें ताकि न केवल बच्चे को और अधिक इंफेक्शन से बचाया जाए बल्कि इससे दूसरे बच्चों के भी संक्रमित होने का खतरा कम हो जाएगा। बच्चे का हाथ बार-बार धुलवाने की ज़रूरत है ताकि वह गंदे हाथों से आंखों को छू न लें। डॉ रश्मि बताती हैं कि इस समय यह बीमारी इतनी बढ़ चुकी है कि इससे जन्म के मात्र 20 से 25 दिन का बच्चा भी बच नहीं सका है जोकि आश्चर्य की बात है।

जम्मू मेडिकल हॉस्पिटल के डॉक्टर संदीप गुप्ता का कहना है कि पिछले चार-पांच दिन से देखने में आ रहा है कि आई फ्लू के केस तेजी से बढ़ गए हैं। ऐसा नहीं है कि इस फ्लू में केवल बच्चे ही संक्रमित हो रहे हैं बल्कि यह किसी भी उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है।

जम्मू मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉ अशोक शर्मा का कहना है कि वायरल कंजंक्टिवाइटिस के दौरान अधिकांश लोग खुद ही आंखों का इलाज करना शुरू कर देते हैं, जो कई बार नुकसानदायक होता है। यह वायरस हवा के माध्यम से फैलता है। इसीलिए शहरों के साथ-साथ यह ग्रामीण क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में जहां भीड़भाड़ अधिक होने और कचरे का सही निस्तारण नहीं होने के कारण यह बीमारी तेज़ी से फ़ैल रही है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के अभाव में यह बीमारी अपने पैर पसार रही है। डॉ शर्मा ने कहा कि सावधानी और जागरूकता इस बीमारी से लड़ने और बचने का सबसे कारगर हथियार है।

**हरीश कुमार, पुंछ, जम्म**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## चिली में वायु सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 5 की मौत

**सैंटियागो।** चिली के दक्षिणी हिस्से में वायु सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चिली वायु सेना के पांच सदस्यों मौत हो गई। वायु सेना ने मंगलवार को बताया कि यह दुर्घटना की सोमवार रात घटित हुयी। वायु सेना ने एक बयान में कहा, दक्षिणी चिली के लॉस लागोस क्षेत्र में सोमवार रात एक बेल 412 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान दो पायलटों, दो एयर क्रू सदस्यों और एक बचाव पैराट्रूपर सहित पांच सदस्यीय चालक दल के साथ रात्रि उड़ान प्रशिक्षण मिशन का संचालन कर रहा था। सभी चालक दल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# देश विदेश

# डोनाल्ड ट्रम्प पर चुनाव पलटने का प्रयास करने का आरोप

**वाशिंगठन,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर वर्ष 2020 के चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही, उन पर अमेरिका को धोखा देने की साजिश, गवाह के साथ छेड़छाड़ और नागरिकों के अधिकारों के खिलाफ साजिश समेत चार मामलों का आरोप हैं। अभियोग में अमेरिकी राजधानी में छह जनवरी 2021 के आसपास के घटनाक्रम की जांच शामिल है।

फिर से राष्ट्रपति पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे श्री ट्रम्प (77) ने किसी भी गलत काम से इनकार करते हुये सोशल मीडिया पर अपने ऊपर लगे आरोपों को हास्यास्पद करार दिया है। रिपब्लिकन राजनेता पर पहले से ही दो अन्य मामलों में आरोप लगाए गए हैं जिनमें पहला गोपनीय दस्तावेजों के साथ कोताही बरतने और दूसरा एक पोर्न स्टार को चुपचाप पैसे के भुगतान को छुपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया



- 2020 के चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रचने का लगा आरोप
- अभियोग में अमेरिकी राजधानी में छह जनवरी 2021 के आसपास के घटनाक्रम की जांच शामिल

है। चुनावी जांच में वर्तमान राष्ट्रपति जो बिडेन से हार और वाशिंगटन डीसी में दंगे के बीच दो महीने की अवधि में श्री ट्रम्प के कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सांसदों द्वारा डेमोक्रेट की जीत को प्रमाणित किये जाने के बाद उनके समर्थकों ने कांग्रेस पर धावा बोल दिया था। जांच का नेतृत्व करने वाले विशेष वकील जैक स्मिथ ने कहा, 6 जनवरी 2021 को हमारे देश की राजधानी पर हमला अमेरिकी लोकतंत्र की सीट पर एक अभूतपूर्व हमला था। जैसा कि अभियोग में वर्णित है, यह झूठ से प्रेरित था। श्री स्मिथ ने त्वरित सुनवाई की मांग करने की याचिका करते हुए अपना संक्षिप्त बयान समाप्त किया, जबकि इस बात पर जोर दिया कि पूर्व राष्ट्रपति को दोषी साबित होने तक निर्दोष माना जाना चाहिए। श्री ट्रम्प को गुरुवार को वाशिंगटन डीसी में अदालत में पेश होना है। पैतालीस पन्नों के अभियोग में छह अनाम सह-षड्यंत्रकारियों की सूची है जिनमें चार वकील, एक न्याय विभाग का अधिकारी और एक राजनीतिक सलाहकार शामिल है। अदालत के दस्तावेज़ में श्री ट्रम्प पर बेईमानी, धोखाधड़ी और धोखे के माध्यम से संघीय सरकार के कार्य को ख़राब करने, बाधा डालने और पराजित करने की साजिश का आरोप लगाया गया है।

# रूसी ड्रोन हमले में यूक्रेन का अनाज भंडारघर नष्ट

**कीव,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के ड्रोन ने नाटो सदस्य देश रोमानिया से थोड़ी दूरी पर डेन्यूब नदी पर इज़्मेल में यूक्रेनी बंदरगाह सुविधाओं पर हमला किया है। बीबीसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि हमले में एक अनाज गोदाम, एक यात्री भवन और अनाज भरने में काम आनी वाली एक लिफ्ट सभी क्षतिग्रस्त हो गयी।

रूस ने संयुक्त राष्ट्र के उस समझौते को छोड़ने के बाद यूक्रेन के बंदरगाहों को निशाना बनाना शुरू कर दिया, जो दोनों देशों को काला सागर के पार



सुरक्षित रूप से अनाज निर्यात करने में सक्षम बनाता था। बुधवार तड़के इज़्मेल के बंदरगाह क्षेत्र में भीषण आग लग गई। लगभग तीन किमी दूर डेन्यूब के रोमानियाई हिस्से से फिल्माए गए वीडियो में आग की भयावहता दिखाई दी। रोमानियाई राष्ट्रपति क्लॉस इओहानिस ने रोमानिया के निकट यूक्रेनी बुनियादी ढांचे पर रूस के लगातार हमलों की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया है। यूक्रेन की वायु सेना ने रात के दौरान कहा कि रूसी ड्रोन डेन्यूब नदी की ओर जाते हुये दिखायी दिये जहां यूक्रेन के इज़्मेल और रेनी दो बंदरगाह हैं। दक्षिण में यूक्रेन की सैन्य कमान ने कहा कि हवाई सुरक्षा लगभग तीन घंटे से काम कर रही है। ओडेसा के क्षेत्रीय नेता ओलेह किपर ने कहा कि ताजा रूसी हमले की जगह पर आपातकालीन सेवाएं काम कर रही हैं और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## रूस में नार्थसेंट्रल साइबेरिया में भूकंप के झटके

रूस के नॉर्थसेंट्रल साइबेरिया में बुधवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने यह जानकारी दी। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.1 मापी गयी। भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार करीब 05ः03 बजे महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र 64.40 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 125.05 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से 10 किलोमीटर गहराई में था। भूकंप से किसी जानमाल के नुकसान की अब तक कोई सूचना नहीं है।

## सुडोकू 6275

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 7 | 6 | | |
| | | 6 | 5 | | | | | |
| | 8 | | 1 | | | 9 | 2 | |
| 3 | | 7 | 2 | 1 | | | | |
| 4 | | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | 4 | 5 | 8 | | 3 |
| | 3 | 5 | | | 1 | | 8 | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | | 2 | 6 | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 3 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 1**

### राशिफल

मेष -आज दिन शुभ रहेगा। आप स्नेहीजनों, आत्मीयजनों एवं मित्रों के साथ सामाजिक कामों में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की ओर से लाभ होगा एवं उनके पीछे धन भी खर्च होगा।

वृषभ -आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा। आज आप नए कामों का आयोजन कर पाएंगे। नौकरी करने वालों एवं प्रोफेशनल्स के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा लोगों पर अधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी।

मिथुन -मानसिक रूप से आज का दिन दुविधाओं और उलझनों से भरा रहेगा। शारीरिक रूप से थकान होने और आलस्य के कारण किसी काम में मन नहीं लगेगा। पेट दर्द से परेशानी होगी। धन का अपव्यय होगा।

कर्क -प्रत्येक विषय में आज सावधानीपूर्वक व्यवहार करना पड़ेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाद-विवाद न करें। गुस्से को नियंत्रण में रखें। अधिक खर्च होने की भी संभावना है।

सिंह -वैवाहिक जीवन में तकरार होने से पति-पत्नी के बीच में तनाव होगा। जीवन साथी का स्वास्थ्य भी खराब रह सकता है। व्यापार में अपने भागीदार के साथ धीरज से काम लें। संभव हो तो निरर्थक चर्चा या विवाद में ना पड़ें।

कन्या -आज के दिन आप स्फूर्ति तथा अच्छे स्वास्थ्य का अनुभव करेंगे। घर तथा नौकरी में वातावरण आनंददायी रहेगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

तुला -आप का दिन मध्यम फलदायी है। संतान की चिंता आपको सताएगी। विद्या-अभ्यास में बाधा आ सकती है। वाद-विवाद या बौद्धिक चर्चा से दूर रहें। नए काम की शुरुआत आज ना करें।

वृश्चिक -आज शांत चित्त से दिन गुजारें। मन किसी खास चिंता में रह सकता है। शरीर भी अस्वस्थ रहेगा। इससे आपके काम करने की गति धीमी होगी। संबंधियों के साथ मनमुटाव हो सकता है। आर्थिक हानि की संभावना है।

धनु -नए काम की शुरुआत करने के लिए आज का दिन शुभ है। भाई-बंधुओं से मेल-जोल रहेगा। परिजनों के साथ प्रवास का आयोजन हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। भाग्य आपका साथ देगा। आध्यात्मिकता में अधिक रस लेंगे।

मकर -आज परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। वाणी पर संयम आपको कठिनाई से बाहर निकालेगा। शेयर-सट्टे में पूंजी-निवेश का आयोजन कर पाएंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आंख का दर्द हो सकता है।

कुंभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। शारीरिक तथा मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे। भौतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अच्छा अनुभव होगा। परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

मीन -लोभ या लालच में न फंसें। आर्थिक विषय में बहुत सावधानी बरतें। पूंजी-निवेश अथवा सही, मुहर करने से पहले ध्यान रखें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। एकाग्रता भी कम रहेगी। धार्मिक काम के पीछे धन का खर्च होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# अफगानिस्तान में आतंकवाद रोधी अभियान चला सकता है पाकिस्तान

**इस्लामाबाद,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि यदि अफगानिस्तान के अधिकारी आतंकवादी खतरे से निपटने में विफल रहते हैं, तो पाकिस्तान वहां आतंकवाद रोधी अभियान चल सकता है। 'जियो न्यूज' अपने रिपोर्ट में श्री श्री जरदारी के हवाले से कहा, हम बलपूर्वक नहीं चाहते हैं कि पाकिस्तान वहां (अफगानिस्तान) में और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करें, लेकिन अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक हमें आत्मरक्षा में ऐसा करने का अधिकार है। उन्होंने कहा, यदि इस तरह के हमले लगातार होते रहें और इस संबंध में उचित कार्रवाई नहीं की गयी, हमें ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, लेकिन मेरा मानना है कि हमारे पर यहीं एक मात्र रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान दोहा में अमेरिका के साथ 2020 में किए गए समझौते पर आतंकवादियों और अफगानिस्तान में आतंकवादी गतिविधियां चलाने वालो या अन्य देशों की सीमा में हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया है। पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक ने अफगानिस्तान के अधिकारियों से वादा के मुताबिक कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने कहा, अगर उन्हें सहायता की जरूरत है, तो मेरा मानना है कि पाकिस्तान को उनकी सहायता के लिए तैयार रहना चाहिए।

# नागरिकों के सैन्य परीक्षणों पर पूर्ण अदालत की मांग वाली याचिका खारिज

**इस्लामाबाद,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट (एससी) ने नागरिकों के सैन्य परीक्षणों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पूर्ण अदालत के गठन की मांग वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

सुरक्षित फैसले की घोषणा पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन, न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर, न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी, न्यायमूर्ति सैय्यद मजहर अली अकबर नकवी और न्यायमूर्ति आयशा-ए-मलिक की छह सदस्यीय पीठ ने की।

एक दिन पहले छह-न्यायाधीशों की पीठ ने विभिन्न याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील को सुनने की कोशिश की कि वरिष्ठ वकील फैसल सिद्दीकी की ओर से दायर एक नए आवेदन से कैसे निपटा जाए, जिसमें मामले की सुनवाई के लिए सभी उपलब्ध न्यायाधीशों को शामिल करते हुए एक पूर्ण अदालत के गठन का अनुरोध किया गया था। विभिन्न याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग सभी वकीलों



- पाकिस्तान की छह सदस्यीय पीठ ने की सुनवाई

ने इस विचार का विरोध किया। पूर्व सीजेपी जव्वाद एस. ख्वाजा की ओर से वकील ख्वाजा अहमद हुसैन ने हालांकि, अपने मुवक्किल से नए निर्देश लेने के लिए समय मांगा। पूर्ण न्यायालय के अनुरोध को याचिकाकर्ताओं में से एक बैरिस्टर ऐतजाज अहसन ने मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल के हाथों निष्पादित होने वाले देश के न्यायिक इतिहास के 'सर्वोत्तम क्षण' से अदालत को वंचित करने के प्रयास के रूप में वर्णित किया।

## वर्ग पहेली 6275

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जिसके हाथ में चक्र हो, विष्णु
३. सर्वविदित (उर्दू)
५. आलिंगन, अंकपाश (उर्दू)
६. माथा, ललाट
७. नुकसानदेह
९. निंदित, बेइज्जत (उर्दू)
१०. टालमटोल
१२. सूर्य
१३. घुंघरू
१४. अन्यमनस्क
१६. 'टेंशन'
१८. श्रीराम के श्वसुर
२०. बंधक, रेहन (उर्दू)
२१. समान दरजे का
२३. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**

१. आलोकित होना, चौंकना
२. उद्धार होना, मुक्ति पाना (मुहावरा)
३. प्रसन्नचित्त (उर्दू)
४. भय, दहशत
५. अग्निकांड (उर्दू)
८. 'मेंटनेंस', देखभाल
१०. उपन्यास, कहानी
११. हसरत
१०. हिंदुस्तान
१३. नया, नवीन
१४. पत्नी
१५. बजरंगबली
१७. अनीश्वरवादी
१८. सूचित करना
१९. टीस
२२. नुकसान

### वर्ग पहेली-6274

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हु | न | २ र | मं | ३ द | ■ | ४ प | र | ५ च | म |
| क्म | ■ | ह | ■ | ६ र | फ्ता | र | ■ | प | ■ |
| ७ ना | का | म | ■ | मि | ■ | ८ वा | र्ता | ला | ९ प |
| मा | ■ | दि | ■ | १० या | च | ना | ■ | ■ | र्या |
| ■ | ११ उ | ल | १२ झ | न | ■ | ■ | १३ अ | न्या | य |
| ■ | द्यो | ■ | रो | ■ | १४ रो | मां | च | ■ | वा |
| १५ अं | ग | १६ र | खा | ■ | ध | ■ | १७ ला | १८ ल | ची |
| त | ■ | हा | ■ | १९ सं | क | २० ट | ■ | ल | ■ |
| २१ र | ई | स | ■ | ग्रा | ■ | २२ ख | ट | क | २३ ना |
| ण | ■ | २४ हा | थ | म | ल | ना | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# सीरिया में आईएस ने घात लगकार किया हमला

## पांच सैनिक सहित सात की मौत

**दमिश्क,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों ने मंगलवार को मध्य सीरिया में तेल टैंकरों के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें पांच सैनिकों और दो ड्राइवरों की मौत हो गई। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि आईएस ने हमा प्रांत के पूर्वी ग्रामीण इलाके के रेगिस्तानी क्षेत्र में रक्का-सलामियेह रोड पर काफिले पर मशीनगन और रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) से हमला किया। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि यह हमला सीरियाई सैन्य कर्मियों और नागरिकों के खिलाफ आईएस आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। आईएस द्वारा घात लगाकर किए गए हमलों में सीरिया के होम्स, हामा, स्वेदा, रक्का, दीर अल-ज़ौर और प्रांतों तक फैले विशाल रेगिस्तानी क्षेत्र में 2023 की शुरुआत से अब तक 192 सीरियाई सैनिक और सरकार समर्थक लड़ाके तथा 157 नागरिक मारे गए हैं।

## फिलिस्तीनी गुटों ने गोलीबारी के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया

**गाजा/रामल्ला।** फिलीस्तीनी गुटों ने कहा है कि यरुशलम के पास गोलीबारी की घटना, जिसमें छह इजरायली घायल हो गए, फिलीस्तीनियों के खिलाफ जारी इजरायली उल्लंघनों की एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। इससे पहले मंगलवार को, यरूशलेम के पूर्व में माले अदुमिम की बस्ती में इजरायलियों के एक समूह पर गोलीबारी करने वाले एक फिलिस्तीनी बंदूकधारी की हत्या कर दी गई थी।

# तुर्की सेना ने पीकेके के तीन आतंकवादियों को मार गिराया

**अंकारा,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। तुर्की के सुरक्षा बलों ने उत्तरी इराक के जैप क्षेत्र में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। तुर्की रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार यह कार्रवाई उत्तरी इराक में तुर्की सशस्त्र बलों द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन क्लॉ-लॉक के तहत की गयी। मंत्रालय ने कहा कि जनवरी में तुर्की ने जैप क्षेत्र में लगभग सभी पीकेके आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया है। अप्रैल, 2022 में पीकेके आतंकवादियों के खिलाफ सीमा पार ऑपरेशन क्लॉ-लॉक शुरू होने के बाद से 506 पीकेके आतंकवादियों को खत्म कर दिया गया है। तुर्की सुरक्षा बलों ने हाल ही में उत्तरी इराक में पीकेके के खिलाफ सीमा पार अभियान तेज कर दिया है, विशेष रूप से समूह के मुख्य आधार कंदील पर्वत में, और कई वरिष्ठ पीकेके कैडरों को मार डाला है। तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध पीकेके ने तीन दशकों से अधिक समय से तुर्की सरकार के खिलाफ विद्रोह चला रखा है।

## आज का इतिहास

1108 – लुई षष्ठम फ्रांस का सम्राट बना।
1492 – यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को बाहर निकाला गया।
1492 – इटली का नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस तीन पोत के साथ भारत की खोज के लिए रवाना हुआ।
1678 – राबर्ट लासैले ने अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया।
1780 – मेहर पोफम के तहत कैप्टन ब्रूस ने ग्वालियर पर कब्जा किया।
1886 – हिंदी के विद्वान मैथिली शरण गुप्त का जन्म।
1900 – फर्स्ट वन टायर एंड रबर कंपनी की स्थापना।
1914 – पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से गुजरा।
1925 – अमेरिका की अंतिम सैन्य टुकड़ी ने निकारागुआ छोड़ा।
1957 – अब्दुल रहमान को मलेशिया का नया नेता चुन लिया गया। उनके नेतृत्व में ब्रिटेन से मलेशिया को आजादी मिली थी।
1960 – पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की।
1985 – बाबा आम्टे को जनसेवा के लिए रेमन मैगसेसे पुरस्कार प्रदान किया गया।
1998– मुंबई के बांद्रा में इमारत ढहने से 35 लोगों की मौत हुयी।
2003 – अमेरिका के एंग्लिकन चर्च में एक समलैंगिक को बिशप बनाने का फ़ैसला किया गया। न्यू हैंम्पशायर के जेन रॉबिंसन को एपिस्कोपल चर्च के हाउस ऑफ़ डेपुटीज़ ने भारी बहुमत से बिशप बनाया।
2004 – अमेरिकी अंतरिक्ष यान मैसेंजर बुध ग्रह के लिए रवाना।
2007 – इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुआ रूसी अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एम-61 सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में पहुँचा।
2007 – लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में एक ट्रेन दुर्घटना में 100 लोगों की मृत्यु।

**परेशानी** *जापान सरकार ने रक्षा श्वेत पत्र फिर किया पारित*

# जापान ने छेड़ी चीनी खतरे की पुरानी धुन

**बीजिंग, 2 अगस्त (एजेंसियां)। जापान सरकार ने हाल ही में रक्षा श्वेत पत्र (2023 संस्करण) पारित किया, जिसमें दावा किया गया कि जापान युद्ध के बाद सबसे गंभीर और जटिल सुरक्षा माहौल का सामना कर रहा है और चीन को अब तक की सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती के रूप में पेश करता है।**

**विभिन्न देशों की सैन्य स्थिति का विश्लेषण करते समय, 500 से अधिक पृष्ठों वाले श्वेत पत्र में चीन की स्थिति का परिचय देने के लिए 31 पृष्ठों का उपयोग किया जाता है, जो सभी देशों के परिचय में सबसे अधिक है।**

कुछ जापानी मीडिया का मानना है कि श्वेत पत्र के नए संस्करण में चीन के खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने में पिछले साल की तुलना में अधिक कठोर है। तथाकथित रक्षा श्वेत पत्र जापान का वार्षिक आधिकारिक दस्तावेज़ है जो उसके राष्ट्रीय सुरक्षा वातावरण और रक्षा नीति को बताता है।

इसे हमेशा जापान की रक्षा नीति का वात दिग्दर्शक माना जाता है। 1970 में, जापान सरकार ने युद्ध के बाद का पहला रक्षा श्वेत पत्र जारी किया, और यह 1976 से हर साल जारी किया जाता है। पिछले वर्षों की तुलना में, रक्षा श्वेत पत्र का नया संस्करण तीन सुरक्षा दस्तावेज़ विषयों को सशक्त रूप से दर्शाता है। उदाहरण के लिए, श्वेत पत्र की शुरुआत में जापान



## 1976 से हर साल किया जाता है जारी

के सामने मौजूद गंभीर बाहरी सुरक्षा माहौल और परिधीय खतरों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है। साथ ही, जापान की सुरक्षा रणनीति और रक्षा नीति जैसी संबंधित सामग्रियां पेश करने के लिए कई नए अध्याय जोड़े गए हैं।

चीन से संबंधित मुद्दों पर रक्षा श्वेत पत्र का नया संस्करण तथाकथित चीनी खतरे की पुरानी धुन का अनुसरण करता है और नए सुरक्षा पर्यावरण मूल्यांकन के साथ इसे और बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है। श्वेत पत्र में उल्लेख किया गया है कि जवाबी हमले की क्षमता विकसित करने, अंतरिक्ष, नेटवर्क और विद्युत चुम्बकीय तरंगों जैसे नए क्षेत्रों में व्यापक वायु रक्षा और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उसे 2027 तक पांच वर्षों में लगभग 430 खरब जापानी येन (लगभग 3 खरब यूएस डॉलर) का निवेश करने की उम्मीद है।

## दुनिया को जानें

# चीन में 140 वर्षों में सबसे भारी बारिश दर्ज

**बीजिंग,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। चीन की राजधानी बीजिंग में 140 साल पहले हुई रिकॉर्ड बारिश के बाद से पिछले कुछ दिनों में सबसे भारी बारिश दर्ज की गई है। बीजिंग मौसम विज्ञान सेवा ने बुधवार को कहा कि शहर में शनिवार रात 8 बजे से बुधवार सुबह सात बजे के बीच 744.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो कि अब तक दर्ज की गई अधिकतम वर्षा है। इस दौरान चांगपिंग जिले के



वांगजियायुआन जलाशय में भी रिकॉर्ड बारिश हुई। चीन की राजधानी में सप्ताहांत की शुरुआत से ही चक्रवाती तूफान डोक्सुरी के कारण मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके कारण मंगलवार सुबह तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। बीजिंग शहर ने बुधवार सुबह बाढ़ का 'रेड अलर्ट' हटा लिया क्योंकि प्रमुख नदियों में पानी का प्रवाह चेतावनी के निशान से नीचे चला गया है।

# प्रादेशिकी

## गडकरी से मिले कश्यप, रखी मांगे

**शिमला,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्र मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर एक पत्र के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के शिमला संसदीय क्षेत्र की कुछ मांगे उनके समक्ष रखी। कश्यप ने अपने इस पत्र के माध्यम से उनके संज्ञान में लाया कि हिमाचल प्रदेश में हुई भारी बारिश के कारण प्रदेश में काफी जान-माल एवं आधारभूत अवसंरचनाओ का नुक्सान हुआ है, जिस कारण प्रदेशवासियों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, तथा सीधे-सीधे हर व्यक्ति को निजी रूप से परेशानी हो रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र शिमला में मुख्यता यह पुल और सड़के क्षतिग्रस्त हो गए है इसमें शिमला को प्रदेश की 10 ज़िलों से जोड़ने वाला घंडल पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। कोटखाई में कोकूनाला पुल का बड़ा हिस्सा टूट गया है।

# हिमाचल में पर्यटन क्षेत्र में निवेश के खुले हैं दरवाजे : सुक्खू



- सुक्खू ने उद्यमियों को पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया
- ग्रेटर नोएडा में इंडिया इंटरनेशनल होस्पिटेलिटी एक्सपो में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए

**शिमला,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने होटल व्यवसायियों एवं आतिथ्य उद्यमियों से प्रदेश में निवेश करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश में पर्यटन उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली में इंडिया एक्सपो सेंटर और ग्रेटर नोएडा मार्ट द्वारा आयोजित इंडिया इंटरनेशनल होस्पिटेलिटी एक्सपो-2023 को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में हिमाचल सभी मौसम के सर्वाधिक पसंदीदा पर्यटन गंतव्य के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेहतर कानून-व्यवस्था, शांतिपूर्ण वातावरण एवं नैसर्गिक सौन्दर्य राज्य को अलग पहचान दिलाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पांच सितारा और सात सितारा होटलों, स्वास्थ्य एवं वेलनेस केन्द्रों, वृद्धाश्रमों आदि में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण और यहां की स्वच्छ जलवायु वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्यवर्धक है। उन्होंने कहा कि होम-स्टे योजना के घर से काम करने वाले कॉरपोरेट कर्मचारियों को बड़ी संख्या में हिमाचल की ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश बर्फीले क्षेत्रों से लेकर जंगलों, जलाश्यों और सभी प्रकार के मौसम में अनुकूल वातावरण उपलब्ध होने के कारण एक आदर्श एवं बहुआयामी पर्यटन गंतव्य है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार हवाई सम्पर्क सेवाओं (कनेक्टिविटी) में और सुधार के लिए प्रयास कर रही है तथा सभी जिला मुख्यालयों में हेलीपोर्ट सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली से शिमला और धर्मशाला के लिए हवाई उड़ानों की सुविधा पहले से ही उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे को पूर्ण आकार का हवाई अड्डा बनाने के लिए आवश्यक कार्यों के अलावा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता, हवाई कनेक्टिविटी, प्राकृतिक सुंदरता और जलाशयों जैसे प्रचुर संसाधनों की उपलब्धता के कारण जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी घोषित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि राज्य सरकार नियमों के अनुसार उनके प्रस्तावों को त्वरित मंजूरी प्रदान करना सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संसाधनों या भूमि की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार इस क्षेत्र में निवेश आमंत्रित करने के लिए पूर्णत: तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में हुई भारी बारिश के दौरान वह स्वयं और प्रदेश सरकार के मंत्री प्रभावित स्थलों के दौरे पर रहे और बर्फबारी के कारण चंद्रताल में फंसे 300 से अधिक पर्यटकों और अन्य स्थानों से लगभग 70 हजार पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आने वाले सभी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने हिमाचल पवेलियन का शुभारम्भ भी किया। इस पवेलियन में विशेष रूप से हिमाचली व्यंजनों पर आधारित बोटी धाम का प्रबंध किया गया है।

इसके उपरांत, मुख्यमंत्री ने इंडियन एक्सपो मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) और होटल उद्योग के सदस्यों के साथ भी बैठक की। इस अवसर पर राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार और उद्यमियों के दृष्टिकोण पर चर्चा की गई। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के उपाध्यक्ष आर.एस. बाली कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने हिमाचल, विशेषकर कांगड़ा जिले के लिए प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि राज्य प्री-वेडिंग और वेडिंग डेस्टीनेशन के रूप में उभर रहा है। राज्य में अधिकांश स्थान अब यात्रा के लिए सुरक्षित हैं और केवल ब्यास नदी बेसिन ही भारी बारिश और बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। राज्य में सड़क बुनियादी ढांचे को बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए गए हैं। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इंडियन एक्सपो मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) के अध्यक्ष राकेश कुमार ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक अमित कश्यप ने बताया कि हिमाचली व्यंजनों को लोकप्रिय बनाने के लिए निगम के होटलों और हिमाचल भवन में हिमाचली थाली परोसी जा रही है। इस कार्यक्रम में होटल व्यवसायियों और उद्यमियों ने भाग लिया। दिल्ली में हिमाचल प्रदेश सरकार की सलाहकार नंदिता गुप्ता, प्रधान आवासीय आयुक्त एस.के. सिंगला और आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती भी उपस्थित थीं।

# चंबा में प्राकृतिक आपदाओं से 350 करोड़ के नुकसान : पठानियां



**प्राकृतिक आपदा के कारण ज़िला में लोक निर्माण विभाग 84 करोड़, जल शक्ति विभाग 86 करोड़, विद्युत बोर्ड को लगभग 27 करोड़, एनएच को 75 करोड़ की राशि का नुकसान हुआ है : कुलदीप पठानियां**

**चंबा,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में मॉनसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं से अब तक चंबा ज़िला में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं परिसंपत्तियों को 350 करोड़ रुपयों के नुकसान का आकलन किया गया है। यह जानकारी विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बुधवार को यहां दी। उन्होंने आज ज़िला राहत एवं पुनर्वास समिति की उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे ।

श्री पठानिया ने कहा कि भारी प्राकृतिक आपदाओं के चलते ज़िला में विभिन्न सड़कों, विद्युत एवं जलापूर्ति योजनाओं सहित सरकारी और गैर सरकारी परिसंपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में सभी कार्यालयध्यक्ष विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं परिसंपत्तियों के नुकसान का पूर्ण वास्तविक आकलन करने के लिए दोबारा समीक्षा कर समयबद्ध समय सीमा के भीतर उपायुक्त को सूचना उपलब्ध करवाएं।

उन्होंने बताया कि अधिकांश सड़कों, पेयजल योजनाओं एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बहाल कर दिया गया है। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि ज़िला में आपदा प्रभावित लोगों को चार करोड़ रुपए तत्काल राहत राशि के रूप में उपलब्ध करवाए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण ज़िला में लोक निर्माण विभाग 84 करोड़, जल शक्ति विभाग 86 करोड़, विद्युत बोर्ड को लगभग 27 करोड़, एनएच को 75 करोड़ की राशि का नुकसान हुआ है । श्री पठानिया ने उपनिदेशक कृषि एवं उद्यान को राजस्व विभाग के साथ संयुक्त रूप से कार्यों के लिए निर्देशित किया। साथ में उन्होंने लोगों के कच्चे और पक्के घरों को हुए नुकसान के दोबारा आकलन को लेकर भी ज़िला राजस्व अधिकारी को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपनिदेशक प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा को विद्यालय भवन तथा खेल मैदान, चार दिवारी, रास्ता इत्यादि को हुए नुकसान का की अलग- अलग सूची उपलब्ध करवाने को कहा। बैठक में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बारिश और बादल फटने की घटनाओं से ज़िला में हुए नुकसान से संबंधित जानकारी को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रदान किया ।

विधानसभा अध्यक्ष ने ज़िला में क्षतिग्रस्त विभिन्न विभागीय योजनाओं की पुनर बहाली के कार्यों में ज़िला प्रशासन की सराहना भी की।

## सार संक्षेप

### होटल में युवती की संदिग्ध मौत के मामले में कई खुलासे, आरोपी भी हिरासत में

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल में युवती की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका अविवाहित थी और होटल में रह यहा युवक उसका पति नहीं था। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। बुधवार को नैनीताल पहुंचे मृतका के परिजनों ने यह खुलासा किया। आज मृतका की मां जुबेदा खातून समेत तीन लोग नैनीताल पहुंचे। उन्होंने तल्लीताल थाना पुलिस को बताया कि मृतका शादीशुदा नहीं थी। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि मृतका के साथ होटल में रहने वाला युवक पहले से ही शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे भी हैं। परिजनों ने युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ परिजनों की शिकायत पर फिलहाल धारा 304 में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। आरोपी को पकड़ लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पकंज भट्ट ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का खुलासा नहीं हुआ है। शरीर पर भी किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं हैं। बिसरा को सुरक्षित रख लिया गया है और जांच के लिए भेजा जाएगा। गौरतलब है कि मंगलवार को नैनीताल के हल्द्वानी रोड स्थित नेशनल होटल में मुरादाबाद निवासी इरम खान का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। वह एक युवक के साथ होटल में ठहरी थी। उसे मृतका का पति बताया जा रहा था।

### विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल लाइन का नहीं होगा विद्युतीकरण

**शिमला।** विश्व धरोहर कालका-शिमला रेललाइन का विद्युतीकरण नहीं होगा। विद्युतीकरण को लेकर उत्तर रेलवे अंबाला मंडी की ओर से तैयार करवाई गई हेरिटेज इंपेक्ट असेस्मेंट (एचआईए) रिपोर्ट में रेललाइन के विरासत स्वरूप से छेड़छाड़ न करने की हिदायत दी गई है। कालका-शिमला रेलवे सोसायटी के सेवानिवृत्त इंजीनियर सुभाष चंद वर्मा का कहना है कि रिपोर्ट में विद्युतीकरण न करने का परामर्श दिया गया है। विद्युतीकरण से हमें भी रेललाइन के आसपास जानवरों, पक्षियों और वनस्पतियों को नुकसान का अंदेशा था। एचआईए रिपोर्ट में अगर विधुतीकरण को हां होती तो उसके बाद उसी रिपोर्ट के आधार पर यूनेस्को से विद्युतीकरण की मंजूरी ली जानी थी। विद्युतीकरण से लाभ कम और नुकसान अधिक होगा। कालका-शिमला के बीच गाड़ियों की गति बढ़ाने और प्रदूषण खत्म करने के मुकाबले विद्युतीकरण से दीर्घकालिक नुकसान अधिक होंगे। ट्रैक की विरासत संरचनाओं पर नकारात्मक असर पड़ेगा। रिपोर्ट में 120 साल पुरानी इस रेल लाइन को संरक्षित करने की सलाह दी गई है।

### सुडोकू 6275 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# नूंह घटना दुर्भाग्यपूर्ण, अब तक छह लोगों की मौत की सूचना : खट्टर



**चंडीगढ़,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नूंह में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते कहा है कि इसमें अभी तक छह लोगों की मौत हुई है जिनमें दो होमगार्ड जवान और चार नागरिक हैं। कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नल्हड़ , मेदांता, गुरुग्राम और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

श्री खट्टर ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस हिंसा के पीछे जो षड्यंत्रकारी थे, उनकी पहचान की जा रही है और तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। जो लोग फरार हैं, उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। अभी तक 116 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनका रिमांड लिया जाएगा और जानकारी हासिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी लोग इसमें दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नूंह में हरियाणा पुलिस की 30 कम्पनियां तैनात की गई हैं। केंद्रीय सुरक्षाबलों की 20 कम्पनियां केंद्र से मिली थीं जिनमें से तीन कम्पनियां पलवल, दो गुरुग्राम और एक को फरीदाबाद में तैनात किया गया है तथा 14 कम्पनियां नूंह जिले में तैनात की गई हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा करना सरकार का दायित्व है। पुलिस चौकस है। अन्य स्थानों पर भी जो छिटपुट घटनाएं हुई हैं वहां स्थिति नियंत्रण में है तथा धीरे धीरे सामान्य हो रही है।

नूंह के संवेदनशील इलाकों में पुलिस और सुरक्षा बल गश्त कर रहे हैं। नूंह में कर्फ्यू लागू है तथा इंटरनेट सेवाएं फिलहाल बंद हैं। फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी स्थिति सामान्य हो रही है।

मुख्यमंत्री ने जनता से शांति बनाये रखने की अपील करते हुये कहा कि आपसी तनाव से भाईचारा बिगड़ता है, इसलिए इसे ,खराब न करें। भाईचारा बनाए रखने में ही प्रदेश की खुशहाली है। किसी प्रकार की घटना को आगे न बढ़ने दें। आमजन शांति और भाईचारा बनाकर समाज की एकता का संदेश दें।

# केंद्र के समक्ष उठाया जाएगा अवैध डंपिंग का मुद्दा : विक्रमादित्य



**शिमला,** 2 अगस्त (एजेंसियां) हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य के नदी-नालों में हो रही अवैध डंपिंग का मुद्दा प्राथमिकता के आधार पर केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

श्री सिंह ने मंडी में आयोजित राहत पुनर्वास बैठक की अध्यक्षता के उपरांत मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बीते रोज केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी हिमाचल दौरे पर पहुंचे थे। लेकिन अवैध डंपिंग को लेकर अभी तक उनसे कोई चर्चा नहीं की है। आने वाले समय में केंद्रीय परिवहन मंत्री से भी अवैध डंपिंग के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी।

श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में एनएचएआई व सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा ही मुख्यता सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इन सड़कों के निर्माण कार्य के दौरान अवैध डंपिंग की कई शिकायतें आ रही हैं। वहीं चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा भी अवैध डंपिंग के आरोप लगाए जा रहे हैं। अवैध डंपिंग के इस मुद्दे को वह जल्द केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे।

श्री सिंह ने कहा कि पिछले दिनों हुए भारी बारिश से हिमाचल प्रदेश में दर्जनों पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इन क्षतिग्रस्त पुलों का निर्माण भारत सेतु योजना 400 करोड के तहत किया जाएगा। जिसके लिए केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंजूरी दे दी है। इस मौके पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश को 2 और सड़कें देने के लिए नितिन गडकरी का धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से हिमाचल जल्द से जल्द इस आपदा से बाहर निकलने का प्रयास करेगा।

वहीं, इससे पूर्व उन्होंने डीआरडीए सभागार में पूर्व मंत्री, विधायकों, पूर्व विधायकों व जिला के सभी अधिकारियों के साथ राहत पुनर्वास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस मौके पर विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में हुए नुकसान की रिपोर्ट भी मंत्री के समक्ष रखी।

श्री सिंह ने कहा कि मंडी जिला में बीते दिनों भारी बारिश से 650 करोड़ का नुकसान हुआ है। जिसमें लोक निर्माण विभाग 221, जल शक्ति विभाग 202, बिजली बोर्ड 30 करोड़ की चपत लगी है। नुकसान की रिपोर्ट जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को सौंपी जाएगी। ताकि जिला में राहत और पुनर्वास के कार्यों में देरी न हो।

# आपदा पीड़ितों को मदद पहुंचा रहा केंद्र : धूमल



**हमीरपुर ( हिमाचल प्रदेश )** 2 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पी के धूमल बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में केंद्र सरकार द्वारा दी गई आपदा राहत पर भ्रामक सूचना फैलाई जा रही है। श्री धूमल ने स्थानीय संवाददताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए केन्द्र सरकार पूरी तरह से मदद कर रही है और यह कहना गलत है कि केंद्र सरकार ने इस संबंध में कुछ नहीं किया। इस तरह से भ्रामक सूचना फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सड़क भूतल मंत्री नितिन गडकरी और इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा तथा केंद्रीय सूचना-सह-प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का दौरा यह दर्शाता है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को लेकर कितनी गंभीर है। इस त्रासदी ने राज्य के सभी हिस्सों को बहुत बुरी तरह से प्रभावित किया था। हिमाचल में हुई त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मुख्यमंत्री की मांग पर श्री धूमल ने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार के नेताओं को यह पता होना चाहिए कि कांग्रेस सरकार ने ही वर्ष 2008 में ही राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए नियम तय किए थे, लेकिन अब जानकारी के अभाव में कांग्रेस नेता उलजलूल बयानबाजी कर रहे हैं। श्री धूमल ने कहा कि हिमाचल में आई आपदा के लिए केंद्र सरकार से पहले ही राहत जारी कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आकलन के बाद अपनी रिपोर्ट देगी, जिसके बाद हिमाचल को और मदद दी जाएगी। भाजपा वरिष्ठ नेता ने कहा कि यदि सहायता राशि मिलती है तो और ज्यादा सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आपदा पर सहायता राशि मिलना चाहिए, लेकिन नियमों का पालन सभी को करना होगा। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार की टीम नुकसान को आकलन कर अपनी रिपोर्ट देगी जिसके बाद राज्य को और मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिमाचल प्रदेश को अपना घर मानते हैं और उन्होंने राज्य के लिए बहुत कुछ किया है और राज्य की सहायता करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। श्री धूमल ने कहा कि केंद्र हिमाचल के हितों को सर्वोपरि मानकर काम कर रहे हैं। श्री धूमल ने लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के भ्रामक और झूठे प्रचार में न सच न मोने और भाजपा पर पूरा भरोसा रखें क्योंकि भाजपा उनकी हितैषी है।

# सिरसा में फसल मुआवजा की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े किसान



**सिरसा,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा जिले के गांव नारायण खेड़ा में फसल बीमा का क्लेम न मिलने से खिन्न होकर चार किसान बुधवार को सुबह जलघर में बनी 150 फिट ऊंची टंकी पर चढ़कर बैठ गए। किसानों के टंकी पर चढने की सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद पास पड़ोस के गावों से भी सैंकड़ों किसान जलघर में एकत्रित हो गए। जिला प्रशासन को सूचना मिलने के बाद किसानों को जलघर की टंकी से नीचे उतारने के लिए सिरसा के एसडीएम राजेंद्र सिंह व डीएसपी जगत सिंह सहित कई अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। मगर किसानों ने मांग पूरी नहीं होने तक टंकी से नीचे नहीं उतरने का कहा। टंकी पर चढने वाले किसानों में गांव नारायण खेड़ा निवासी भरत सिंह झाझड़ा, शक्करमंदोरी निवासी दिवान सहारण ,नरेंद्र सिंह व जयप्रकाश गांव नाथूसरी कलां शामिल है। जलघर की टंकी पर चढ़े किसानों के लिए आवश्यक सामान बाल्टी को रस्सी के सहारे ऊपर तक पहुंचाया जा रहा है। किसानों का कहना है कि जब तक बीमा क्लेम उनके खातों में नहीं आएगा तब तक टंकी पर चढ़े रहेंगे । किसानों के समर्थन में सैंकड़ों की संख्या में किसान, क्षेत्र की महिलाएं व कई संगठन धरना स्थल पर पहुंचे हुए हैं। शाम के समय अन्य किसानों ने जलघर परिसर में टेंट लगाना भी शुरू कर दिया है। वहीं जिला प्रशासन ने एंबुलेंस व फॉयर ब्रिगेड की गाड़ी मंगवा ली है। गौरतलब है कि तहसील कार्यालय नाथूसरी चौपटा में बीमा क्लेम व फसल खराबा मुआवजे की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों का 90 दिन से अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है।

# जयराम ठाकुर ने केवल राजनीति कर लोगों को किया गुमराह : सिंह



**शिमला,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर आपदा जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति कर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि श्री ठाकुर केवल मात्र अखबारों की सुर्खियों में बने रहने के लिए बयानबाजी करते रहे। श्री अनिरुद्ध सिंह और श्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार को यहां संयुक्त बयान में श्री ठाकुर पर पलटवार करते हुए कहा है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हिमाचल दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर साथ रहे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिला कुल्लू के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी बारिश तथा बाढ़ के कारण हुए नुकसान बारे में केन्द्रीय मंत्री को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पहले भी कुल्लू जिला का दौरा कर चुके हैं और लगभग 60 घंटे ग्रांऊड जीरो पर रहकर प्रभावित लोगों की मदद कर चुके हैं तथा उन्हें सभी तथ्यों और जिला कुल्लू में हुए नुकसान की पूर्ण जानकारी है। जब प्रदेश में बारिश कहर बरपा रही थी, तब मुख्यमंत्री आपदा के बीच रह कर फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटे रहे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के आग्रह पर ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए आए थे, ताकि वह अपनी आंखों से राज्य में हुए नुकसान की सही जानकारी ले सकें।

दोनों मंत्रियों ने कहा कि श्री ठाकुर इस संवेदनशील मुद्दे पर केवल और केवल राजनीति कर प्रदेश के लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सड़कों की मरम्मत के लिए 400 करोड़ रुपए की राशि सीआरआईएफ में ही दी जा रही है, जबकि

# 'गडकरी के दौरे में सचिव पीडब्ल्यूडी सचिव रहे गायब'



**केंद्रीय मंत्री संसद का सत्र छोड़ हिमाचल आए, पर दुर्भाग्यपूर्ण बात यह थी कि उस समय सचिव पीडब्ल्यूडी, ईएनसी पीडब्ल्यूडी मौके पर उपस्थित नहीं थे : जयराम ठाकुर**

**शिमला,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता पक्ष के सभी तंज गलत साबित हुई है और हम केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते है कि वह लोकसभा के महत्वपूर्ण सत्र छोड़ हमाचल में बाढ़ के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने आए। साथ ही मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्र मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का भी धन्यवाद करता हूं कि इस कठिन घड़ी में सभी ने हिमाचल प्रदेश को राहत पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। भाजपा केंद्र मंत्री द्वारा की गई सभी घोषणाओं का भी स्वागत करती है और केंद्र सरकार का धन्यवाद करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र मंत्री संसद का सत्र छोड़ हिमाचल आए, पर दुर्भाग्यपूर्ण बात यह थी कि उस समय सचिव पीडब्ल्यूडी, ईएनसी पीडब्ल्यूडी मौके पर उपस्थित नहीं थे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को बार बार उनको फोन करके जानकारी लेनी पड़ रही थी। अगर केंद्र मंत्री का सामान्य द्वारा भी होता तो प्रोटोकॉल के मुताबिक उन को उपस्थित होना चाहिए था और इस संकट की घड़ी में तो उनको साथ रहना ही चाहिए था। मुख्यमंत्री या मंत्री हो ना हो पर अफसरों को इस मौके पर उपस्थित होना अनिवार्य है, क्योंकि सही मायने में कितना नुकसान हुआ है यह अफसर ही केंद्र मंत्री के समक्ष रख सकते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा की निरीक्षण के दौरान जो नुकसान का आंकलन सामने आ रहा है वह 2500 करोड़ से ज्यादा होगा और केंद्र मंत्री ने आश्वासन दिया है कि सारा खर्च केंद्र वाहन करेगा, यह बहुत बड़ी बात है।

हिमाचल सबका है सत्ता पक्ष, विपक्ष और जनता। सभी मिलकर इस संकट की घड़ी में एकजुट होकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा की नेशनल हाईवे के एक किलोमीटर के दायरे में जितने भी पुल डैमेज हुए है उन पुलो का निर्माण और रिपेयर का खर्च भी केंद्र वाहन करेगा। इससे कुल्लू, औट, पंडोह, खूंखात्तर सभी जगह के पुलो को फायदा होगा। उन्होंने कहा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदेश में बरसात से हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद सड़कों की मरम्मत के लिए 400 करोड़ रुपये देने की घोषणा की यह ऐतिहासिक है । उन्होंने कहा कि इस राशि से फोरलेन, नेशनल हाईवे और तटीकरण का काम होगा। प्रदेश को यह राशि सेतु भारतम परियोजना और सेंट्रल रोड फंड (सीआरएफ) के तहत दी जा रही है।

# प्रादेशिकी

## चौकी इंचार्ज पर हमलावर होकर झगड़ा करने वालों पर केस, तीन दबंग गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,**2 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस ने हमलावर होकर झगड़ा फसाद करने वालों पर केस दर्ज कर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। बजरिया चौकी इंचार्ज अमित गुप्ता ने मोहल्ला तकिया नसरत शाह निवासी अशफाक के पुत्रों अकरम असलम अशरफ अफसर, गड्डू उर्फ रहीस अजय पुत्रगण फैयाज, अन्नी उर्फ अमन अनूप पुत्रगण हरीराम मोहल्ला हाता मिंडू खां निवासी सौरभ पुत्र प्रदीप एवं 8-10 अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के मुताबिक बीती रात दोनों पक्ष जमीन के विवाद को लेकर आपस में गाली गलौज लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। मौके पर पहुंचे बजरिया चौकी इंचार्ज अमित कुमार गुप्ता ने दोनों पक्षों को को समझाया लेकिन वह लोग नहीं माने। दबंग आरोपी पुलिस पर हमलावर होकर झगड़ा फसाद करने को आमादा हो गए। तब चौकी इंचार्ज ने थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया।

# उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था : योगी

## विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक के नेतृत्व में 20 सदस्यीय दल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**लखनऊ,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते 6 साल में उत्तर प्रदेश में समग्र विकास के मिशन के साथ हुए प्रयासों की विश्व बैंक ने सराहना की है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट के दौरान विश्व बैंक के 20 सदस्यीय दल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में अवस्थापना विकास, औद्योगिकरण, कूड़ा निस्तारण, गरीबी उन्मूलन, नियोजित शहरीकरण, पर्यावरण संरक्षण आदि सेक्टर में बीते 6 वर्षों में उत्तर प्रदेश को नया कलेवर दिया है। इससे पहले, उत्तर प्रदेश आगमन पर समूह का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नियोजित प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

नीति आयोग के ताजा आंकड़ों को देखें तो विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश अपनी साढ़े पांच करोड़ आबादी को गरीबी रेखा से बाहर लाने में सफल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जो प्रदेश में रोजगार सृजन करने के साथ ही यूपी को एक्सपोर्ट का हब बना रही हैं। विगत 6 वर्ष में उत्तर प्रदेश ने अपना निर्यात दोगुना तक बढ़ाने में सफलता पाई है। आज उत्तर प्रदेश जिस तरह सेक्टरवार जरूरतों के



**विगत छह साल में प्रदेश ने अपना निर्यात दोगुना तक बढ़ाने में पाई सफलता : योगी आदित्यनाथ**

मुताबिक कार्य योजना तैयार कर काम कर रहा है, वह देश के इस सबसे बड़े प्रदेश में व्यापक बदलाव लाने वाला है। वर्ल्ड बैंक के कार्यकारी निदेशक परमेश्वरन अय्यर के नेतृत्व में हुई इस विशेष भेंट के दौरान उत्तर प्रदेश के पोटेंशियल व संभावनाओं के अनुरूप समग्र विकास के लिए पारस्परिक सहयोग और भावी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। समूह में शामिल कई प्रतिनिधि जो एक दशक पहले यूपी आ चुके हैं, उन्होंने कहा कि प्रदेश में हुए विकास कार्यों की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसके लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश संभावनाओं का प्रदेश है। यहां पर भारत की 16 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है, जो यूपी को देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता और श्रम बाजार बनाती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश भारत की संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र भी है। उत्तर प्रदेश इस दिशा में कार्य करते हुए अपनी विरासत और अपने प्राचीन नगरों को सहेज रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश असीम संभावनाओं का प्रदेश है, ऐसे में वर्ल्ड बैंक साथ जुड़ना यूपी के लिए लाभकारी और फलदाई साबित होगा। विश्व बैंक की टीम के साथ प्रदेश के बदले औद्योगिक परिवेश की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत फरवरी में उत्तर प्रदेश ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया था, जिसमें यूपी को 36 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। कुछ महीनों में निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए हम ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन करने जा रहे हैं, जिसमें 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्तावों को उत्तर प्रदेश धरातल पर उतारने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में इंटर स्टेट कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। लैंड लॉक राज्य होने के बावजूद यूपी इनलैंड वाटरवे के माध्यम से वाराणसी से हल्दिया तक जुड़ चुका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई गई नमामि गंगे जैसी परियोजना के माध्यम से आज गंगा नदी का जल स्वच्छ और निर्मल हुआ है। उत्तर प्रदेश भारत में शिक्षा का भी केंद्र रहा है। वाराणसी और प्रयागराज जैसे नगर शिक्षा के बड़े केंद्र रहे हैं।

### तेज गति के साथ समग्र विकास के लिए उप्र का प्रयास सराहनीय : विश्व बैंक

विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक परमेश्वरन अय्यर ने बताया कि महाराष्ट्र और गुजरात के बाद विश्व बैंक का प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश आया है। इस प्रतिनिधि मंडल में दुनिया के 100 ताकतवर देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग है। उन्होंने कहा कि देश मे बीते 9 साल और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते 6 वर्षों में काफी अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक का मिशन हमेशा से गरीबी उन्मूलन का रहा है, मगर अब पर्यावरण संवर्धन को लेकर भी हमारा विशेष जोर है। उत्तर प्रदेश इस दिशा में बड़ी भूमिका निभा सकता है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए करें व्यापक स्तर पर तैयारियां : केशव

## अमृत वाटिका बनवाने की तैयारी के दिए निर्देश

**लखनऊ,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं की वह मेरी माटी-मेरा देश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु व्यापक स्तर पर तैयारियां करें, सभी दिए गए दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन करें।

इस कार्यक्रम को पूरे गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाना है। सभी अमृत सरोवरों पर पूर्व की भांति स्वतंत्रता दिवस पर झण्डा रोहण किया जाएगा। शिलाफलकम बनवाने के लिए नियमानुसार पत्राचार किया जाए। उन्होंने नव स्थापित सीएम कमांड सेंटर एवं डैश बोर्ड पर ग्राम्य विकास विभाग की सभी सूचनाएं समय से अपलोड व अपडेट करते रहने के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी सूचनाएं नियमित से रिफ्लेक्ट होनी चाहिए।कहा कि ग्राम्य विकास विभाग डाटा फीडिंग का अलग एक सिस्टम विभाग में डेवलप करें और डे बाई डे सभी विवरण व सूचनाएं अपडेट की जाएं।विभाग द्वारा अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है, कई योजनाओं के क्रियान्वयन में ग्राम्य विकास विभाग,देश में टाप पर है। यह सब डैश बोर्ड पर परिलक्षित होना चाहिए। केशव प्रसाद मौर्य आज विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों के क्रियान्वयन व



प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा बजट का उपयोगिता प्रमाण पत्र समय से भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए। बजट खर्च करने की टाइमलाइन निर्धारित की जाए और नियमित रूप से समीक्षा की जाए। निर्देश दिए कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन व फीडबैक लेने तथा अच्छा कार्य करने वाले खण्ड विकास अधिकारियों के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से सितम्बर माह में प्रदेश के सभी खण्ड विकास अधिकारियों व ज्वाइन्ट बी डी ओ का सम्मेलन आयोजित किया जाए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 75 खंड विकास अधिकारियों को वह सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दो माह में मुख्यालय स्तर पर सभी मुख्य विकास अधिकारियों की मीटिंग आहूत की जाए।

## सार संक्षेप

### स्विमिंग पूल में नहाते हुए बच्चे की मौत

**मेरठ।** बच्चे की स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान मौत हो गई। घटना के बारे में जानकारी मिलने पर बच्चे के परिवार वालों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी करने लगी। लेकिन परिवार वालों ने किसी भी कार्यवाही से इनकार करते हुए पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### दिन-दहाड़े बदमाश कैश लेकर फरार

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र के भोला मार्केट स्थित दुकान के गल्ले से दिन-दहाड़े बदमाश कैश लेकर फरार हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद पीड़ित ने लुटेरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान करानी शुरू कर दी है। जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

### नेडा विभाग करा रहा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम

**मेरठ।** परियोजना प्रभारी यूपीनेडा प्रमोद भूषण शर्मा ने बताया कि पीएम कुसुम योजना सी-1 योजनान्तर्गत किसानों के निजी नलकूपों का 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलराईजेशन किया जा रहा है तथा वर्तमान तक 51 किसानों का चयन करते हुए सूचना मुख्यालय प्रेषित कर दी गयी है। पीएम कुसुम योजना सी-2 योजनान्तर्गत जनपद के 9 विद्युत सब स्टेशन का चयन 1 से 2 मेगावाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट की स्थापना हेतु किया गया है, वर्तमान में विद्युत सब स्टेशन गडीना एवं महलका के निकट क्रमशः 1.7 मेगावाट एवं 1.6 मेगावाट के सोलर पावर प्लांट की स्थापना हेतु तीन किसानो से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिसका सर्वे कार्य प्रगति पर है।

### ग्राम धनपुर के पीड़ित परिवार को प्रदान की सहायता राशि

**मेरठ।** अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी ने बताया कि 11 जुलाई को तहसील मवाना के इंचौली थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धनपुर के रहने वाले परिवार की जनपद गाजियाबाद सड़क दुर्घटना में नरेन्द्र यादव पुत्र जयपाल, अनिता पत्नी नरेन्द्र यादव, दिवांशु पुत्र नरेन्द्र यादव, हिमांशु पुत्र नरेन्द्र यादव, बबीता पत्नी धर्मेन्द्र यादव, परि पुत्री धर्मेन्द्र यादव कुल 6 व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी तथा 2 गंभीर रुप से घायल हो गए थे। राज्यमंत्री जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण दिनेश खटीक एवं उप जिलाधिकारी मवाना अखिलेश यादव पीड़ित परिवारों के ग्राम धनपुर स्थित निवास पर जाकर नरेन्द्र यादव (मृतक) के पिता जयपाल व धर्मेन्द्र यादव पुत्र जयपाल को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के अन्तर्गत 12 लाख रुपए की सहायता राशि एवं मंत्री द्वारा अपनी निधि से पीड़ित परिवार को दो लाख की सहायता राशि प्रदान की गई।

### सूचना

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा मवाना की पॉलिसी संख्या 254874318 में मेरा नाम Bhupendra kumar है जो गलत है मेरा आधार कार्ड में सही नाम विवेक है।

**-विवेक पुत्र रवीन्द्र कुमार, अलीपुर मोरना, तहसील मवाना, मेरठ।**

# विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने किया पुतला दहन

**मवाना,**2 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग के कार्यकर्ताओं ने मेवात में हुई हिंसा के विरोध प्रदर्शन कर मुस्लिम जेहाद का पुतला दहन कर हत्याओं में शामिल लोगों को फांसी दिए जाने की मांग की। मेवात नूह में प्रतिवर्ष महाभारत कालीन नल्लहड़ महादेव का आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालु जाते हैं। इस बार भी सोमवार को लगभग 20 25 हजार लोग पहुंचे हुए थे। लेकिन इस बार उपद्रवियों ने गोलियां और पत्थर बरसाने तथा आगजनी शुरू कर दी। जिसके हिन्दुओं की धार्मिक भावना आहत हुई है। जिला संयोजक विकास कश्यप के नेतृत्व में बुधवार को आयोजित विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि देश में धीरे-2. वह रही धार्मिक कट्टरता के कारण भारत हिन्दुओं के रहने लायक बनकर न बनता जा रहा है प्राचीन बल्लहंड शिव मन्दिर की धार्मिक यात्रा हो या देश में कहीं भी हिन्दू हाम में कार्य हो जिहादी मानसिकता के कारण भारत में हिन्दू असत हो गया हैं। हिन्दुओं के धार्मिक आयोजन अपने ही देश में करने इन जिहारियों ने इभर कर पड़ेगे हो जान से मारने धार्मिक कार्यों में बाधा डालना आम होता जा रहा है।



# संविधान बचाओ संकल्प सभा में कांग्रेसियों ने दिखाया दम

**मेरठ,**2 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को पीएल शर्मा स्मारक में आयोजित हुए कांग्रेस की संविधान बचाओ संकल्प सभा में हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी की मौजूदगी रही। इस मौके पर किठौर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी डा. बबीता सिंह गर्जुर अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। संकल्प सभा के लिए जा रहे कांग्रेसियों ने राहुल जिंदाबाद के नारे भी लगाए। कार्यक्रम को संबोधित कर बृजलाल खाबरी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। कहा कि आज देश का निजीकरण हो रहा है। भाजपा सरकार संविधान तोड़ने का कार्य कर रही है। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाएगी। आगे कहा कि लोकसभा की तैयारियों को लेकर यूपी के हर जिले में प्रत्येक जिले में 100 कार्यकर्ता की एक टीम बनाई जायेगी। इस समय देश का संविधान पर संकट है और संविधान को खत्म करने की साजिश की जा रही है। कांग्रेस लोगों को जागरूक करने के लिए संविधान बचाओ संकल्प सभा आयोजित कर रही है।



- **हजारों कार्यकर्ताओं ने संविधान बचाने का लिया प्रण**
- **कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर जमकर बोला हमला**

# कांग्रेसियों ने संविधान बचाने का लिया संकल्प



**मेरठ,**2 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ संकल्प प्रोग्राम में आए मुख्य अतिथियों का युवा कांग्रेस की जिला व महानगर की टीम ने मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस ओमवीर यादव, प्रदेश महासचिव विधित चौधरी का जली कोठी में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर युवा कांग्रेस युगांश राणा, जिला अध्यक्ष अश्वनी गुर्जर व महानगर अध्यक्ष सय्यद आमिर रजा के नेतृत्व में पूरी टीम के साथ जोर शोर से स्वागत किया। प्रोग्राम स्थल शर्मा स्मारक प्यारेलाल पहुंचीयुवा कांग्रेस की पूरी टीम ने संविधान बचाने को लेकर संकल्प लिया। मुख्य अतिथि प्रदीप नरवाल, विदित चौधरी व ओमवीर यादव कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेत्री इंदिरा भाटी के आवास पर पहुंचे। इस दौरान गौरव भाटी, शबी खान, युगांश राणा, अजय शर्मा, मोहम्मद इमरान, अश्वनी गुर्जर, सय्यद अमीर रजा, राकेश कुशवाह, रोहताश भैया, अब्दुल हक, उमरदराज, साकिब कुरैशी, राजकरण विकल, मोहित भाटी, ओवैस अंसारी, रमेश यादव, सलमान कुरैशी, रियाजुद्दीन रायन आदि मौजूद रहे।

# सीएसआईआर नेट जेआरएफ में छात्रों ने लहराया परचम







**मेरठ,**2 अगस्त (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्राएं जेनिश मलिक एवं रितिका जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लाइफ साइंस में सीएसआईआर नेट क्वॉलीफाई किया है तथा विभाग के ही अजय कुमार ने सीएसआइआर जेआरएफ क्वॉलीफाई किया है। विभाग के सहायक आचार्य डॉ.लक्ष्मण नागर ने बताया की सीएसआईआर नेट राष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है जो जूनियर रिसर्च फैलोशिप एवं लेक्चरशिप के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करना अपने आप बड़े सम्मान का क्षण है। डॉ.लक्ष्मण नागर के अनुसार समय का सही प्रबंधन एवं निरंतर पढ़ाई के साथ साथ पूर्व में आए हुए प्रश्नों का गहन अध्ययन से इस परीक्षा में सफलता प्राप्त हो सकती है। जैनिस एवं रितिका कैंसर पर काम करना चाहती हैं तथा अजय किसानों के लिए शोध करना चाहता है। जितेंद्र सिंह के अनुसार विभाग के छात्रों का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय है।

# एलआईसी ने पैन इंडिया के तहत किया पौधारोपण



**मवाना,**2 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को नगर स्थित एल आई सी की शाखा मवाना ने पैन इंडिया पौधारोपण अभियान के तहत शाखा प्रबंधक भूपेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में नगर में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि लोगों को जीवन में एक पौधारोपण कर उसकी देखभाल करनी चाहिए। यहां पर सहायक शाखा प्रबंधक भपन सिंह, शैलेन्द्र कुमार,संजय रस्तोगी, कमलकांत शर्मा, मनोज रावल सिंघम सलोमी सहायक प्रकाश अधिकारी कमल कांत, जुनेद आदि मौजूद रहे।

# पीपीपी मॉडल पर तीन बस स्टेशनों के विकास पर आगे बढ़ी सरकार

**लखनऊ,** 2 अगस्त (देशबन्धु)। बस यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के साथ उनकी यात्रा को सुरक्षित बनाने के प्रति संकल्पित योगी सरकार ने बुधवार को इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। पीपीपी मॉडल पर आधुनिक बस स्टेशनों के निर्माण की प्रक्रिया के तहत गाजियाबाद (ओल्ड), गोमती नगर (लखनऊ) एवं सिविल लाइन्स (प्रयागराज) बस स्टेशनों के लिए चयनित विकासकर्ता मै. ओमेक्स लिमिटेड के साथ कन्सेशन अनुबन्ध हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही परिवहन निगम द्वारा अपनी बसों में वैहिकल लोकेशन ट्रैकिंग एवं पैनिक बटन स्थापना के साथ निगम मुख्यालय पर आधुनिक कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर, क्षेत्रीय मुख्यालयों पर रीजनल कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर एवं 100 प्रमुख बस स्टेशनों पर यात्री सूचनाओं के प्रदर्शन के लिए बड़े साइज के एलईडी डिस्प्ले पैनल्स एवं यात्री उद्घोषणा तंत्र की स्थापना परियोजना का भी शुभारम्भ

### बसों में सुरक्षा के भी किए गए प्रबंध

किया गया। परिवहन निगम के सभागार में उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल पर बस स्टेशनों को निर्मित कराया जाना सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा है।विश्वस्तरीय नवीन तकनीकों का प्रयोग करते हुए स्थानीय संस्कृति एवं वास्तुकला की झलक के साथ इन बस स्टेशनों को विकसित किया जाएगा। ओमेक्स लि. के प्रबन्ध निदेशक मोहित गोयल ने आश्वस्त किया कि सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप आधुनिक बस स्टेशनों का निर्माण एवं विश्वस्तरीय तकनीकों का प्रयोग कर यात्री अनुभवों को बेहतर करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

**आयोजन** *कांग्रेस की संविधान बचाओ संकल्प सभा का हुआ आयोजन*

# देश के संविधान को तोड़ने का कार्य कर रही भाजपा : बृजलाल खाबरी

**मेरठ,2 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को पीएल शर्मा स्मारक में कांग्रेस की संविधान बचाओ संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी पहुंचे। बृजलाल खाबरी ने भाजपा पर नशाना साधते हुए कहा कि आज हमारे देश का निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान तोड़ने वाली भाजपा सरकार को आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। बृजलाल खाबरी ने कहा कि संविधान के तहत प्राप्त आरक्षण का अधिकार खत्म होता जा रहा है। महंगाई से अरज हर घर का बजट बिगड़ा हुआ है, मध्यम वर्ग परेशान हाल है।**

जब राहुल गांधी सदन में देश के समस्याओं पर बोलते हैं तो उनका माइक म्यूट कर दिया जाता है। इसके बाद राहुल गांधी ने सड़क पर उतरकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा कर लोगों को जोड़ा। संविधान को बचाने की कांग्रेस की जिम्मेदारी है। देश का संविधान खतरे में है जिसे बचाने के लिए हम लोग संघर्ष के लिए निकले है।

मोदी और आरएसएस की साजिश को कांग्रेस बेनकाब करेगी। भारत का संविधान देश को जोड़ने का काम करता है बीजेपी और आरएसएस संविधान खत्म करके तानाशाही राज लागू करना चाहते है। देश को सारे संवैधानिक संस्थाओं पर आरएसएस अपनी विचारधारा का कब्जा चाहते है। उन्होंने कहा कि राहुल की आवाज को जब सरकार लगातार दबाने का काम करती रही तब राहुल जी कन्याकुमारी से कश्मीर तक चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा कर भाजपा कि नींद उड़ा देते हैं। 2024 में संविधान व देश को बचाने का संकल्प लेना होगा। आगे कहा कि यूपी के हर जिले में प्रत्येक जिले में 100 कार्यकर्ता कि एक टीम बनाई जायेगी। जो आगामी लोकसभा की



- **भाजपा पर बरसे कांग्रेस के नेता**
- **लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस**

तैयारियों को लेकर कार्य करेगी। राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने कहा कि बीजेपी की हर साजिश को कांग्रेस बेनकाब करेगी। देश को सारे संवैधानिक संस्थाओं पर आरएसएस अपनी विचारधारा का कब्जा चाहते है।

कांग्रेस का कार्यकर्ता किसी भी हाल पर संविधान पर हमला बर्दाश्त नहीं करेगा। देश में कहीं मणिपुर, कहीं मेवात जल रहा है। प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने भी भाजपा पर जमकर हमला बोला। कहा कि बीजेपी अंग्रेजों की नीति पर चल रही है फूट डालो राज करो उन्हें पता है देश का संविधान जब तक है तब तक हम देश को हम तोड़ नहीं सकते इसी लिए संविधान पर हमला किया जा रहा है।

भाजपा सारे सरकारी संस्थान बेच का आरक्षण समाप्त करने का काम कर रही। भाजपा राम राज की बात करती है मणिपुर में देश की बेटियों के साथ जो हो रहा है, लेकिन मोदी जी सुप्रीम कोर्ट कि टिप्पणी के बाद भी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मजहब के नाम पर नफरत का माहौल तैयार कर रही है और लोगों को आपस में लड़ा रही है।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, गुरूवार, 3 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## कभी नहीं सोचा था कि मैं एक पायलट की भूमिका निभाऊंगा: अक्षय ओबेरॉय

मुंबई, 2 अगस्त (एजेंसियां)। 'फाइटर' में वायु सेना पायलट की भूमिका निभा रहे एक्टर अक्षय ओबेरॉय उस समय को याद करते हैं जब उन्होंने पहली बार टॉम क्रूज को 'टॉप गन' में देखा था, जिसमें हॉलीवुड स्टार एक पायलट की भूमिका में थे। इस फिल्म ने अक्षय को जीवन भर के लिए टॉम क्रूज का फैन बना दिया। अक्षय ने कहा, 'मैं टॉप गन जैसी फिल्में देखकर बड़ा हुआ हूं, लेकिन कभी नहीं सोचा था कि मुझे वायु सेना के पायलट की भूमिका निभाने को मिलेगी। मैंने इसे तब देखा था जब मैं बहुत छोटा था और टॉम क्रूज को फाइटर जेट उड़ाते हुए देखना और जिस तरह से वह अपनी वर्दी में दिखते थे, वह बहुत रोमांचकारी था।' 'मुझे याद है कि यह मेरे लिए बहुत आकांक्षापूर्ण था।

### अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन जर्नल हाइपरटेंशन ने अध्ययन में कहा

# रोजाना शराब पीने वाले हो सकते हैं हाई ब्लड प्रेशर के शिकार



**न्यूयॉर्क,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन जर्नल हाइपरटेंशन में बुधवार को प्रकाशित सात अंतरराष्ट्रीय शोध विश्लेषण के अनुसार, रोजाना कोई मादक पेय पीने वाला व्यक्ति हाई ब्लड प्रेशर का शिकार हो सकता है। शोध में पता चला है कि बिना हाई ब्लड प्रेशर वाले वयस्कों में भी रोजना शराब के सेवन से ब्लड प्रेशर अधिक तेजी से बढ़ सकता है। विश्लेषण से पहली बार यह पुष्टि हुई कि कम और अधिक शराब सेवन वाले दोनों ही तरह के लोगों में हाई ब्लड प्रेशर देखा गया है। यहां तक कि शराब का निम्न स्तर भी ब्लड प्रेशर और ह्रदय संबंधी खतरा पैदा कर सकता है।

इटली के मोडेना और रेगियो एमिलिया विश्वविद्यालय के मेडिकल स्कूल में महामारी विज्ञान और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रोफेसर मार्को विन्सेटी ने कहा, 'हमें उन वयस्कों में कोई लाभकारी प्रभाव नहीं मिला जो कम मात्रा में शराब पीते हैं।'

विन्सेटी ने कहा, 'हमें यह देखकर कुछ हद तक आश्चर्य हुआ कि शराब का पहले से ही कम सेवन करने वालों में भी ब्लड प्रेशर का बदलाव देखा गया। मगर यह ज्यादा शराब पीने वालों की तुलना में कम है।' इस साल की शुरुआत में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी चेतावनी दी थी कि शराब की कोई सुरक्षित मात्रा नहीं है जो स्वास्थ्य को प्रभावित न करे।



गैर-संचारी रोग प्रबंधन के लिए कार्यवाहक यूनिट लीड और अल्कोहल के लिए क्षेत्रीय सलाहकार डॉ. कैरिना फरेरा बोर्गेस ने कहा कि 'हम शराब के उपयोग के तथाकथित सुरक्षित स्तर के बारे में बात नहीं कर सकते। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितना पीते हैं। पीने वाले के स्वास्थ्य के लिए खतरा पहली बूंद से शुरू होता है। केवल एक चीज जो हम इसके बारे में कह सकते हैं कि यह निश्चित है कि जितना अधिक आप पीते हैं, उतना अधिक हानिकारक होता है, या, दूसरे शब्दों में कहें तो जितना कम आप पीते हैं, उतना सुरक्षित होता है।'

शोधकर्ताओं ने अध्ययन के लिए 1997 और 2021 के बीच प्रकाशित सात अध्ययनों में सभी प्रतिभागियों के स्वास्थ्य डेटा की समीक्षा की और इसमें 19,548 वयस्क शामिल थे। निष्कर्षों से पता चला कि प्रतिदिन औसतन 12 ग्राम शराब का सेवन करने वाले लोगों में ऊपर का ब्लड प्रेशर (टॉप नंबर) 1.25 मिमी एचजी बढ़ गया, वहीं, 48 ग्राम शराब का सेवन करने वाले में यह 4.9 मिमी एचजी तक बढ़ गया।

वहीं अगर ब्लड प्रेशर के नीचे के नंबर (बोटम नंबर) की बात करें तो प्रतिदिन औसतन 12 ग्राम शराब का सेवन करने वाले लोगों में डायस्टोलिक रक्तचाप 1.14 मिमी एचजी तक बढ़ गया, जबकि प्रतिदिन औसतन 48 ग्राम शराब का सेवन करने वाले लोगों में यह 3.1 मिमी एचजी तक बढ़ गया।

विन्सेटी ने कहा, 'शराब निश्चित रूप से रक्तचाप में वृद्धि का एकमात्र कारण नहीं है, हालांकि, हमारे निष्कर्ष यह पुष्टि करते हैं कि यह भी एक कारण हो सकता है, इसलिए शराब का सेवन सीमित करने की सलाह दी जाती है, और इससे बचना और भी बेहतर है।'



# नवजात के स्तनपान में पति करें पत्नी की मदद: ग्वाडा

**भोपाल,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्तनपान सप्ताह की शुरुआत के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यूनिसेफ की राज्य प्रमुख मार्गरेट ग्वाडा ने कहा कि स्तनपान के लिए पति भी पत्नी की मदद करें। राजधानी में इम्पैक्ट फॉर न्यूट्रिशन, यूनिसेफ और जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीटअप मार्गरेट ग्वाडा ने अपने व्यक्तिगत अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने कहा, हर महिला को स्तनपान का पहला दिन चुनौतीपूर्ण लगता है। उनके पति ने उन्हें बहुत समर्थन और जानकारी दी, जिससे उन्हें शुरुआती हफ्तों में मदद मिली। इसी तरह हर पति को ऐसा ही करना चाहिए। इस नर्सिंग अवधि के दौरान अपनी पत्नी का समर्थन करें। मां का दूध शिशु के लिए सबसे शुद्ध और सर्वोत्तम है।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक सुरेश तोमर ने कहा कि हालांकि यह सिफारिश की जाती है कि जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू कर दिया जाए। अभी भी केवल 41 फीसदी नवजातों को ही विशेष स्तनपान मिल पाता है। इसका कारण यह है कि हम केवल समाज के एक वर्ग पर ही ध्यान केंद्रित कर उन्हें जागरूक करते हैं, जबकि अस्पतालों को भी इस मुद्दे के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। स्तनपान की बारीकियों के बारे में बात करते हुए यूनिसेफ की पोषण विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा अवस्थी ने कहा कि पांच साल से कम उम्र के 45 फीसदी बच्चे पोषण की कमी के कारण मर जाते हैं। स्तनपान से 100 में से 10 शिशुओं को बचाने की क्षमता है। यदि पहले दिन के पहले घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान करवाया जाए तो 22 प्रतिशत नवजातों को बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मां का दूध बच्चे के पहले टीकाकरण के रूप में कार्य करता है। ये दूध शिशु को सर्दी, दस्त, अस्थमा और पीलिया जैसी बीमारियों से बचाता है। इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीट में करीब 25 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स शामिल हुए।

# मेटा ने कनाडा में फेसबुक, इंस्टाग्राम पर खबरों को ब्लॉक करना शुरू किया

**सैन फ्रांसिस्को,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। मेटा ने देश में नए ऑनलाइन न्यूज एक्ट का पालन करने के लिए कनाडा में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर समाचारों को ब्लॉक करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा कि उसने कनाडा में समाचार उपलब्धता समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मेटा ने मंगलवार देर रात एक बयान में कहा, 'ये बदलाव आज से शुरू हो रहे हैं और अगले कुछ सप्ताह में कनाडा में फेसबुक तथा इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों के लिए लागू किए जाएंगे।'

ऑनलाइन न्यूज एक्ट के तहत मेटा और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों को पब्लिशर्स के साथ बातचीत करने और उनके न्यूज कंटेंट के लिए भुगतान करने की आवश्यकता है। मेटा के इस फैसले के बाद कनाडाई समाचार प्रकाशकों और




प्रसारकों द्वारा पोस्ट किए गए समाचर लिंक और कंटेंट अब कनाडा में नहीं देखे जा सकेंगे।

टेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने कहा, 'हम ऑनलाइन न्यूज एक्ट के आधार पर न्यूज आउटलेट की पहचान कर रहे हैं। कनाडा के बाहर के न्यूज पब्लिशर्स और ब्रॉडकास्टर्स न्यूज लिंक और कंटेंट पोस्ट करने में सक्षम रहेंगे, हालांकि, वह कंटेंट कनाडा में लोगों द्वारा देखी नहीं जा सकेगी।' मेटा ने कहा कि यह एक बिजनेस डिसीजन है और लगभग एक साल पहले, हमने अपनी चिंताओं को साझा किया था कि ऑनलाइन न्यूज एक्ट हमें इस बात पर विचार करने के लिए मजबूर करेगा कि क्या हमें अपने प्लेटफार्मों पर न्यूज कंटेंट शेयर करने की अनुमति जारी रखनी चाहिए। मार्क जुकरबर्ग द्वारा संचालित कंपनी ने कहा, 'यह कानून गलत अवधारणा पर आधारित है कि मेटा को हमारे प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए समाचार कंटेंट से गलत तरीके से फायदा होता है, जबकि सच्चाई इसके उलट है।' समाचार संस्थान अपने दर्शकों का विस्तार करने के लिए स्वेच्छा से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कंटेंट साझा करते हैं। मेटा ने तर्क दिया, 'इसके विपरीत, हम जानते हैं कि हमारे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने वाले लोग समाचार के लिए हमारे पास नहीं आते हैं।'



# 'ओटीटी गैंग' में शामिल होना आकर्षक है: नरगिस फाखरी

**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी ने अपनी पहली फिल्म 'टटलूबाज' के साथ 'ओटीटी गैंग' में शामिल होने पर उत्साह जताया है और इसे आकर्षक व उत्साहजनक अनुभव बताया है। वह 'ससुराल सिमर का' फेम टीवी एक्टर धीरज धूपर के साथ नजर आएंगी, जो इस सीरीज के साथ अपना ओटीटी डेब्यू भी कर रहे हैं। नरगिस ने 2011 में इम्तियाज अली की म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा 'रॉकस्टार' में रणबीर कपूर के साथ एक्टिंग करियर की शुरुआत की। ओटीटी में काम करने को लेकर नरगिस ने कहा, 'ओटीटी के लगातार विकसित हो रहे लैंडस्केप में, बेहतरीन कंटेंट ने 'ओटीटी गैंग' में शामिल होना आकर्षक बना दिया है। पहले फिल्मों में काम करने के बाद एक सीरीज में काम करने का अवसर मेरे लिए एक रिफ्रेशिंग एक्सपीरियंस है।' 'टटलूबाज' आईएन 10 मीडिया नेटवर्क के तहत ओटीटी प्लेटफॉर्म एपिक ऑन पर स्ट्रीम होगा। इसी के बारे में बात करते हुए नरगिस ने कहा, 'एपिक ऑन मार्केट में अपनी पहचान स्थापित करने के साथ ओटीटी ओरिजिनल में कदम रख रहा है। हम साथ मिलकर दर्शकों को प्रेरित करने और इस निरंतर विकसित हो रहे परिदृश्य में असाधारण कहानी कहने की चुनौती व उत्साह को स्वीकार करते हैं। धीरज भी ओटीटी की दुनिया में अपनी पहली यात्रा से रोमांचित हैं।

उन्होंने कहा, 'परफेक्ट स्क्रिप्ट के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा और जब मुझे 'टटलूबाज' की स्क्रिप्ट मिली, तो मुझे तुरंत पता चल गया कि यह आगे बढ़ने के लिए सही प्रोजेक्ट है।'

## *आयुष्मान से 'आयुष्मन' तक, एक्टर की ख्वाहिश बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में भी हो नॉमिनेट!*




*मुंबई। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' की तैयारी कर रहे हैं, ने साझा किया है कि जहां दर्शकों ने उन्हें आयुष्मान के रूप में पसंद किया है, वहीं उनकी नई फिल्म के साथ वे उनमें 'आयुषवुमन' को भी पसंद करेंगे। हाल ही में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर मीडिया से बात करते हुए, एक्टर ने कहा कि एक एक्टर के रूप में फिल्म पर काम करना उनके लिए शानदार अनुभव है। फिल्म में, आयुष्मान करम नाम के लड़के का किरदार निभा रहे है, जिसपर लाखों का लोन है। उस लोन को चुकाने के लिए वह 'पूजा' में बदल जाता है और यहां से शुरू होती है कॉमेडी।*

# व्हाट्सऐप ने जून में भारत में 66 लाख से अधिक बैड अकाउंट बंद किए

**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सऐप ने नए आईटी नियम 2021 के अनुपालन में जून के महीने में भारत में 66 लाख से अधिक बैड अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया।




व्हाट्सऐप ने मंगलवार को अपनी मासिक अनुपालन रिपोर्ट में कहा, '1-30 जून के बीच, 6,611,700 व्हाट्सऐप खातों पर प्रतिबंध लगा दिया गया और इनमें से 2,434,200 को यूजर्स की किसी भी रिपोर्ट से पहले सक्रिय रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया।' व्हाट्सऐप देश में सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म है, जिसके 500 मिलियन यानि 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। जून में देश में रिकॉर्ड 7,893 शिकायत रिपोर्ट प्राप्त हुईं, और रिकॉर्ड 'कार्रवाई' की संख्या 337 थी। 'एकाउंट्स एक्शंड' उन रिपोर्टों को दर्शाता है जहां व्हाट्सऐप ने रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की और कार्रवाई करने का मतलब या तो किसी खाते पर प्रतिबंध लगाना है या पहले से प्रतिबंधित खाते को बहाल करना है। इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि 1 जून से 30 जून के बीच शिकायत अपीलीय समिति से प्राप्त आदेश 1 थे, और अनुपालन किए गए आदेश भी 1 थे। लाखों भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाने के लिए, केंद्र ने हाल ही में शिकायत अपीलीय समिति (जीएसी) लॉन्च की है जो कंटेंट और अन्य मुद्दों के संबंध में उनकी चिंताओं पर गौर करेगी।

# कश्मीर: बांदीपोरा का सरकारी स्कूल बना जंक फूड मुक्त स्कूल

**श्रीनगर,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा सरकारी स्कूल को पूरी तरह से जंक फूड मुक्त स्कूल बुधवार को घोषित किया गया। माध्यमिक सरकारी स्कूल ओनागम बांदीपोरा ने आज जारी बयान में घोषणा की कि छात्रों की भलाई और उनके स्वास्थ्य में सुधार को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला किया गया है। स्कूल प्रमुख जावेद जवाद ने कहा, स्कूल में बच्चों के सीखने के लिए एक सकारात्मक माहौल तैयार करने के उद्देश्य से परिसर को पूरी तरह से अस्वास्थ्यकर भोज्य पर्दाथों से मुक्त रखने का फैसला किया गया है। स्कूल प्रमुख ने कहा कि जंक फूड-मुक्त वातावरण में परिवर्तन के



लिए स्कूल प्रशासकों, समर्पित शिक्षकों और इस मुहिम में लगे हुए माता-पिता के सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता है, जिन्होंने छात्रों को पौष्टिक विकल्प प्रदान करने के महत्व को पहचाना। राज्य पुरस्कार विजेता श्री जवाद ने कहा कि माता-पिता, विशेषकर माताओं को मीठे स्नैक्स और पैकेज्ड जंक फूड को पौष्टिक विकल्पों से बदलने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा, 'स्कूल ने छात्रों को आहार विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाया, जिसका उनके शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास पर स्थायी प्रभाव पड़ता है।' उन्होंने कहा कि जीएमएस ओनागम का मानना है कि भविष्य के भावी नेताओं को तैयार करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'हमारे परिसर से जंक फूड को हटाकर, हमारा लक्ष्य कल्याण की संस्कृति विकसित करना और आजीवन आदतें विकसित करना है जो हमारे छात्रों की सफलता में योगदान देगी।' स्कूल प्रमुख ने कहा कि उनका संस्थान छात्र कल्याण और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के इच्छुक अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में काम करेगा।

# सभी के लिए प्रेरणा हैं विद्युत जामवाल: एक्टर प्रेम

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। एक्शन-थ्रिलर सीरीज 'कमांडो' से एक्टिंग करियर की शुरुआत करने जा रहे प्रेम ने एक्टर विद्युत जामवाल की तारीफ करते हुए कहा कि वह हमेशा 'ओजी कमांडो' बने रहेंगे। 'कमांडो' फ्रेंचाइजी की शुरुआत 2013 में 'कमांडो : ए वन मैन आर्मी' से हुई थी, जिसमें विद्युत लीड रोल में थे। पिछले कुछ सालों में, यह फ्रेंचाइजी एक्शन शैली के शौकीनों की पसंदीदा बन गई है। प्रेम ने बताया कि कैसे विद्युत ने एक बेंचमार्क स्थापित किया है, जिस तक वह पहुंचना चाहते हैं। एक्शन हीरो प्रेम 'कमांडो विराट' की भूमिका से दर्शकों को सरप्राइज करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'कमांडो' जैसी बड़ी फिल्म के साथ शुरुआत करना निश्चित रूप से एक बड़ी बात है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक मेरे काम को पसंद करेंगे। विद्युत सर हमेशा ओजी कमांडो बने रहेंगे।' प्रेम ने विद्युत को अपनी प्रेरणा बताया और कहा, 'वह इस एक्शन फ्रेंचाइजी को एक अलग स्तर पर लेकर गए हैं, वह मेरे लिए या किसी और के लिए प्रेरणा हैं, जो एक्शन स्टार बनना चाहता है। वास्तव में मैं आभारी महसूस करता हूं कि मेरे पास एक बेंचमार्क है।' उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि मैं अपने अग्रेशन स्टाइल और एक्शन टेक्निक के साथ एक नया कमांडो लाकर दर्शकों और जामवालियंस को हैरान कर दूंगा।'

### 'जन्मदिवस 03 अगस्त के अवसर पर'

# जो भी हो तुम खुदा की कसम लाजवाब हो



मुंबई, 2 अगस्त (एजेंसियां)। मशहूर शायर और गीतकार शकील बदायूंनी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके लिखे गीत आज भी संगीत प्रेमियों के जेहन जिंदा हैं। शकील बदायूंनी का अपनी जिंदगी के प्रति नजरिया उनकी रचित इन पंक्तियों मे समाया हुआ है।

**मैं शकील दिल का हूं तर्जुमा, कि मोहब्बतों का हूँ**
**राजदान मुझे फख्रहै मेरी शायरी मेरी जिंदगी से जुदा नहीं**

उत्तर प्रदेश के बदांयू कस्बे में 03 अगस्त 1916 को जन्में शकील अहमद उर्फ शकील बदायूंनी बी.ए पास करने के बाद वर्ष 1942 में दिल्ली पहुंचे जहां उन्होनें आपूर्ति विभाग में आपूर्ति अधिकारी के रूप में अपनी पहली नौकरी की। इस बीच वह मुशायरों में भी हिस्सा लेते रहे जिससे उन्हें पूरे देश भर मे शोहरत हासिल हुई। अपनी शायरी की बेपनाह कामयाबी से उत्साहित शकील बदायूंनी ने नौकरी छोड़ दी और वर्ष 1946 में दिल्ली से मुंबई आ गये। मुंबई में उनकी मुलाकात उस समय के मशहूर निर्माता ए.आर. कारदार उर्फ कारदार साहब और महान संगीतकार नौशाद से हुयी।

नौशाद के कहने पर शकील ने 'हम दिल काअफसाना दुनिया को सुना देंगे। हर दिल मे मोहब्बत की आग लगा देंगे' गीत लिखा। यह गीत नौशाद साहब को काफी पसंद आया जिसके बाद उन्हें तुंरत ही कारदार साहब की 'दर्द' के लिये साइन कर लिया गया। वर्ष 1947 में अपनी पहली ही फिल्म 'दर्द' के गीत 'अफसाना लिख रही हूं' की अपार सफलता से शकील कामयाबी के शिखर पर जा बैठे।

शकील बदायूंनी ने सबसे ज्यादा फिल्में संगीतकार नौशाद के साथ ही की। शकील बदायूंनी और नौशाद की जोड़ी वाले गीतों में कुछ है तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, सुहानी रात ढल चुकी, वो दुनिया के रखवाले जैसे गीत आज भी लोगों को याद हैं।इसके अलावा दो सितारो का जमीं पे है मिलन आज की रात, मधुबन में राधिका नाची रे, जब प्यार किया तो डरना क्या, नैन लड़ जइहें तो मन वा मे कसक होइबे करी, दिल तोड़ने वाले तुझे दिल ढूंढ रहा है, तेरे हुस्न की क्या तारीफ करू, दिलरूबा मैंने तेरे प्यार मे क्या क्या न किया जैसे गीत हिंदी फिल्मों के इतिहास के अमर गीत बन गए।

शकील बदायूंनी को अपने गीतों के लिये तीन बार फिल्म फेयर अवार्ड से नवाजा गया। फिल्मीं गीतों के अलावे शकील ने कई गायकों के लिये गजल भी लिखी हैं। सबसे ज्यादा गजलें उन्होंने पंकज उधास के लिए लिखी हैं। लगभग 54 वर्ष की उम्र, में 20 अप्रैल 1970 को शकील इस दुनिया को अलविदा कह गये।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने वर्ल्ड वाइड 100 करोड़ से अधिक की कमाई की

**मुंबई,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और अभिनेत्री आलिया भट्ट की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने बॉक्स ऑफिस पर वर्ल्ड वाइड 100 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी करण जौहर निर्मित-निर्देशित 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' 28 जुलाई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुयी है। इस फिल्म के साथ करण जौहर ने सात वर्षो के बाद निर्देशन के क्षेत्र में वापसी की है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने वर्ल्ड वाइड 100 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म के 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने पर करण जौहर ने खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, रॉकी, रानी और हमारी कहानी के लिए दुनिया भर से अपना प्यार देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। वहीं, धर्मा प्रोडक्शन्स की तरफ से लिखा गया 'हर तरफ से सिर्फ प्रेम क्योंकि इनकी प्रेम कहानी हो रही है दुनियाभर में फेमस। ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़। सच में लव है, तो सब है।'



# [ अर्थ जगत ]



## पेट्रोल और डीजल की क़ीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की क़ीमतें आज भी अपरिवर्तित रही, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## बीमार दूरसंचार क्षेत्र ने रफ्तार पकड़ी: चंद्रशेखर



आज मोदी सरकार के सुधार के कार्यक्रमों से दूरसंचार के क्षेत्र का तीव्र रफ्तार के साथ विस्तार हो रहा है और यह 'इंडिया टेकेड' यानी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के लिए अवसरों का दशक बन गया है। हम दुनिया में 5जी नेटवर्क शुरू करने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं और 700 से अधिक जिलों में 5जी कवरेज है:- राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के सुधारवादी कदमों से भारत के दूरसंचार क्षेत्र ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है।

श्री चंद्रशेखर ने कहा कि इससे पहले संयुक्त प्रगतिशील गबठंधन सरकार (संप्रग) के दस वर्ष के कार्यकाल के दौर में दूरसंचार क्षेत्र बदहाल हो गया था। वह यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने संप्रग के दस साल के कार्यकाल को 'व्यर्थ गया दशक' करार देते हुए कहा कि वह घोटालों का दौर था जब भारत से दूरसंचार क्षेत्र से निवेशक भाग रहे थे और इस क्षेत्र की स्थिति काफी खराब हो गई थी। उन्होंने कहा, आज मोदी सरकार के सुधार के कार्यक्रमों से दूरसंचार के क्षेत्र का तीव्र रफ्तार के साथ विस्तार हो रहा है और यह ' इंडिया टेकेड' यानी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के लिए अवसरों का दशक बन गया है। श्री चंद्रशेखर ने कहा कि वर्तमान सरकार में स्पेक्ट्रम की नीलामी से प्राप्त प्रत्येक रुपया सार्वजनिक खजाने में गया है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में खर्च किया गया है।

उन्होंने आगे कहा ''इंडिया टेकडे में, नेटवर्क की गुणवत्ता बहुत अधिक है, टेलीकॉम ऑपरेटरों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वायरलेस नेटवर्क में बेस स्टेशनों और क्षमताओं में अधिक से अधिक निवेश करने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा, हम दुनिया में 5जी नेटवर्क शुरू करने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं और 700 से अधिक जिलों में 5जी कवरेज है।''

मंत्री ने कहा कि इस अत्याधुनिक तकनीक में 500,000 से अधिक 5जी बेस स्टेशन चालू किए किए जा चुके हैं। उन्होंने इंटरनेट और दुरसंचार सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा, ''इस समय लगभग 83 करोड़ भारतीय इंटरनेट से जुड़े हुए हैं और हम दुनिया का सबसे बड़ा कनेक्टेड देश और सबसे बड़ा कनेक्टेड लोकतंत्र हैं। 2014 में, यह संख्या बस एक छोटा सा हिस्सा थी। हमारा अनुमान है कि 2025-26 तक 120 करोड़ भारतीय इंटरनेट से जुड़ जाएंगे।

संप्रग पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके समय में दूरसंचार क्षेत्र के घोटालों के बारे में चर्चा केवल घोटालों की होती थी। उन्होंने कहा, बीएसएनएल जो 2004 में छह अरब डॉलर की कंपनी थी और 2014 आते-आते वह घाटे में चली गई। उस समय कार्यकाल के दौरान दूरसंचार उपकरणों के लिए हम तकरीबन पूरी तरह से आयात पर निर्भर थे जबकि आज आत्मनिर्भर बन गए हैं।

उन्होंने कहा कि आज शत-प्रतिशत उपकरण भारत में बनते हैं या उनकी असेंबलिंग देश में होती है। इन उपकरणों के निर्यात में भी तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार करने और 2026 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में दूरसंचार क्षेत्र कर की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## डीजीटी का नई टेक्नॉलॉजीज पर कौशल कार्यक्रम के लिए एडब्लूएस इंडिया से करार

**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के तहत कार्यरत डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेनिंग (डीजीटी) ने एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ के साथ गठबंधन कर रहा है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनोटेशन, आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई), और मशीन लर्निंग (एमएल) में कौशल प्रदान किया जाएगा, ताकि उनकी क्षमताओं व रोजगार की योग्यताओं को बढ़ाया जा सके।

इस अभियान से डीजीटी के अंतर्गत संस्थानों में नामांकित विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। डीजीटी भारत में लगभग 15,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), और 33 नेशनल स्किल ट्रेनिंग संस्थानों (एनएसटीआई) के नेटवर्क द्वारा दीर्घकालिक संस्थागत कौशल प्रशिक्षण का क्रियान्वयन करने के लिए शीर्ष संस्थान है। इस गठबंधन के अंतर्गत, एडब्लूएस इंडिया लोगों को बिना किसी लागत के विकसित होती हुई टेक्नॉलॉजी में अपनी गति से सीखने के लिए ऑनलाईन लर्निंग कार्यक्रम उपलब्ध कराएगा। अध्ययन की यह सामग्री डीजीटी के भारत स्किल्स प्लेटफॉर्म पर पेश की जाएगी, जो क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम (सीटीएस) और क्राफ्ट्स इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीएस) के अंतर्गत आने वाले सभी पाठ्यक्रमों के अपडेटेड पाठ्यक्रम, सामग्री, डिजिटली ब्लेंडेड सामग्री, प्रश्न बैंकों और लर्निंग वीडियोज़ की केंद्रीय रिपॉज़िटरी है।

एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा, ''हम विद्यार्थियों को अत्यधिक मांग वाली, विकसित होती हुई टेक्नॉलॉजी में प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं, और उनके लिए नए अवसर उत्पन्न कर उनकी रोजगार की योग्यता बढ़ा रहे हैं। एडब्लूएस के साथ इस अभियान द्वारा हमें खुशी है कि आईटीआई और एनएसटीआई के विद्यार्थियों को क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनोटेशन, एआई और एमएल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इन-डिमांड कौशल और हैंड्स-ऑन अनुभव का लाभ मिल सकेगा। इन टेक्नॉलॉजीज़ में फैकल्टी को प्रशिक्षित करने के लिए एडब्लूएस का सहयोग बहुमूल्य होगा, और उन्हें अध्ययन के बेहतर परिणाम देने में समर्थ बनाएगा। एडब्लूएस इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के एजुकेशन, स्पेस, नॉन प्रॉफिट्स , चैनल्स एंड अलायंसेज के लीड सुनील पीपी ने कहा, ''क्लाउड कंप्यूटिंग, एआई, एमएल लगभग हर उद्योग में परिवर्तन ला रहे हैं, इसलिए इनोवेशन लाने और देश की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए इन टेक्नॉलॉजीज़ में कुशल कार्यबल का विकास करना महत्वपूर्ण है। लर्नर्स एवं एजुकेटर्स को उद्योग के लिए उपयोगी एडब्लूएस आधारित करिकुलम और लर्निंग के संसाधन प्रदान करके हम बड़े स्तर पर शिक्षा में निवेश कर रहे हैं, और भारत में भविष्य का डिजिटल कार्यबल विकसित कर रहे हैं।''

## एनएमडीसी ने जुलाई में किया 24.4 लाख टन लौह अयस्क का उत्पादन



**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली नवरत्न खनन कंपनी, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने जुलाई में 24.4 लाख टन का उत्पादन किया और 30.3 लाख टन लौह अयस्क बेचा। कंपनी ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में उत्पादन एवं बिक्री के ताजा आंकड़े जारी करते हुए कहा कि जुलाई में उत्पादन और बिक्री में इससे पिछले माह की तुलना में क्रमशः 19 प्रतिशत और 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई 2023 तक की अवधि में कंपनी ने 131.5 लाख टन लौह अयस्क के उत्पादन के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इसी दौरान कंपनी ने 141.8 लाख टन लौह अयस्क बेचा। इस दौरान उत्पादन और बिक्री में सालाना आधार पर क्रमशः 20 प्रतिशत और 33.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। कंपनी ने कहा है कि वह सालाना 10 करोड़ टन अयस्क के उत्पादन लक्ष्य की ओर बढ़ रही है । लगातार दूसरे वित्तीय वर्ष में उसका उत्पादन इस बार 4 करोड़ टन के पार जाने की संभावना है।

## कनाडा के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता जल्द



**टोरंटो,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और कनाडा के बीच जल्द ही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। दोनों देशों ने 2010 से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए कई दौर की बातचीत की है।केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बातचीत की प्रगति की समीक्षा के लिए इस साल मई में कनाडा का दौरा किया था जिसके बाद जल्द समझौता होने की उम्मीद बनी है।

यहां कनाडा-इंडिया फाउंडेशन (सीआईएफ) और इंडो-कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा बुधवार को उनके सम्मान में आयोजित स्वागत समारोह में बोलते हुए, कनाडा में भारत के नए महावाणिज्यदूत सिद्धार्थ नाथ ने कहा, हमारे वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कुछ महीने पहले कनाडा की काफी सफल यात्रा की थी। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत अंतिम चरण में है। उम्मीद है कि आने वाले महीनों में हम अच्छी खबर सुनेंगे।

दोनों देशों के बीच बहुत सारी रोमांचक चीज़ें हो रही हैं - व्यापार, भारतीय छात्र, लोगों से लोगों के बीच संपर्क, सांस्कृतिक आदान-प्रदान। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में योगदान के लिए भारत-कनाडाई समुदाय की भी सराहना की।

नए महावाणिज्य दूत का स्वागत करते हुए इंडो-कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मुरारीलाल थपलियाल ने कहा कि उनका संगठन देशों में नगरपालिका, प्रांतीय और संघीय स्तर पर नीति निर्माताओं को जोड़ने के लिए एक बड़ी संपर्क पहल शुरू कर रहा है। उन्होंने कहा, इंडो-कनाडा चैंबर भारत और कनाडा के बीच व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए शहर-दर-शहर समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करेगा। इस साल, ब्रैम्पटन मुंबई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगा। भारतीय महावाणिज्य दूत को पूर्ण समर्थन देते हुए कनाडा इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश ठक्कर ने कहा, कनाडा-भारत संबंधों को और भी नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सीआईएफ सदस्यता की सामूहिक ताकत का इस्तेमाल किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### आईओबी का मुनाफा 28 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 500 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 392 करोड़ रुपये की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद वित्तीय लेखाजोखा पेश करते हुये संवाददाताओं से कहा कि 30 जून को समाप्त इस तिमाही में बैंक की कुल आय 6227 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 5028 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान ब्याज आय 5424 करोड़ रुपये रही जो 2022-23 की पहली तिमाही में 4435 करोड़ रुपये रही थी। उन्होंने कहा कि इस तिमाही में बैंक का सकल एपीएन पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 9.12 प्रतिशत से घटकर 7.13 प्रतिशत पर आ गया और शुद्ध एनपीए भी 2.43 प्रतिशत से घटकर 1.44 प्रतिशत पर आ गया। हांलाकि बैंक द्वारा जोखिम में फंसे ऋण के लिए किये गये प्रावधान बढ़कर 809 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 133 करोड़ रुपये रहा था।


### वी 3 पोर्टल पर अप्रैल से जुलाई तक 19.63 लाख फॉर्म भरे गए

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में पहले चार महीने अप्रैल से जुलाई तक कंपनी मामलों के मंत्रालय के वी 3 पोर्टल पर 82628 कंपनियां और एलएलपी का गठन किया और इस दौरान 19.63 लाख फॉर्म भरे गये। मंत्रालय ने आज यहां बताया कि पहले चार महीने में जिनती कंपनियों का गठन किया गया है वे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में अधिक है। उसने कहा कि वी 3 पोर्टल पर मास्टर डेटा का बिटा लाइव है और भारतकोष पेमेंट्स को एसआरएन से जोड़ने की सुविधा भी लाइव है। एप्पलिकेशन हिस्ट्री में सीओआई एवं चलान डाउनलोड सुविधा भी उपलब्ध है। उसने कहा कि वी 3 के लिए रिफंड फॉर्म चार अगस्त को जारी होगा। वी 3 में वीपीडी के बिटा संस्करण को 16 अगस्त को जारी करने की तैयारी है। कई पहचान पत्र (आईडी) का एक करने या उसे निष्क्रिय करने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट (आईसीएआई) और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्री ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) को आवश्यक दस्तावेज भेजने के लिए अधिकृत किया गया है।

### फिच के अमेरिकी सरकार की क्रेडिट रेटिंग घटाने पर सोने की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी प्रमुख हरीश वी. का कहना है कि फिच द्वारा अमेरिकी सरकार की क्रेडिट रेटिंग घटाए जाने के बाद सोने की कीमतों में तेजी आई है। उन्होंने कहा, आमतौर पर आर्थिक अनिश्चितताओं और डॉलर की अस्थिरता का सोने की कीमत और मांग पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि इसे एक सुरक्षित-संपत्ति माना जाता है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की रेटिंग घटने से निवेशक अपना पैसा बुलियन जैसी अपेक्षाकृत सुरक्षित संपत्तियों में लगाने के लिए प्रेरित होते हैं।

## अमेरिका की साख रेटिंग घटने से शेयर बाजार में कोहराम




**मुंबई** 2 अगस्त (एजेंसियां)। फिच के अमेरिका की साख रेटिंग घटाने से वैश्विक बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 676.53 अंक अर्थात् 1.02 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह बाद 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65,782.78 अंक पर आ गया। इससे पहले यह इस वर्ष 13 जुलाई को 65,558.89 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 207 अंक यानी 1.05 प्रतिशत लुढ़क कर 19,526.55 अंक पर रहा।

बीएसई की दिग्गज कम्पनियों की तरह मझौली और छोटी कम्पनियों में भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिड कैप 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 29,926.19 अंक और स्मॉल कैप 1.18 प्रतिशत टूटकर 34,761.22 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3738 कम्पनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2353 में बिकवाली जबकि 1240 में लिवाली हुई वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 45 कम्पनियाँ लाल जबकि महज़ पांच हरे निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने %स्थिर% आउटलुक के साथ अमेरिकी साख रेटिंग को %एएए% से घटाकर %एए+% कर दिया है। इसके बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच चौतरफा बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजारों को नुकसान हुआ। इससे बीएसई के सभी 19 समूह लुढ़क गए। इस दौरान कमोडिटीज़ 1.22, सीडी 1.07, ऊर्जा 1.44, वित्तीय सेवाएं 1.33, इंडस्ट्रीयल 1.46, दूरसंचार 2.00, यूटिलटीज़ 2.32, ऑटो 1.52, बैंकिंग 1.35, कैपिटल गुड्स 1.83, धातु 2.45, तेल एवं गैस 1.47, पावर 2.31 और रियलटी समूह के शेयर 1.42 प्रतिशत लुढ़क गए। वैश्विक बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएस ई 1.32, जर्मनी का डैक्स 1.21, जापान का निक्केई 2.30, हांकांग का हैंगसेंग 2.47 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 0.89 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 395 अंक की भारी गिरावट लेकर 66,064.41 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 66,261.97 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद शुरू हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ दोपहर बाद 65,431.68 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,459.31 अंक के मुकाबले 1.02 प्रतिशत का गोता लगाकर 65,782.78 अंक पर रहा। इसी तरह निफ़्टी भी 78 अंक टूटकर 19,655.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,678.25 अंक के उच्चतम जबकि 19,423.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,733.55 अंक की तुलना में 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,526.55 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कम्पनियों में टाटा स्टील 3.45, टाटा मोटर्स 3.19, एनटीपीसी 2.69, एसबीआई 2.16, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 2.05, एलटी 1.68, भारती एयरटेल 1.55, ऐक्सिस बैंक 1.54, एचडीएफसी बैंक 1.25, रिलायंस 1.05, विप्रों 0.98, आईसीआईसीआई बैंक 0.75, मारुति 0.67, इंफ़ोसिस 0.62, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.50 और टीसीएस 0.30 प्रतिशत शामिल रही।

## अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिरे



**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गए वहीं दाल-दलहन में मिश्रित रुझान रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 31 रिंगिट चढ़कर 3805 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.18 सेंट की गिरावट लेकर 60.64 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव उतर गए। सूरजमुखी तेल 146 रुपये, सोया रिफाइंड 146 रुपये और पाम ऑयल 67 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये और मसूर दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि उड़द दाल 200 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती रही। वहीं, अरहर दाल और मूंग दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 5050-5150, दाल चना 6050-6150, मसूर काली 7250-7100, मूंग दाल 8750-8850, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10300-10400 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल = 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3850-3950, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 3750-3850 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## अमेजन की 4 से 8 अगस्त तक ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल की घोषणा




**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां) आज़ादी के पर्व का जश्न मनाने के लिए अमेजन इंडिया ने चार से आठ अगस्त तक 'ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल' की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साल यह शॉपिंग इवेंट 4 अगस्त की आधी रात से शुरू होकर 8 अगस्त, 2023 तक चलेगा। इस शॉपिंग फेस्टिवल में ग्राहकों के लिए बेहतर डील और ऑफर की पेशकश की जाएगी। प्राइम मैंबरों को इस शॉपिंग फेस्टिवल में 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे से पूरे 12 घंटे का प्राइम अर्ली एक्सेस मिलेगा। ग्राहक अपनी आजादी का जश्न मनाने के साथ ही यहां मौजूद लाखों प्रोडक्ट पर ढेरों शानदार ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं और विशाल कलेक्शन में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। यहां ग्राहक कारीगरों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, ब्रांडों और पड़ोस के स्टोरों सहित हमारे सेलर्स से स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, किराना, फैशन एंड ब्यूटी से जुड़े प्रोडक्ट, होम एंड किचन, लार्ज अप्लायंसेस, टीवी सहित विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान, ग्राहक शाओमी स्मार्ट टीवी, सैमसंग टीवी, टीसीएल, एलजी टीवी, हाइसेंस, पैम्पर्स, एरियल, व्हिस्पर, माइक्रोसॉफ्ट, लोरियल पेरिस, लैक्मे, ट्रेसेम, डव एवं पॉण्ड्स जैसे ब्रांडों पर ऑफर प्राप्त कर सकते हैं। ये सभी ऑफर प्राइम मैंबरों को 12 घंटे पहले उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

## सुरक्षित ठिकानों की ओर अपनी संपत्ति ले जा रहे हैं निवेशक



**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। टाटा म्यूचुअल फंड ने कहा कि फिच द्वारा अमेरिकी ऋण की रेटिंग कम किए जाने के प्रभाव के कारण निवेशक अपनी परिसंपत्तियों को सुरक्षित ठिकानों की ओर ले जा रहे हैं, जिससे डॉलर और सोना मजबूत हो सकता है। अमेरिकी पैदावार में बढ़ोतरी के कारण उभरते बाजार की परिसंपत्तियों पर भी इसका असर पड़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा मानना है कि फिच रेटिंग डाउनग्रेड से ऋण, मुद्रा और कमोडिटी बाजारों पर बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। जैसा कि अमेरिकी ऋण के लिए पिछली रेटिंग में गिरावट 2011 में एसएंडपी द्वारा की गई थी, जिसके बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी और बांड पैदावार में वृद्धि हुई थी। इस समय हमने वैश्विक स्तर पर इक्विटी बाजारों में जोखिम की भावना और बांड पैदावार, मुद्रा और कमोडिटी बाजारों पर न्यूनतम प्रभाव के कारण कुछ सुधार देखा है। इस हालिया रेटिंग डाउनग्रेड से अमेरिकी ट्रेजरी की पैदावार में वृद्धि और जोखिम परिसंपत्तियों में गिरावट हो सकती है।

फिच रेटिंग ने अपनी अमेरिकी ऋण रेटिंग को एएए से घटाकर एए+ कर दिया है। रेटिंग में गिरावट अगले तीन वर्षों में अपेक्षित राजकोषीय गिरावट, उच्च और बढ़ते सरकारी ऋण बोझ और शासन के क्षरण को दर्शाती है। ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने तुरंत डाउनग्रेड पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे मनमाना और पुराना बताया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी प्रमुख हरीश वी. का कहना है कि फिच द्वारा अमेरिकी सरकार की क्रेडिट रेटिंग घटाए जाने के बाद सोने की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई।

उन्होंने कहा, आमतौर पर, आर्थिक अनिश्चितताओं और डॉलर की अस्थिरता का सोने की कीमत और मांग पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि इसे एक सुरक्षित-संपत्ति माना जाता है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की रेटिंग घटने से निवेशक अपना पैसा बुलियन जैसी अपेक्षाकृत सुरक्षित संपत्तियों में लगाने के लिए प्रेरित होते हैं।


एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा कि फिच द्वारा अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग को डाउनग्रेड करने से सोने की कीमतों में सुरक्षित निवेश की मांग के कारण सकारात्मक तेजी देखी गई है, जो वैश्विक वित्तीय बाजारों की स्थिरता और सोने के कालातीत आकर्षण में शरण लेने वाले निवेशकों की बढ़ती चिंताओं को दर्शाता है। चीन-अमेरिका व्यापार युद्ध, महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और अब अमेरिकी ऋण संकट जैसे कई संकटों के बाद, अनिश्चितता के समय में धन आवंटित रखने के लिए सोना निवेशकों की शीर्ष सूची में होगा।

उन्होंने कहा कि मोटे तौर पर सोने को 58000 का समर्थन मिलने की संभावना है, भले ही डॉलर में तेजी के कारण हाजिर सोना कमजोर प्रदर्शन करता हो, लेकिन रुपये में गिरावट से घरेलू सोने की कीमतें निकट अवधि में 60000-62000 के स्तर पर सकारात्मक रहेंगी।

# खेल जगत

## इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स बने वरदान : ब्रैड हॉग

**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ब्रैड हॉग का मानना है कि इंग्लैंड के लिए निर्णायक मोड़ अंतिम तीन एशेज टेस्ट में तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को शामिल करने से आया, क्योंकि उनकी उपस्थिति का टीम के प्रदर्शन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली गई एशेज सीरीज का नतीजा 2-2 से बराबरी पर खत्म हुआ। एक समय था जब इंग्लिश टीम सीरीज में 0-2 से पीछे थी, लेकिन अंतिम तीन मैचों में इंग्लैंड ने शानदार वापसी की। इसमें सबसे बड़ा रोल क्रिस वोक्स का रहा। वोक्स को पांच टेस्ट मैचों में से केवल तीन में खेलने का मौका मिला। उन तीन मैचों में उनके प्रदर्शन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। श्रृंखला के अंतिम दिन वोक्स ने दोनों ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाजों को आउट करके इंग्लैंड की मैच में वापसी कराई।



# विंडीज को 200 रन से रौंदकर भारत ने सीरीज जीती



**तारोबा,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने शुभमन गिल (85) की अगुवाई में बल्लेबाज़ों के शानदार प्रदर्शन के बाद मुकेश कुमार (30/3) और शार्दुल ठाकुर (37/4) की घातक गेंदबाजी की बदौलत तीसरे वनडे में वेस्ट इंडीज को 200 रन से रौंदकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है।

भारत ने मंगलवार को खेले गये मुकाबले में विंडीज के सामने 352 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कैरिबियाई टीम 151 रन पर ऑलआउट हो गयी। गिल के अलावा ईशान किशन (77), संजू सैमसन (51) और हार्दिक पांड्या (70 नाबाद) ने भी भारत के लिये अर्द्धशतक जड़े। इसके बाद मुकेश ने पावरप्ले के अंदर वेस्ट इंडीज के तीन विकेट मात्र 17 रन पर गिराकर उसकी जीत की संभावनाएं क्षीण कर दीं। वेस्ट इंडीज के लिये गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 39 रन बनाये, हालांकि यह मेजबान टीम को जीत दिलाने के लिये नाकाफी था। शार्दुल ने भारत के लिये सर्वाधिक चार विकेट चटकाये। कुलदीप यादव ने दो विकेट लिये, जबकि जयदेव उनादकट को एक सफलता हासिल हुई। एक बार फिर रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेलने उतरी भारतीय टीम को वेस्ट इंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया। गिल और किशन की सलामी जोड़ी ने भारत को एक और अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिये 19.4 ओवर में 143 रन की साझेदारी हुई। किशन ने इस साझेदारी में आक्रामक भूमिका निभाते हुए 64 गेंद पर आठ चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 77 रन बनाये। वह यानिक कारिया को बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में स्टंप आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रुतुराज गायकवाड़ बड़ा स्कोर नहीं बना सके, लेकिन इसके बाद आने वाले बल्लेबाज़ों ने निराश नहीं किया। दूसरे वनडे में असफल रहे सैमसन ने गिल के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिये 69 रन जोड़े। सैमसन ने मात्र 41 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के लगाकर 51 रन बनाये, हालांकि वह अपना अर्द्धशतक पूरा करते ही पवेलियन लौट गये।

सैमसन ने अर्द्धशतक बनाकर अपने चयन को उचित साबित किया, हालांकि सूर्यकुमार 30 गेंद पर दो चौके और दो छक्के लगाकर 35 रन ही बना सके। गिल शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन गुडाकेश मोती ने अपनी लेग स्पिन से उन्हें लंबे समय तक छकाया और अंतत: 86 रन पर कैचआउट करवाया। गिल ने 92 गेंद की पारी में 11 चौके जड़े।

गिल और सूर्यकुमार के आउट होने के बाद पांड्या ने भारतीय पारी को ज़ोरदार अंत देने की ज़िम्मेदारी ली। पांड्या की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से भारत ने आखिरी पांच ओवरों में 56 रन जोड़े। कप्तान पांड्या ने खुद 52 गेंद पर चार चौकों और पांच छक्कों की बदौलत नाबाद 70 रन बनाकर अपनी पारी का अंत किया। वेस्ट इंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने 10 ओवर में 73 रन देकर दो विकेट लिये। अल्ज़ारी जोसेफ़ (10 ओवर, 77 रन), कारिया (आठ ओवर, 58 रन) और मोती (10 ओवर, 38 रन) को एक-एक विकेट हासिल हुआ। जेडेन सील्स आठ ओवर में 75 रन देकर विंडीज के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट इंडीज के सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग पहले ही ओवर में मुकेश का शिकार हो गये, जबकि काइल मेयर्स तीसरे ओवर में मुकेश की गेंद पर बोल्ड होने से पहले केवल चार रन बना सके। पिछले मैच में वेस्ट इंडीज को लक्ष्य तक पहुंचाने वाले कप्तान शाई होप का विकेट गिरने के साथ विंडीज का स्कोर 17/3 हो गया।

ताश के पत्तों की तरह ढहती वेस्ट इंडीज के लिये एलिक अथानाज़, अल्ज़ारी जोसेफ़ और गुडाकेश मोती ने महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। अथानाज़ ने 50 गेंद पर तीन चौकों की सहायता से 32 रन बनाये, जबकि जोसेफ़ ने 39 गेंद पर एक चौका और दो छक्के लगाकर 26 रन की पारी खेली। मोती 34 गेंद पर 39 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि शार्दुल ने जेडेन को बोल्ड कर वेस्ट इंडीज की पारी का अंत किया। भारत और वेस्ट इंडीज अब गुरुवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में आमने-सामने होंगे।

### मेरा लक्ष्य विश्व कप में अपनी जगह पक्की करना नहीं है : शार्दुल

**तारौबा।** तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद कहा कि वह केवल विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए नहीं खेल रहे हैं और उनका मकसद बस टीम को जीत दिलाना रहता है। शार्दुल ठाकुर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में शानदार गेंदबाजी की। सीरीज के निर्णायक मैच में मंगलवार को शार्दुल ने 37 रन देकर चार विकेट लिए। उनके प्रदर्शन ने वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और भारत ने अंतिम वनडे में 200 रन की बड़ी जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली। मैच के बाद शार्दुल ने कहा, मैं केवल विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए नहीं खेल रहा हूं। मैं उस तरह का खिलाड़ी नहीं हूं। अगर मुझे विश्व कप के लिए नहीं चुना जाता है, तो यह चयनकर्ताओं का फैसला है। मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर सकता। मेरा यह सोचना बहुत गलत है कि मुझे जगह पक्की करने के लिए खेलना चाहिए। मैं टीम के लिए परिस्थितियों के अनुसार प्रदर्शन करना चाहता हूं। चाहे कुछ भी हो, मैं हमेशा टीम को जीत दिलाने के लिए खेलूंगा और टीम को जीत दिलाने में प्रभाव डालूंगा।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व कप के सुपर 16 में



**वेलिंगटन,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को रोमांचक ग्रुप जी मैच में इटली को 3-2 से हराकर पहली बार फीफा महिला विश्व कप के सुपर-16 के लिए क्वालीफाई किया। यह टूर्नामेंट के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका की पहली जीत भी थी। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर अपनी टीम को यह ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए हिल्दाह मगैया (67वां मिनट) और थंबी गाटलाना (90+2) ने एक एक गोल किया। इटली की बेंडेटा ऑर्सी ने एक आत्मघाती गोल दागकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में योगदान दिया। इटली के दोनों गोल एरियाना कारुसो (11वां, 74वां मिनट) ने किए। कारुसो ने 11वें मिनट में पेनल्टी पर गोल जमाकर इटली को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने जल्द ही लगातार हमलों के जरिए वापसी की। मैच के 32वें मिनट में ऑर्सी के आत्मघाती गोल के बाद दक्षिण अफ्रीका ने हाफ टाइम में बराबरी के साथ प्रवेश किया।

दूसरे हाफ में इटली ने वापसी का प्रयास किया, लेकिन एक दर्शनीय बैकपास की सहायता से मगैया अफ्रीकी टीम को 2-1 से आगे कर दिया। कारुसो ने 74वें मिनट में गोल जमाकर इटली की कुछ उम्मीदें जगायीं लेकिन संयुक्त प्रयास की बेहतरीन मिसाल कायम करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम क्षणों में गाटलाना के गोल से जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका की कोच देसरी एलिस ने भावुक आंखों से कहा, वे योद्धाओं की तरह लड़ीं। वे उन नायिकाओं की तरह लड़ीं जो हम उन्हें मानते हैं। उन्होंने न सिर्फ विश्व कप में हमारी पहली जीत हासिल करके इतिहास रचा है, बल्कि सुपर 16 में पहुंचकर भी इतिहास रचा है जो बेहद आश्चर्यजनक है। नाइजीरिया (1999, 2019, 2023) और कैमरून (2015,2019) के बाद दक्षिण अफ्रीका फीफा महिला विश्व कप के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम बन गई है। दिन के अन्य ग्रुप जी मुकाबले में, स्वीडन ने अर्जेंटीना को 2-0 से हराकर ग्रुप की शीर्ष टीम के रूप में सुपर 16 में प्रवेश किया।

# मिथुन ने किया उलटफेर, सिंधु, प्रणय भी जीते



सिडनी, 2 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के गैर वरीयता प्राप्त शटलर मिथुन मंजूनाथ ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में बुधवार को बड़ा उलटफेर करते हुए सिंगापुर के चौथी सीड कीन यू लोह को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 50वें नंबर पर मौजूद मिथुन ने सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 21-19, 21-19 से मात दी। मिथुन अब अगले दौर में मलेशिया के ली ज़ी जिया का सामना करेंगे।

इस बीच, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने अपने टूर्नामेंट का मज़बूत आगाज़ किया, जबकि आकर्षि कश्यप ने भी अपने से बेहतर रैंकिंग वाली खिलाड़ी को मात दी। इस सीज़न में सात अलग-अलग आयोजनों में पहले दौर में हारने वाली सिंधु ने अपने शुरुआती महिला एकल मैच में हमवतन अश्मिता चालिहा को 36 मिनट में 21-18, 21-13 से हराया।

पुरुष एकल प्रतियोगिता में, श्रीकांत ने जापान के केंता निशिमोतो को 21-18, 21-17 से हराया। प्रणय ने हॉन्ग कॉन्ग के चियुक यू ली को 21-18, 16-21, 21-15 से मात दी। युवा भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने भी अपनी शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाते हुए मेज़बान देश के नेथन टैंग को 21-12, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

दूसरे दौर में प्रणय का मुकाबला चीनी ताइपे के यू जेन ची से होगा, जबकि राजावत और श्रीकांत क्रमशः ताइपे के त्जु वेई वांग और ली यांग सु से भिड़ेंगे।

आकर्षि ने मलेशिया की जिन वेई गोह को 21-15, 21-17 से हराया और दूसरे चरण में उनका सामना सिंधु से होगा।

इस बीच, लक्ष्य सेन ने चोट के कारण हमवतन किरण जॉर्ज के खिलाफ अपना पुरुष एकल मैच छोड़ दिया। सेन शुरुआती गेम में 0-5 से पीछे थे जब उन्होंने मैच छोड़ने का फैसला किया।

यह टूर्नामेंट डेनमार्क के कोपेनहेगन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आखिरी बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट है।

# मुझे भारतीय टीम के एशियन चैंपियंस ट्रॉफी व एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने का पूरा विश्वास : दिलीप टिर्की



- हमारी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में पूरी शिद्दत से खेलेगी
- नहीं क्वॉलिफाई किया तो कहीं भी खेलेंगे ओलंपिक क्वॉलिफायर

चेन्नै, 2 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन दिलीप टिर्की की यहां चेन्नै से बहुत सुखद यादें जुड़ी हैं। दिलीप टिर्की यहां 1995 में सैफ खेलों मे पाकिस्तान को फाइनल में हरा कर और फिर 2007 में दक्षिण कोरिया को फाइनल में हरा एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट टीमों का हिस्सा रहे। दिलीप यहां 1996 में भारत के यहां पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। दिलीप टिर्की ने विश्वास जताया कि भारतीय यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी तो जीतेगी ही अगले महीने हांगजू(चीन) में स्वर्ण पदक जीत कर सीधे अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीत कर 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वॉलिफाई करने में भी कामयाब रहेगी।

दिलीप टिर्की ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के शुरू होने की पूर्व संध्या पर कहा, मेरे लिए खास तौर पर अपने हॉकी करियर के दौरान यहां से खुशनुमा यादें जुड़ी हैं। मैं यहां 1995 में हॉकी में पहली बार सैफ खेलों के हॉकी टूर्नामेंट में खेला और तब हमारी भारतीय हॉकी टीम ने खिताब जीता। फिर 2007 में दक्षिण कोरिया को यहां एशिया कप के फाइनल में हराकर हमने खिताब जीता। हमारे लिए यहां शुरू हो रही एशियन चैंपियंस ट्रॉफी बेहद अहम है। हमारे लिए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी अगले महीने हांगजू (चीन) में शुरू हो रहे एशियाई खेलों की तैयारी के लिए बहुत बढिया अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट है। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी भारतीय टीम 16 बरस के बाद एशियन चैंपियंस ट्रॉफी को जरूर जीतेगी।जहां तक यह सवाल है कि क्या भारतीय टीम पूरी शिद्दत से खेलेगी तो मेरा जवाब है, बेशक। रही बात आगे एशियाई खेलों में चोट की आशंका से कुछ बच कर खेलने की तो मैं यही कहूंगा कि चोट तो कभी भी किसी भी खिलाड़ी को कभी भी लग सकती है। फिर भी एशियाई खेलों में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के बाद एक महीना है। बदकिस्मती से यदि किसी खिलाड़ी को चोट लगी भी तो भी खिलाड़ी के पास उससे उबरने का मौका रहेगा।'

दिलीप टिर्की कहते हैं, हमारी भारतीय हॉकी टीम का मकसद बेशक हांगजू में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत सीधे 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना है। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी भारतीय हॉकी टीम अगले महीने हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने में कामयाब रहेगी। मुझे इस बात की कोई आशंका ही नहीं है कि हमारी टीम हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतेगी। यदि बदकिस्मती से हम स्वर्ण पदक न जीत पाए और हमें ओलंपिक क्वॉलिफायर खेलने स्पेन या पाकिस्तान जाना पड़ा तो जाएंगे क्योंकि हमारे लिए ओलंपिक खेल बहुत अहम है। ड्रैग फ्लिक पर गेंद की 'खतरनाक' रफ्तार से गोलरक्षक व डिफेंडर को बचाने के लिए इसमें नियम के बदलाव का प्रयोक कम से कम यहां चैंपियंस ट्रॉफी में तो कतई नहीं करेंगे।'

वह कहते हैं, चेन्नै में डेढ़ दशक से भी ज्यादा के बाद एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में ओडिशा के बाहर पहला बड़ा टूर्नामेंट अच्छा है। ओडिशा में खासतौर पर बराबर हॉकी इसलिए आयोजित हुई क्योंकि ओडिशा सरकार ने देश में हॉकी के विकास के बराबर रुचि दिखाई। हमारी कोशिश देश में उन जगह भी हॉकी टूर्नामेंट आयोजित करने की है जो कभी हॉकी का गढ़ रहे हैं। तमिलनाडु सरकार के आभारी हैं उसने यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की।'

ठीक से परीक्षण के बाद ही लागू पेनल्टी कॉर्नर में बदलाव की सोचेंगे- तैयब एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा, हमने बीते कुछ बरसों में महसूस किया है कि पेनल्टी कॉर्नर लेने के मौजूदा नियम में जब ड्रैग फ्लिकर गेंद फ्लिक करता है तो गेंद इतनी तेज रफ्तार से गोलरक्षक और डिफेंडर की ओर जाती है कि काबू से बाहर हो जाती है। हम इस पर खिलाडियों की सुरक्षा के साथ खासतौर पर गोलरक्षक द्वारा पहने उपकरणों की बाबत सोच रहे हैं। यह फ़िलहाल प्रयोग के दौर में ही है। पहले हम इसका ठीक से परीक्षण कर लें । हम इस यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में तो लागू नहीं करेंगे। इसमें कोई चौंकाने वाली बात नहीं है।

### भारतीय के एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में मैचों का कार्यक्रम

3 अगस्त : भारत वि. चीन
4 अगस्त : भारत वि. जापान
5 अगस्त : विश्राम का दिन
6 अगस्त : भारत वि. मलयेशिया
7 अगस्त : भारत वि. दक्षिण कोरिया
8 अगस्त : विश्राम का दिन।
9 अगस्त : भारत वि. पाकिस्तान से
10 अगस्त : विश्राम का दिन
11 अगस्त : दोनों सेमीफाइनल व पांचवें-छठे स्थान के मैच
12 अगस्त : फाइनल रात साढ़े 8 बजे से।

तीसरे-चौथे स्थान का मैच : शाम छह बजे से

**भारत के सभी मैच रात साढ़े 8 बजे से**

#### बृहस्पतिवार के मैच

द. कोरिया वि. जापान : शाम 4 बजे से

मलयेशिया वि. पाकिस्तान : शाम सवा छह बजे से

भारत वि. चीन : रात साढ़े 8 बजे से

# भारत के पास रिकॉर्ड चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब जीत इतिहास रचने का मौका

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



- भारत खिताब का सबसे प्रबल दावेदार, पर किसी टीम को हल्के नहीं ले सकता
- भारत को खासतौर पर मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया से चौकस रहना होगा

चेन्नै, 2 अगस्त (देशबन्धु)। दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में यहां बृहस्पतिवार से शुरू हो रही पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, चेन्नै 2023 में मेजबान भारतीय हॉकी टीम के पास अपने ही प्रशंसकों के सामने रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीत कर इतिहास रचने का मौका है। भारत बेशक यहां खिताब का सबसे मजबूत दावेदार है फिर भी वह किसी भी टीम को हल्के में लेने की भूल नहीं कर सकता है। भारत अपने अभियान का आगाज चीन के खिलाफ बृहस्पतिवार को मैच से करेगा। भारत को खासतौर पर मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया से खासा चौकस रहना होगा। भारतीय टीम की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अग्नि परीक्षा होगी ही क्रेग फुल्टन का भी उसके चीफ कोच के रूप में बड़ा इम्तिहान होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की निगाहें अगले महीने हांगजू (चीन) में होने वाले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक सीधे 2024 में होने पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने पर लगी हैं। भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन के लिए राउंड रॉबिन लीग आधार पर खेली जाने वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी इसीलिए एशियाई खेलों से पहले अपने तरकश के सभी तीर और संयोजनों को आजमाने के लिए सबसे बड़ा मंच है। फुल्टन की कोशिश यहां शिरकत करने वाली टीमों के खिलाफ अपनी टीम को आंकने और उसी के मुताबिक एशियाई खेलों के लिए भी अपनी रणनीति बनाने पर रहेगी। नए चीफ कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में भारत अपने किले की मजबूत चौकसी के साथ शुरू से तेज हमलों की रणनीति से खिताब जीतने के संकल्प के साथ उतरेगा।

तीन बार के चैंपियन भारत और बूढ़ों की फौज के साथ उतरने वाली जवाबी हमलों पर यकीन करने वाली मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया और अपने किले की चौकसी कर पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने में यकीन करने वाली पिछली उपविजेता जापान एक बार फिर अपने पिछले संस्करण के प्रदर्शन को दोहराने के संकल्प से उतरेंगे। मेजबान भारत, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, जापान, चीन और पाकिस्तान सहित सभी छह टीमें यहां आपस में एक एक बार भिड़ेंगी और शीर्ष चार में रहने वाली टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। भारत पिछले संस्करण में जापान को राउंड रॉबिन लीग मैच में आधा दर्जन गोल से हराने के बाद सेमीफाइनल में 3-4 से हार फाइनल में पहुंचने से चूक गया था। चेन्नै में नए चीफ कोच क्रेग फुल्टन के इस दावे का भी आकलन हो जाएगा कि अब भारतीय टीम ने उस तरह खेलना शुरू जिस तरह वह खेलना चाहती है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी मे बतौर फुल्टन को यह मालूम हो जाएगा कि भारतीय टीम उनके द्वारा रणनीतिक बदलावों के मुताबिक खुद को कितना ढाल पाई है। भारत के लिए इस साल न्यूजीलैंड के हाथों विश्व कप के क्रॉसओवर में 3-0 की बढ़त को गंवाने के बाद निर्धारित समय में 3-3 की बराबरी और फिर शूटआउट में 4-5 से हार की कसक मिटाने और यहां यह साबित करने का मौका होगा वह अब बड़े मंच पर लडखड़ाता नहीं है। पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिकर के फ्लिक पर गेंद की रफ्तार को कम कर जोखिम कम करने के लिए नियम को संभावित बदलाव को यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में लागू नहीं करने की पुष्टि अंतराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) के अध्यक्ष तैयब इकराम और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने की।

चेन्नै पहुंचने से ठीक पहले भारतीय टीम उस नीदरलैंड की टीम स्पेन में स्पेन हॉकी संघ की शताब्दी के मौके पर आयोजित चार देशों के टूर्नामेंट में 2-1 से हरा तीसरा स्थान हासिल करने के बाद एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने उतरेगी जिसने मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया को भुवनेश्वर में विश्व कप क्वॉर्टर फाइनल में 5-1 से धोया और फिर ऑस्ट्रेलिया को हरा कांसा जीता था।

## सार संक्षेप

### इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के धीमे ओवररेट के लिए अंक कटे, जुर्माना लगा

**दुबई।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के हाल ही में समाप्त हुई पुरुष एशेज 2023 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए बुधवार को महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक काट दिए गए और उन पर जुर्माना लगाया गया। संशोधित नियमों के तहत, उन पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना और प्रत्येक ओवर कम के लिए एक डब्ल्यूटीसी अंक का जुर्माना लगाया गया। आईसीसी के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए हाल ही में समाप्त एशेज श्रृंखला से 10 डब्लूटीसी अंक काटे गए हैं, जबकि इंग्लैंड को पांच में से चार टेस्ट में पिछड़ने के कारण संयुक्त रूप से 19 अंक का नुकसान हुआ है। विशेष रूप से, डब्ल्यूटीसी में टीमें टेस्ट जीतने पर 12 अंक, ड्रॉ पर चार अंक और हार पर कोई अंक नहीं कमाती हैं। आमतौर पर, एक टीम को एक दिन में 90 ओवर फेंकने की ज़रूरत होती है। इंग्लैंड ने एजबेस्टन में पहले टेस्ट में दो, लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में नौ, ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में तीन और ओवल में आखिरी और अंतिम टेस्ट में पांच ओवर कम फेंके। टेस्ट में ओवर-रेट प्रतिबंधों में नवीनतम बदलावों की घोषणा 13 जुलाई को डरबन, दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में की गई थी, और इसे वर्तमान डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत से लागू किया गया था।

### मैडिसन ने झेंग को हराया, फ्रांसिस टियाफो ने भी पहले दौर में जीत दर्ज की

**वाशिंगटन (अमेरिका)।** नंबर 7 वरीयता प्राप्त अमेरिकी मैडिसन कीज ने एक दशक में पहली बार सिटी ओपन में जीत दर्ज की और शुरुआती मुकाबले में चीन की झेंग किनवेन को 7-5, 6-1 से हराया। मंगलवार रात को जीत के साथ कीज ने 20 वर्षीय झेंग की पांच मैचों की जीत का सिलसिला खत्म किया, जिन्होंने दो सप्ताह पहले पालेर्मो के क्ले कोर्ट पर अपने करियर का पहला डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीता था। अमेरिकी खिलाड़ी ने झेंग के सामने बने रहने के लिए पहले सेट में 4-4 पर तीन ब्रेक प्वाइंट बचाए। लेकिन कीज ने एक जबरदस्त बैकहैंड से विरोधी खिलाड़ी को गलती करने पर मजबूर किया और अपना पहला सेट पॉइंट 6-5 में बदल दिया। झेंग के मैच के 10 डबल फॉल्ट में से दो डबल फाल्ट के कारण दूसरे सेट में कीज को 2-0 की बढ़त मिल गई और सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने वहां से जीत हासिल की। कीज बुधवार रात को जेनिफर ब्रैडी के साथ दूसरे दौर के मुकाबले के लिए वापस आएंगी, जिन्होंने मंगलवार को लगभग दो वर्षों में अपनी पहली टूर-स्तरीय जीत हासिल की।